जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 18 जून, 2023


# जयपुर में कोठी वो भी 3000 की रेट से !

## 2000 Sq Ft वाली BIG कोठी सिर्फ 60 लाख में !

KEDIA
सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

FIXED PRICE

एम.आई. रोड़ से एक LEFT पर !

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

### बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट

| | | |
|---|---|---|
| 2 BHK WALK-UP अपार्टमेंट | 1350 SF | 45 लाख |
| 3 BHK WALK-UP अपार्टमेंट | 1900 SF | 50 लाख |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 SF | 60 लाख |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 SF | 70 लाख |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 SF | 1 करोड़ |



KEDIA

1800 120 2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

LOCATION QR CODE

ROUTE MAP

SITE TOUR 360 DEGREE

## विचार बिन्दु

**सबसे उत्तम विजय प्रेम की है। जो सदैव के लिए विजेताओं का हृदय बाँध लेती है। –सम्राट अशोक**

# सफलता का मूलमंत्र है युक्ति

युक्ति एक सार्वभौमिक सिद्धांत है। आचार्य चरक के अनुसार अनेक कारणों की समग्रता और एकीकरण से उत्पन्न भावों को जो बुद्धि देखती है, वह युक्ति है। युक्ति से वत्तर्मान, भूत और भविष्य, तीनों कालों का अनुमान होता है। युक्ति के द्वारा धन-संपत्ति, धर्म और कत्तर्व्यपालन और उपभोग और आनंद प्राप्त किया जाता है (च.सू.11.25): बुद्धिः पश्यति या भावान् बहुकारणयोगजान्। युक्तिस्त्रिकाला सा ज्ञेया त्रिवर्गः साध्यते यया।। ध्यान दीजिये, यहाँ आचार्य चरक ने युक्ति को परिभाषित तो किया ही है, साथ ही युक्ति की सार्वभौमिकता का दर्शन भी स्पष्ट किया है। युक्ति के द्वारा अर्थ, धर्म और काम की सिद्धि का सिद्धांत वस्तुतः जीवन में पुरुषार्थ साधने की रणनीति है। संक्षेप में कहें तो पूर्व में प्राप्त समग्र अनुभव और जानकारी के द्वारा अज्ञात को जान लेने वाली बुद्धि ही युक्ति है।

आचार्य चरक द्वारा युक्ति की परिभाषा को बहुत लोगों ने बहुत प्रकार से विश्लेषण किया है। अनेक प्रकार के संयोगों से उत्पन्न हुये अविज्ञात भावों या विषयों को, विज्ञात विषयों के कार्य व कारण भावों के प्रकाश में जो बुद्धि देखती है या ज्ञान कराती है, उसे युक्ति कहा जाता। इस युक्ति के द्वारा त्रिकाल (वर्तमान, भूत, भविष्य) का ज्ञान होता है तथा त्रिवर्ग (धर्म, अर्थ और काम) की सिद्धि होती है। एक अन्य रूप में देखें तो जो बुद्धि अनेक कारणों के संयोग से उत्पन्न अथवा ज्ञात जिन भावों को देखती है उस त्रिकाल-ज्ञानकारक बुद्धि को युक्ति कहते हैं। इसी के द्वारा अर्थ, धर्म व काम की उपलब्धि की जाती है।

अगर युक्ति को प्रमाण के रूप में देखा जाये तो यह वस्तुतः अनुमान प्रमाण में समाहित और अनुमान की सहायक मानी जाती है। यही कारण है कि आचार्य चरक द्वारा सूत्र स्थान में आप्तोपदेश, प्रत्यक्ष, अनुमान और युक्ति को पृथक-पृथक प्रमाण मानने के बाद भी आगे विमान स्थान में अनुमान को परिभाषित करते समय स्पष्ट किया है कि अनुमान वह तर्क है जो युक्ति की अपेक्षा रखता है (च.वि.4.6): अनुमानं खलु तर्क युक्त्यपेक्षः।। यही कारण है कि विमान स्थान में मूलतः तीन ही प्रमाण-आप्तोपदेश, प्रत्यक्ष, अनुमान-वर्णित किये गये हैं। अनुमान में ही युक्ति का अर्न्तभाव मान लिया जाता है।

युक्ति केवल कोरा दर्शन नहीं बल्कि एक ठोस प्रायोगिक साधन है। बहुत से विज्ञात या जाने-पहचाने अर्थों में कारण और प्रभाव को देखकर अविज्ञात या अपरिचित या अज्ञात अर्थों में कारण और प्रभाव को ज्ञात करना, समझना या प्रयोग करना युक्ति है। उदाहरण के लिये यदि आप यह पहले से जानते हैं कि जोते हुये खेत में अनुकूल ऋतु में बीज बोने और समय-समय पर खाद-पानी देने से अनाज का अच्छा उत्पादन होता है, तो आपके लिये यह विज्ञात अर्थ है। इस विज्ञात अर्थ से यह भी समझा जा सकता है कि वन-भूमि में वर्षा-जल एवं मृदा संरक्षण कर बीजारोपण या पौधारोपण करने तथा पौधों की सिंचाई और देखभाल करने पर वृक्ष तैयार होंगे। ऐसा समझना युक्ति है।

एक अन्य उदाहरण से युक्ति का ठोस प्रायोगिक महत्त्व और भी स्पष्ट हो जायेगा। आयुर्वेद के सामान्य-विशेष सिद्धान्त के अनुसार यह माना जाता है कि एक जैसे भावों (द्रव्य, गुण और कर्म) को समान प्रकार के भावों से मिलाने पर बढ़त होती है और विशेष या असमान भावों को मिलाने पर ह्रास या घटत होती है। यह विज्ञात अर्थ है। इस सिद्धान्त (यहाँ पर विज्ञात अर्थ) के अनुसार यदि युक्ति लगाकर देखें तो एक बात स्पष्ट होती है कि घर में गुस्सैल किशोर या किशोरी के गुस्से को ठंडा करने के लिये यदि माता-पिता गुस्से और चिड़चिड़ाहट से पेश आते हैं तो किशोरों का गुस्सा और ज्यादा भड़केगा। इसके विपरीत यदि गुस्सैल किशोर या किशोरी से माता-पिता स्नेहपूर्वक व्यवहार करें उनका गुस्सा भी शांत हो जाता है। यह युक्ति है।

आयुर्वेद में युक्ति का प्रमाण-आधारित चिकित्सा में भारी महत्त्व है। चरकसंहिता में स्पष्ट किया गया है कि मृत्यु की तिथि तय नहीं है, अपितु प्राणियों की आयु युक्ति की अपेक्षा रखती है (च.वि. 3.29): भूतानामायुर्युक्तिमपेक्षते। युक्ति से उम्र बढ़ सकती है। असल में युक्ति-व्यपाश्रय या प्रमाण-आधारित चिकित्सा आचार्य चरक द्वारा आयुर्वेदाचार्यों पर किये गये विश्वास की पराकाष्ठा है। विस्तृत संहिताओं के बाद भी आयुर्वेदाचार्यों पर इतना बड़ा विश्वास करने का कारण सिर्फ यह है कि चिकित्सा में सफलता युक्ति पर निर्भर है (च.सू. 2.16): सिद्धिर्युक्तौ प्रतिष्ठिता। जब सफलता युक्ति पर आश्रित हो तो केवल शास्त्रों और संहिताओं के निर्देश मात्र नहीं बल्कि आयुर्वेदाचार्यों का अनुभवजन्य ज्ञान भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

**युक्ति कोरा दर्शन नहीं बल्कि एक ठोस प्रायोगिक साधन है जिसके माध्यम से आप स्वयं के लिये उन सात दीवारों-आहार, विहार, सद्वृत्त, स्वस्थवृत्त, पंचकर्म, रसायन, औषधि- को सम्हाल सकते हैं जो हमारे जीवन और मृत्यु के बीच या स्वास्थ्य और रुग्णता के बीच अस्तित्व में हैं। संक्षेप में कहें तो पूर्व में प्राप्त समग्र अनुभव और जानकारी के द्वारा अज्ञात को जान लेने वाली बुद्धि ही युक्ति है।**

युक्ति-व्यपाश्रय का आयुर्वेद में महर्षि चरक द्वारा किया गया उपयोग आयुर्वेद को पूर्णतः प्रमाण-आधारित चिकित्सा पद्धति बना देता है। उदाहरण के लिये (च.सू., 11.54): युक्तिव्यपाश्रयं-पुनराहारौषधद्रव्याणांयोजना, अर्थात आहार तथा औषधि द्रव्यों की योजना को युक्ति-व्यपाश्रय कहा जाता है। यह योजना उन्ही तर्क और विधियों पर निर्भर होती है जिनकी चर्चा ऊपर की गयी है। यह पूर्ण रूप से कारण और प्रभाव (कॉज एंड इफ़ेक्ट) के अद्भुत सैद्धांतिक पृष्ठभूमि पर केन्द्रित है (च.सू.11.32): कर्तृकरणसंयोगात् क्रिया कृतस्य कर्मणः फलं नाकृतस्य नाङ्कुरोत्पत्तिरबीजात् कर्मसदृशं फलं नान्यस्माद्बीजादन्यस्योत्पत्तिः इति युक्तिः। तात्पर्य यह है कर्ता व साधन के जोड़ से क्रिया होती है, किये गये कार्य का फल मिलता है न कि नहीं किये गये कार्य का, बीज के बिना अंकुर नहीं उत्पन्न होता, जैसा काम वैसा फल, एक जाति के बीज से अन्य की उत्पत्ति नहीं होती, यही युक्ति है। आयुर्वेदिक औषधियों के संबंध में भी युक्ति की बड़ी भूमिका है (च.सू.2.16): मात्राकालाश्रया युक्तिः सिद्धिर्युक्तौ प्रतिष्ठिता।तिष्ठत्युपरि युक्तिज्ञो द्रव्यज्ञानवतां सदा।। औषधीय द्रव्यों की युक्ति (योजना, योग-निर्माण, योगीकरण या फार्म्युलेशन) मात्रा और काल पर निर्भर है, सफलता युक्ति पर निर्भर है, इसीलिये युक्तिज्ञ सदैव द्रव्य-ज्ञानियों से ऊपर है।

ध्यान से देखा जाये तो युक्ति एक सार्वभौमिक सिद्धान्त है, जिसमें यह संदेश निहित है कि युक्ति से धन, सम्पदा, धर्म तथा आनन्द सब प्राप्तकिया जा सकता है। आधुनिक प्रबन्ध-विज्ञान की दृष्टि से देखें तो किसी भी कार्य में सफलता युक्ति पर आश्रित है। युक्ति के बिना सामजिक, आर्थिक या पारस्थितिकीय तंत्रों को नहीं साधा जा सकता।

आधुनिक प्रबन्ध-विज्ञान में युक्ति उपलब्ध ज्ञान, शोध एवं अनुभवजन्य ज्ञान के प्रकाश में किसी नवीन कार्य के सम्पादन के लिये जो साधन या विधि प्रयोग में लायी जाती है, वह युक्ति है। प्रबंधकों के अपने पूर्व केअनुभवों की समग्रता के आधार पर जब उनकी बुद्धि वर्तमान परिस्थितियों और समस्याओं को समझती है या देखती है और उनका हल सुझाती है तो उसे युक्ति कहा जाता है। असल में प्राचीन काल से लेकर आज तक युक्ति के बिना मानव का काम नहीं चल सका। सफलता युक्ति पर आश्रित है(च.सू.2.16): सिद्धिर्युक्तौ प्रतिष्ठिता। यही कारण है कि आयुर्वेद के अलावा भी अनेक ग्रंथों में युक्ति के महत्वपूर्ण वर्णन उपलब्ध हैं। उदाहरण के लिये बुद्धचरित में अश्वघोष का कथन है कि समुचित युक्ति से करने पर सब कुछ किया जा सकता है (बुद्धचरित, 13.60): न्यायेन युक्तं च कृतं च सर्वम्। दरअसल युक्ति पर पूरा युक्तिशास्त्र है जिसे उपयुक्तता और औचित्य का विज्ञान भी कहा जाता है।


युक्ति को जुगाड़ समझाने की भूल नहीं करना चाहिये। युक्ति और जुगाड़ में कई अंतर हैं, पर मुख्य फ़र्क तर्क और तुक्का का है। युक्ति स्वयं प्रमाण होते हुये प्रमाण-आधारित चिकित्सा का मूल आधार है। जुगाड़ ट्रायल-एंड-एरर हैः काम कर भी जाये तो भी घुणाक्षर न्याय ही कहलायेगा। घुनों के चलने से लकड़ी में अक्षरों जैसे आकार बन जाते हैं, हालाँकि घुन लिखने के उद्देश्य से नहीं काटते कि अक्षर बनें। इसी प्रकार जहाँ एक काम करने में कोई दूसरी बात अनायस हो जाय वहाँ घुणाक्षर न्याय हो जाता है। इस न्याय या उक्ति का प्रयोग ऐसे स्थलों पर करते हैं जहाँ किसी के द्वारा ऐसा आकास्मिक कार्य हो जाता है जो स्पष्ट, उद्देश्य, ज्ञान, तर्क, या युक्ति का प्रयोग किये बिना ही अनायास हो गया हो। कहने का तात्पर्य यह है कि जब तक विधि दोषपूर्ण या तर्कविहीन होती है, तब तक परिणाम केवल संयोग ही कहलाता है।

आधुनिक वैज्ञानिक सन्दर्भ में ज्ञान के उत्पादन के चार तरीके हैं: थ्योरी, ऑब्जरवेशन, एक्सपेरिमेंट औरमॉडलिंग। यहाँ युक्ति को मॉडलिंग के समकक्ष मन जाता है क्योंकि पूर्व में उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर मैथमेटिकल-मॉडलिंग के द्वारा भविष्य की स्थिति का ज्ञान किया जाता है। आयुर्वेद के प्रमुख ठांथों और संहिताओं का विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि औषधियों व चिकित्सा को प्रमाण-आधारित बनाने के लिये चार प्रमुख विधियाँ प्रयुक्त होती रही हैं। इनमें प्रत्यक्ष प्रमाण या डायरेक्ट ऑब्जर्वेशन, अनुमान या इनफरेंशियल एवीडेन्स, आप्तोपदेश या विद्वानों द्वारा पूर्व में दी गयी जानकारी, और अंततः युक्ति प्रमाण या रेशनल एक्सपेरिमेंटल एवीडेन्स हैं। प्रमाण-आधारित आयुर्वेद न केवल इन चार महत्वपूर्ण अवधारणाओं पर टिका है, बल्कि उक्त चारों विधियाँ शोध-आधारित प्रमाण, स्थानीय-ज्ञान पर आधारित प्रमाण, अनुभवजन्य-ज्ञान पर आधारित प्रमाण, आयुर्वेद की संहिताओं पर आधारित प्रमाण, सामाजिक स्वीकार्यता पर आधारित प्रमाण तथा आधुनिक शोध में प्रचलित थ्योरी, ऑब्जर्वेशन, एक्सपेरिमेंट एवं मॉडलिंग से बहुत भिन्न नहीं हैं।

इस चर्चा का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है? सबसे पहली बात तो यह है कि युक्ति वस्तुतः ज्ञात यथार्थ के माध्यम से अज्ञात यथार्थ को जानने का विज्ञान है। इसलिये युक्तिपूर्वक कार्य करने से जीवन में कुछ प्राप्त करने के लिये युक्ति का प्रयोग ही श्रेयस्कर है। दूसरी बात यह है कि आप उन आयुर्वेदाचार्यों को उत्तम मानकर उनसे चिकित्सा ले सकते हैं जो पूर्णतः युक्ति-व्यपाश्रयी या प्रमाण-आधारित चिकित्सा करते हैं। और तीसरी बात यह है कि युक्ति कोरा दर्शन नहीं बल्कि एक ठोस प्रायोगिक साधन है जिसके माध्यम से आप स्वयं के लिये उन सात दीवारों-आहार, विहार, सद्वृत्त, स्वस्थवृत्त, पंचकर्म, रसायन, औषधि-को सम्हाल सकते हैं जो हमारे जीवन और मृत्यु के बीच या स्वास्थ्य और रुग्णता के बीच अस्तित्व में हैं। जहाँ तक प्रतिदिन के जीवन का प्रश्न है उसमें सभी प्रकार के कार्यों के संपादन में सफलता प्राप्त करने का मूलमंत्र युक्तिपूर्वक लगे रहना है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# फादर्स डे ( पितृ सम्मान दिवस )



डॉ. जे.के. गर्ग

सच्चाई तो यही है कि हम अपने पापा की छत्र छाया में रह कर कब बडे और युवा हो जाते हैं यह हमको मालूम ही नही हो पाता है । निःसंदेह पापा पिता अब्बू डेडी ही दिन-रात अपने बच्चे के लिए जीते-मरते रहते हैं, उनकी हर इच्छा को पूरा करने वाले के लिये हर सम्भव कोशिश भी करते हैं । पिता के जीवन का एक मात्र काम होता है अपने बेटी-बेटों को जीवन की सारी खुशियाँ देना और उन्हें एक कामयाब एवं योग्य मनुष्य बनाना, वें अपने बच्चों की ख़ुशियों के खातिर खुद की सारी खुशियों को छोड़ देते हें, खुद अभाव और तकलीफ में रह कर अपने बच्चों को सुख-सुविधाओं के समस्त साधन उपलब्ध करवातें हैं। बच्चों के लालन-पालन, परवरिश, शिक्षा आदि में मां के योगदान के साथ-साथ पिता का योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता है । वास्तिवकता तो यही है कि पिता ही बालक के लिये एक सच्चा दोस्त, पथ प्रदर्शक, गाइड, रोलमोडल एवं गुरु भी होता है। हर पिता अपने बेटे-बेटियों को जीवन में आने वाली बाधाओं का सामना करने के काबिल बनाता है और उनकी शिक्षा के लिये भरपूर प्रयास करता है । पिता ही अपने बच्चों को अच्छे-बुरे का भेद समझाता है। किसी ने सही ही कहा है कि 'पिता भगवान् के दुवारा भेजे गये धरती पर देव दूत ही होते हैं'। हमारे वेद, पुराण, दर्शनशास्त्र, स्मृतियां, महाकाव्य, उपनिषद आदि सब माता-पिता की अपार महिमा के गुणगान से भरे पड़े हैं।

असंख्य ऋषियों, मुनियों, तपस्वियों, पंडितों, महात्माओं, विद्वानों, दर्शन शास्त्रियों, साहित्यकारों और कलाकारों ने भी माता-पिता के प्रति पैदा होने वाली अनुभूतियों को कलमबद्ध करने का भरसक प्रयास किया है। सच्चाई तो यही है कि 'त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव। त्वमेव विद्या च द्रविणम त्वमेव, त्वमेव सर्वमम देव देवः।'

हमारी संस्क्रति में तीन प्रकार के ऋण यानि-राष्ट्रऋण, पित्रऋण और गुरु ऋण का उल्लेख किया जाता है एवं हर इन्सान से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने सुकृत्यों से इन तीनों ऋण से ऊऋण होने का भरपूर प्रयास करें। सच्चाई तो यही है कि बच्चें अपने पिताजी के कर्ज से अपने आपको कभी भी मुक्त नहीं कर सकते हैं। हम सभी को पित्रऋण को चुकाने के लिये हर मुमकिन कोशिश करनी चाहिए तथा अपने पिताजी की सुख-सुविधाओं का ध्यान रख उनकी देख भाल करनी चाहिए।

फादर्स डे या पितृ सम्मान दिवस मात्र पिताजी का ही नहीं वरन दादाजी, नानाजी पड दादी-दादाजी, पड नानी-नाजी एवं समस्त पितृ तुल्य स्वजनों, मित्रों एवम् समस्त परिचितों के प्रति सम्मान-आदर व्यक्त करने का दिवस है। दुनियांभर में फादर्स डे पर सभी वर्गों के स्त्री-पुरुषयानि युवक-युवतियां, बेटे-बेटियां, प्रोढ़ स्त्री-पुरुष अपने बुजुर्ग पिता और समस्त पितृ तुल्यों के प्रति उनकी सेवाओं, योगदान, मार्गदर्शन को याद कर अपना आभार और क्रतज्ञता व्यक्त करते हैं।

फादर्स डे पर स्वजन अपने पिताजी एवम् पितृ तुल्य व्यक्तियों को बाहर सैर सपाटे के लिये ले जाते हैं तथा उनके साथ समय बिता कर उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि आप अकेले नहीं हैं हम सभी बच्चें आपके साथ है तथा आपकी सेवा सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। फादर्स डे पर बच्चें, चाहे वे कहीं भी हो उन्हें उपहार भेज कर इस बात की शपथ लेते हैं कि वे सभी उनके प्रति अपने सभी कर्तव्यों को जीवन पर्यन्त पुरी निष्ठा के साथ पूरा करेगें । मुझे कई बार अमेरिका जाने का अवसर मिला है वहां पर भारतीय समुदाय फादर्स डे पर विशाल स्तर पर पिकनिक का आयोजन करता हैं एवं इस पिकनिक में सभी पुरुष वर्ग के बुजुर्गों को सम्मानित कर उनके योगदान को याद कर उनके प्रति अपना आभार प्रकट करते हें, इस अवसर पिता एवम् पितृतुल्य व्यक्तियों के चेहरों पर आई मुस्कान जहाँ उन्हें आत्मसंतोष तो देती है वहीं उनको युवाओं के समान स्फूर्ति भी प्रदान करती हैं। मुझे कई बार अमेरिका जाने का अवसर मिला है वहां पर भारतीय समुदाय फादर्स डे पर विशाल स्तर पर पिकनिक का आयोजन करता हैं एवं इस पिकनिक में सभी पुरुष वर्ग के बुजुर्गों को सम्मानित कर उनके योगदान को याद कर उनके प्रति अपना आभार प्रकट करते हें, इस अवसर पिता एवम् पितृतुल्य व्यक्तियों के चेहरों पर आई मुस्कान जहाँ उन्हें आत्मसंतोष तो देती है वहीं उनको युवाओं के समान स्फूर्ति भी प्रदान करती हैं।

फादर्स डे मनाने के बारे में मार्मिक कहानी है। 1909 में व्याय.एम.सी.ए स्पोकेन- वाशिंगटन की निवासी सोनोरा स्मार्ट दोद्द ने मदर्स डे के बारे में सुना था। सोनोरा स्मार्ट दोद्द अपने पिताजी का हृदय से सम्मान करती थी, क्योंकि उसके पिताजी ने अकेले ही उसके 6 भाई बहिनों का लालन पालन किया था। अपने पिताजी के प्रति आदर सम्मान को व्यक्त करने हेतु सोनोरा स्मार्ट दोद्द भी मदर्स डे के समान फादर्स डे मनाना चाहती थी इसीलिये उसने अपने मन की बात अपने मित्रों एवं स्वजनों के सामने प्रकट करते हुए मदर्स डे के समान ही फादर्स डे को मनाने का विचार प्रस्तुत किया। इस सम्बंध में सोनोरा स्मार्ट दोद्द ने अपने शहर के स्थानीय पादरी से मदर्स डे के समान फादर्स डे को आयोजित करवाने की प्राथना की जिसे कुछ समय बाद पादरी महोदय ने स्वीकार कर लिया । पादरी महोदय के सरमन की अनुपालना में 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे बनाया गया। इसी परम्परा के अनुसार प्रति वर्ष जून महिने के तीसरे रविवार को अमेरिका एवम् कई अन्य देशों में फादर्स डे बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है । पिछले कई सालों से विदेशो के साथ-साथ भारत में भी खासकर युवा वर्ग फादर्स डे को धूमधाम से मनाने लगा है । किसी ने सही कहा है पापा सबसे स्पेशल हैं क्यों कि जब कभी हमें तकलीफ होती है तो वो हमारा हाथ पकड़ कर हमें सहारा देते हैं एवं हिम्मत देते हैं,जब कभी हम जानें-अनजाने में नियमों का उल्ल्घन करते हैं तो वे हमें ड़ाटते-फटकारते हैं,जब कभी हमें सफलता मिलती है उस क्षण गर्व से उनका सीना 56 इंच चोडा हो जाता है एवं उनका चेहरा चमक उठता है । किसी ने पूछा वो कोन सी जगह है जहाँ हर गलती, हर जुर्म और हर गुनाह माफ़ हो जाता है? नन्हा बच्चा मुस्कुराया और बोला मेरे पापा का दिल।

हमारी भारतीय संस्कृति के अंदर हम को प्रत्येक अच्छी चीज या आदत अथवा गुण को स्वीकार करने को कहा गया जो समय कुल हो और उन पुरानी प्रथाओं को त्यागने की सलाह दी जाती जो सर्व हित में नहीं हो । अतः फादर्स डे या पितृ सम्मान दिवस को जो चाहे पश्चिमी देशों से आया हो को अपनाने और समस्त वर्द्ध अशक्त पिता, दादा, नाना-नानी और आसपास के वृद्धजनों का सम्मान करने एवं उनकी देखभाल करने और उनकी जिंदगी को खुशहाल बनाने की परम्परा को अपनाना ही चाहिये।

आईये आज फादर्स डे पर हम सभी संकल्प लें कि "हम अपने आप को पिता के प्रेम के योग्य बनायगें समस्त पिताओं, आत्मीय स्वजनों के चरणों में शत शत प्रणाम और नमन।"


**–डॉ. जे.के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कालेज शिक्षा जयपुर**

# पानी की मांग को लेकर किसानों का धरना 16वें दिन भी जारी

**नगर,** (निसं)। रुपारेल नदी के सम्पूर्ण क्षेत्र को ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट में शामिल करने की मांग को लेकर बुर्जा मन्दिर सुन्दरावली पर चल रहा किसानों का धरना 16वें दिन भी जारी रहा।

- **'जब तक किसानों की मांगें नहीं मानी जाती तब तक संघर्ष जारी रहेगा'**

धरने की अध्यक्षता परशुराम गुर्जर सरपंच चिरावल माली ने की। नेतृत्वकर्ता जिला पार्षद मोहना गुर्जर ने कहा कि पानी की मांग को लेकर आन्दोलन को और तेज किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों की मांगें नहीं मानी जाती तब तक संघर्ष जारी रहेगा। किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि दोनों सरकारों को किसानों की मांगों का समाधान करना चाहिये। किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि बगैर पानी के जीवन नहीं हैं खेती भी बर्बाद हो रही हैं। सरकार को समुद्र में बेकार बहकर जाने बाले पानी को ईआरसीपी के माध्यम सूखी पडी बाणगंगा नदी और गम्भीर तथा रुपारेल में लाना चाहिये। धरने में रुप सिंह नेताजी, हन्डू पटेल, मोरध्वज नम्बरदार, मान सिंह गुर्जर, बाबूलाल शर्मा रसिया, जीतू सरपंच, महाराज सिंह गुर्जर सहित बडी संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया।



**पानी की मांग को लेकर दिये जा रहे धरने में कई किसान शामिल हुये।**

## बिजली के बिलों में विभिन्न शुल्कों से लोग परेशान

**चाकसू,** (निसं)। चुनाव से पूर्व सरकार को रिपीट करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की रियायत, छूट के नाम पर आए दिन घोषणाओं का दौर चल रहा है। आमजन अपने को ठगा सा महसूस करते हैं जब उनका सामना सरकारी विभागों एवं कर्मचारियों से होता है।

- **बिजली के बिल उपभोक्ताओं को राहत के नाम पर कर रहे आहत**

राज्य सरकार ने बिजली के बिलों में 100 से 200 यूनिट तक बिजली की छूट दिए जाने की घोषणा की है। लेकिन उपभोक्ताओं को जो बिल मिल रहे हैं उनमें उपभोग की गई बिजली की कीमत के अतिरिक्त स्थाई शुल्क, विद्युत शुल्क, फ्यूल सरचार्ज, नगरीय उपकर के नाम से मनमानी रकम वसूली की जा रही है जो उपभोक्ताओं के साथ सरासर अन्याय एवं धोखाधड़ी प्रतीत हो रही है।

उपभोक्ता को प्राप्त एक बिल में 440 यूनिट उपभोग करने पर स्थाई शुल्क 460 रुपए, फ्यूल सरचार्ज 448 रुपए, विद्युत कर 176 रुपए, नगरीय उपकर 66 रुपए आदि वसूल किए जा रहे हैं। इसी प्रकार एक अन्य बिजली के बिल में कुल उपभोग युनिट 36 ही है लेकिन विद्युत शुल्क 14.40 रुपए, स्थाई शुल्क 345 रुपए एवं फ्यूल सरचार्ज के नाम पर 740.66 रुपए वसूले जा रहे हैं।

समाजसेवी ठेकेदार राधेश्याम शर्मा, सुरज्ञान सिंह बड़ोदिया, रामजीलाल शर्मा, पार्षद दिनेश शर्मा आदि उपभोक्ताओं का कहना कि सरकार उपभोग की जा रही यूनिट का ही पैसा वसूल कर आम जनता को राहत क्यों नहीं दे रही। एक तरफ छूट की घोषणा तो दूसरी और विभिन्न शुल्क के नाम पर लूट की जा रही है। सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

## कैलामाता के श्रद्धालुओं से यातायात पुलिस ने मारपीट की

**करौली,** (निसं.)। करौली कैलादेवी सड़क मार्ग पर स्थित नदी बरखेड़ा पुल सिद्धार्थ सिटी के पास यातायात पुलिस के द्वारा कैलादेवी के श्रद्धालुओं के साथ की गई मारपीट के मामले का श्रद्धालुओं ने कोतवाली थाने पर मामला दर्ज कराया है। यातायात पुलिस बरखेड़ा सिद्धार्थ सिटी के पास वाहन चेकिंग मे लगी थी जहां कैलादेवी आने जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इधर मध्य प्रदेश के ग्वालियर के श्रद्धालु मां कैलादेवी के दर्शनों को जा रहे थे जिनके वाहन के कागजातों की चेकिंग करते समय यात्री और पुलिस के बीच मारपीट का मामला प्रकाश मे आया। मध्य प्रदेश के यात्रियों ने यातायात पुलिस पर चौथवसूली के लिए वाहन चेकिंग के दौरान मारपीट करने का आरोप लगाया। मारपीट के बाद आक्रोशित श्रद्धालुओं ने करौली कैलादेवी-गंगापुर सड़क मार्ग पर ही जाम लगा दिया जिससे वाहनों की दोनों और लंबी कतार लग गई। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं अन्य वाहन चालकों ने भी यातायात पुलिस पर चौथ वसूली के लिए परेशान करने का आरोप लगाए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी डॉ. उदयभान, मामचारी थाना प्रभारी ओमेंद्र सिंह मय पुलिस जाब्ता के मौके पर पहुंच गए जिन्होंने समझाईश कर रास्ता खुलवाया और वाहनो का आवागमन शुरू किया। उसके बाद मध्य प्रदेश ग्वालियर निवासी नीरज पाराशर ने कोतवाली पर यातायात पुलिस के खिलाफ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया।

- **श्रद्धालुओं ने कोतवाली थाने पर मामला दर्ज कराया**
- **आक्रोशित श्रद्धालुओं ने करौली कैलादेवी-गंगापुर सड़क मार्ग पर ही जाम लगा दिया**

इस मामले में पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है और यात्री ने रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। इस सब मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

इसके अलावा उन्होंने यातायात पुलिस प्रभारी को निर्देश भी दिए हैं की हाईवे पर वाहन चेकिंग का फिक्स फोंट नहीं बनाएं और शहर के जो पॉइंट है उन पर यातायात पुलिसकर्मी तैनात रहे जिससे शहर की यातायात व्यवस्था गड़बड़ाए नहीं।

## राशिफल रविवार 18 जून, 2023



पंडित अनिल शर्मा


आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, रविवार, विक्रम संवत 2080, मृगशिरा नक्षत्र सांय 6:06 तक, गंड योग रात्रि 12:59 तक, नाग करण प्रातः 10:07 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-कर्क, बुध-वृष, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।


आज देवकार्या अमावस्या, आषाढ़ी अमावस्या है और फादर्स डे है।


**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:10 से 9:02 तक, लाभ-अमृत 9:02 से 12:23 तक, शुभ 2:00 से 3:53 तक।


**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:18


### मेष

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।


### वृष

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।


### मिथुन

घर-परिवार के कार्यों के कारण बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार में सुख-सुविधाओं पर धन खर्च हो सकता है। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।


### कर्क

व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।


### सिंह

आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आवश्यक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है।


### कन्या

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। आवश्यक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा।


### तुला

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

### वृश्चिक

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### धनु

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मकर

स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### कुंभ

अपने आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज प्रयासों में उचित सफलता मिल सकती है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

### मीन

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 316 प्रभात जयपुर, रविवार 18 जून , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT




The Dreamers

Nihal Mathur uses his unique stamp presentation to tell the Story of Flight by arranging the stamps in historically sequential order to tell the

Philatelic Annals of Aviation

Leonardo da Vinci's drawings of his flying contraptions were the first tangible examples of human



*अफ्रीका के तीसरे सबसे बड़े, ज़ैम्बिया के काफ़ूए नैशनल पार्क (के.एन.पी.) में 50 साल के अंधाधुंध अवैध शिकार के बाद शेरों व तेंदुओं की आबादी बढ़ रही है। ग्लोबल वाइल्ड कैट कंज़र्वेशन ऑर्गनाइजेशन ''पैंथेरा'' के वैज्ञानिकों ने पाया कि, सदर्न के.एन.पी. में तेंदुए की आबादी दस गुना बढ़ी है। पहले वहां प्रति 100 वर्ग किलोमीटर 1.5 तेंदुए थे जो वर्ष 2022 में बढ़कर 4.4 हो गए हैं। पैंथेरा ने एक जून को एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि, नॉर्दन काफ़ूए में तेंदुए की आबादी स्थिर है और मध्य भाग में दो गुनी से अधिक हो गई है। इसी प्रकार शेरों की आबादी भी नॉर्दन काफ़ूए में स्थिर है और सदर्न काफ़ूए में बढ़ी है तथा सैंट्रल काफ़ूए में दोगुनी हो गई है। पैंथेरा ने इसके लिए कई कारक बताए। पहला तो यह कि, चार साल में यहां शिकार को रोकने के लिए कई अभियान चलाए गए। ज़ैम्बिया के नैशनल पार्क्स एण्ड वाइल्डलाइफ विभाग ने पैंथेरा, नॉर्थ कैरोलाइना ज़ू और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर यह कवायद की है। इस कार्य में ''स्मार्ट'' (स्पेशल मॉनिटरिंग एण्ड रिपोर्टिंग टूल) जैसी आधुनिक तकनीकों व अर्थ रेंजर्स की भी मदद ली गई। आधुनिक तकनीक की मदद से रेंजर्स के.एन.पी. के विस्तृत क्षेत्र में ज्यादा सटीक निगरानी कर पाए और डेटा का विश्लेषण भी तीव्र गति से हुआ। इस प्रकार वे शिकारियों से एक कदम आगे रहे। वल्चर्स (गिद्ध) को वॉर्निंग सिस्टम के रुप में प्रयुक्त किया गया। नॉर्थ कैरोलाइना ज़ू के वैज्ञानिकों ने पैंथेरा व ज़ैम्बिया के नैशनल पार्क विभाग के साथ मिलकर 19 अफ्रीकन गिद्धों को सैटलाइट टैग लगाए और पैंथेरा ने ट्रायल किया कि, वल्चर की मदद से किस प्रकार अवैध गतिविधियों को रोका जा सकता है, जैसे जानवरों को जहर देना, जिससे गिद्ध व मांसाहारी पशु दोनों प्रभावित होते हैं। एक अन्य कारक था आरोपियों के खिलाफ मुकदमा व उन्हें सजा दिलावाने में सफलता। इसके अलावा स्थानीय लोगों को सिंथैटिक ''हैरिटेज फर'' बांटे गए ताकि, ये लोग औपचारिक समारोहों व अनुष्ठानों में शेर व तेंदुए की असली खालों की जगह तेंदुए की खाल जैसे दिखने वाले इस सिंथैटिक कपड़े का इस्तेमाल करें। दक्षिण अफ्रीका में हर साल खाल के लिए कम से कम 800 तेंदुए मारे जाते हैं। दक्षिण अफ्रीका में नैज़रैथ बैप्टिस्ट चर्च के लिए तेंदुए, गौरव, समृद्धि और सौंदर्य का प्रतीक हैं और चर्च के वरिष्ठ सदस्यों के लिए पारंपरिक अनुष्ठानों में, गले के चारों तरफ तेंदुए की खाल पहनना आवश्यक है।*

# सी.डब्ल्यु.सी. में नियुक्ति के लिये कांग्रेस की अन्त:कलह खुल कर सामने आयी

## पर, इस प्रकरण में गौर तलब बात यह सामने आयी कि, राहुल जो चाहते हैं, खड़गे उसे अस्वीकार कर रहे हैं। पर, अन्ततोगत्वा होगा वही जो राहुल चाह रहे हैं, क्योंकि अभी पार्टी की कमान परोक्ष रूप से राहुल के हाथ में ही है

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 जून। जैसे-जैसे कांग्रेस नेतृत्व पर सी.डब्ल्यु.सी. का गठन करने, मौजूदा टीम में फेरबदल करने तथा आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों के लिये पार्टी को तैयार करने के लिये दबाव बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे बड़ी अन्तर्कलह तथा एक व्यक्ति के प्रमुख होने का खेल उभरता आ रहा है।

सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी तथा मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच एक-दूसरे के द्वारा प्रस्तावित नामों पर परस्पर सहमति नहीं है।

उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि जहाँ प्रियंका गांधी अपने प्रति निष्ठावान

- **पार्टी के मीडिया चेयरमैन जयराम को पद मुक्त करने की चर्चा जोरों पर है तथा जयराम रमेश पूरा जोर लगा रहे हैं राज्यसभा में पार्टी के नेता नियुक्त हो जायें। क्योंकि खड़गे फिलहाल दो पदों पर कार्य संभाले हैं, पार्टी के अध्यक्ष व राज्यसभा में पार्टी के नेता। जयराम रमेश का कहना है, उदयपुर चिंतन शिविर में पारित ''एक व्यक्ति, एक पद'' का सिद्धांत लागू होना चाहिये और पार्टी अध्यक्ष खड़गे को राज्यसभा में पार्टी के नेता का पद छोड़ देना चाहिये।**
- **सुरजेवाला, कर्नाटक प्रभारी होने के नाते, कर्नाटक की जीत का श्रेय खुद लेना चाहते हैं तथा इस हैसियत से पार्टी के संगठन सचिव बनने की महत्वकांक्षा पाले हुए हैं। वे वेणु गोपाल का पद लेकर अधिकृत रूप से पार्टी के नम्बर दो के नेता बनना चाहते हैं।**
- **राहुल ने वेणु गोपाल को हटाने के प्रस्ताव को पहले ही दफन कर दिया है।**
- **चर्चा है कि, राहुल गांधी की वर्तमान राजनीति झोलेवालों को (समाजवादी ब्राण्ड के नेताओं) को प्रोत्साहन देने की लगती है और इस नीति के तहत मोहन प्रकाश को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी मिल सकती है।**
- **अजय माकन को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपने की चर्चा भी जोरों पर है, उन्हें लोकसभा चुनाव का संचालन करने के लिए गठित विशेष समिति का अध्यक्ष बनाया जा सकता है।**

लोगों को नियुक्त कराना चाहती हैं, वहीं सोनिया गांधी भी अपने नजदीकी नेताओं को आगे लाना चाहती हैं।

ऐसी सुगबुगाहट तेज होती जा रही है कि मीडिया चेयरमैन जयराम रमेश अपना वर्तमान पद छोड़ रहे हैं। समझा जाता है कि, मल्लिकार्जुन खड़गे के स्थान पर राज्यसभा में विपक्ष के नेता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हर कुछ दिनों में रामचरित मानस पर विवाद खड़ा किया जा रहा

## क्षेत्रीय दल, जैसे जे.डी. (यू) आर.जे.डी. व सपा, सुनियोजित तरीके से आग गरम रखना चाहते हैं 2024 के चुनाव के लिये

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 जून। 2024 के लोकसभा चुनावों की प्रचार रणनीति के अन्तर्गत, हिन्दी भाषी उत्तर प्रदेश एवं बिहार के विपक्षी दल आये दिन रामचरित मानस की बहस को उठाते रहने की योजना पर कायम है।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता रितलाल यादव ने बिहार में इस बात को एक बार फिर उठाया है तथा साथ ही यह अनर्गल दावा भी किया है कि रामचरित मानस ''मस्जिद में लिखी गई थी।'' तथा समान नागरिक संहिता को लेकन आग में घी डाल रहे हैं।

क्षेत्रीय दल, जिनमें जे.डी.यू., आर.जे.डी. तथा एस.पी. शामिल हैं, भी

- **इससे लग रहा है कि, 2024 का चुनाव हिन्दुत्व व सैक्युलरिज़्म की थीम पर ही लड़ा जायेगा।**
- **''रामचरित मानस को जला देना चाहिये, क्योंकि इसमें समाज के बहुत बड़े वर्ग के खिलाफ कुछ भड़काऊ बातें लिखी गयी हैं तथा इस वर्ग के खिलाफ नफरत फैलाने का प्रयास हुआ है।''**
- **बिहार में आर.जे.डी. के नेता, रित लाल यादव, मंत्री चन्द्रशेखर तथा यू.पी. में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य आदि, इस अभियान में अगुवा की भूमिका निभा रहे हैं।**

दानापुर के विधायक ने लोगों से कहा है कि वे ''इतिहास की पुस्तकें उठायें तथा जाँच कर लें'' कि उनकी बात सही है।

इधर देवेन्द्र फड़नवीस तथा अन्य भाजपा नेता औरंगजेब तथा टीपू सुल्तान से संबंधित प्रश्न खड़े कर रहे हैं इनका जवाब देते हुये हिन्दुत्व मॉडल पर सवाल खड़े कर रहे हैं। यह स्पष्ट है कि आगामी विधानसभा चुनाव तथा 2024 के लोकसभा चुनाव हिन्दुत्व बनाम पंथनिरपेक्ष के मुद्दे पर ही लड़े जायेंगे। हिन्दुत्व एजेंडा को आगे बढ़ाने को लेकर भाजपा पार्टी पर हमला बोलते हुये, यादव ने पूछा, ''ये लोग उस समय कहाँ थे, जब भारत के एक मुसलमान की 11 वर्षीया बेटी ने भागवत कथा सुनाई थी तथा मैडल जीता था?'' कुछ माह पूर्व, राजद मंत्री चन्द्रशेखर ने यह कहते हुये एक राजनैतिक विवाद खड़ा कर दिया था कि ''रामचरित मानस को जला देना चाहिये'' क्योंकि इस धर्म ग्रंथ ने निम्न जातियों के प्रति द्वेष फैलाया है। उत्तर प्रदेश में, सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी यह टिप्पणी करते हुये इसी किस्म का विवाद खड़ा कर दिया था कि ''रामचरित मानस की कुछ काव्य-पंक्तियाँ जाति के आधार पर समाज के बहुत बड़े वर्ग का ''अपमान करती हैं'' तथा इसलिये इन पर रोक लगानी चाहिये। इस पर कुछ धार्मिक नेताओं ने सार्वजनिक रूप से मौर्य की जीभ काटने की धमकी दे डाली थी। मौर्य ने इसका जवाब देते हुये कहा था कि अगर किसी अन्य व्यक्ति ने यही बात कही होती, तो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# बंगाल में केन्द्रीय बल की तैनाती के खिलाफ ममता सुप्रीम कोर्ट में

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 जून। शनिवार को ममता बनर्जी सरकार ने पंचायत चुनाव के दौरान संपूर्ण पश्चिम बंगाल में केन्द्रीय बल तैनात किए जाने के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के विरोध

- **कलकत्ता हाई कोर्ट ने पंचायत चुनावों में केन्द्रीय बल तैनात करने का निर्देश दिया। राज्य सरकार ने यह आदेश मानने का संकेत दिया था पर अब सरकार पलट गई है और सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है।**

में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जबकि, पूर्व में सरकार ने कलकत्ता हाई कोर्ट का आदेश मानने का रुख अपनाया था।

इस बदलते घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए, राज्य में विपक्ष के नेता सुवेन्दु अधिकारी ने कहा कि, राज्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तमिलनाडू में बदले की राजनीति ने जोर पकड़ा

## ऊर्जा मंत्री पर ई.डी. की रेड के बाद, तमिलनाडू पुलिस ने भाजपा के राज्य सचिव को हिरासत में लिया

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 जून। तमिलनाडु में बदले की राजनीति जोर पकड़ती जा रही है। मदुरै सांसद के खिलाफ ट्वीट करने पर एक वरिष्ठ भाजपा नेता की गिरफ्तारी की भाजपा ने और राजनैतिक विश्लेषकों ने आलोचना की है। भ्रष्टाचार मामले में मंत्री सैंथिल बालाजी की गिरफ्तारी के बाद हुई भाजपा के तमिलनाडु सचिव एस.जी. सूर्या की गिरफ्तारी को राज्य सरकार की बदले की कार्यवाही के रुप में देखा जा रहा है। भाजपा नेता को मदुरै की साइबर क्राइम सैल ने शुक्रवार की रात मदुरै के भाकपा सांसद सू व्यंकटेशन के खिलाफ ट्वीट करने पर गिरफ्तार किया था। सूर्या ने अपने ट्वीट में आरोप लगाया कि सांसद ने सैनिटेशन वर्कर की मौत पर चुप्पी साध ली जिसे उनके एक कार्यकर्ता ने मल-मूत्र से भरा नाला साफ करने पर

- **राज्य सचिव को आई.टी. एक्ट आदि के अंतर्गत गिरफ्तार कर, एक जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।**
- **तटस्थ द्रष्टाओं का मानना है, सचिव की ट्वीट में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिससे दो समुदायों के बीच तनाव भड़कने का तनिक भी अंदेशा हो।**

मजबूर किया। भाजपा नेता ने ट्वीट किया था कि ''आपकी अलगाववाद से भी झूठी राजनीति में उस गंदे नाले से भरी ज्यादा बदबू आती है। एक इंसान की तरह जीने का रास्ता खोजिए दोस्त।'' इस ट्वीट के लिए भाजपा नेता को आई.टी. एक्ट के सैक्शन 66(डी) और इंडियन पीनल कोड के सैक्शन 152 (ए), 505(1) (बी), 505 (1) (पी) के तहत गिरफ्तार किया गया है और उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एडिशनल चीफ इंजीनियर की गाड़ी से लाखों रू. बरामद

कोटा, 17 जून (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कार्रवाई को अंजाम देते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एडिशनल चीफ इंजीनियर के

- **एन्टी करप्शन ब्यूरो ने कोटा से जयपुर जाते समय पी.एच.ई.डी. के एडिशनल चीफ इंजीनियर महेश जांगिड की गाड़ी रूकवाकर तलाशी ली और 8.10 लाख रू. बरामद किए।**

पास से लाखों रुपये की राशि बरामद की है।

एन्टी करप्शन ब्यूरो (ए.सी.बी.) ने यह कार्रवाई ठेकेदारों से अवैध रूप से कमीशन वसूलने की सूचना पर की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पटना सम्मेलन में आपसी-तू-तू मैं-मैं पर नियंत्रण के लिये एक ''आशय पत्र'' जारी

## इस आशय पत्र में सभी पार्टियों के हस्ताक्षर करा लिये जायेंगे, वैचारिक मंथन से पहले, जिससे परस्पर विरोधी भाषण बाजी न हो।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 जून। पटना में 23 जून को होने वाली विपक्षी दलों की पहली मीटिंग के लिये जबरदस्त प्रयास चल रहे। इसके प्रमुख शिल्पी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक संगठित मोर्चे के गठन का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से होने वाली इस मीटिंग की तैयारियों पर व्यक्तिगत रूप से नजर रखे हुये हैं। उम्मीद की जा रही है कि यह मोर्चा 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली भाजपा को चुनौती दे सकेगा।

करीब 18 दलों के शीर्ष नेता बिहार की राजधानी में पहुंच रहे हैं ताकि जनता तक यह सशक्त संकेत जा सके कि आर.एस.एस. के निर्देशन में पिछले नौ साल से शासन कर रही भाजपा सरकार का विकल्प है क्योंकि भाजपा सरकार

- **एक अन्य प्रस्ताव था कि, कुछ छोटी-छोटी समितियाँ बना दी जायें, स्थानीय मुद्दों पर बातचीत के लिये। पर यह प्रस्ताव ड्रॉप हो गया, क्योंकि छोटे-छोटे समूहों में ज्यादा गर्मा-गर्मी होने की संभावना थी।**
- **सम्मेलन में अगली बैठक का स्थान व तारीख भी निश्चित की जायेगी। संभवतया स्थान दिल्ली ही होगा। हालांकि कांग्रेस का प्रस्ताव शिमला में अगली बैठक/सम्मेलन आयोजित करने का था, शायद कांग्रेस का प्रस्ताव स्वीकार इसलिये नहीं हुआ कि, कई पार्टियों, जैसे तृणमूल कांग्रेस, में कांग्रेस का आतिथ्य स्वीकार करने के बारे में हिचकिचाहट है।**

ने देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है जिसके फलस्वरूप बेरोजगारी जबरदस्त रूप से बढ़ रही है तथा जरूरी चीजों की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि हो रही है।

पटना मीटिंग, जो इस प्रकार की मीटिगों की श्रृंखला की पहली मीटिंग हैं, में भाग लेने वाले दलों के ''दृढ़ संकल्प के संयुक्त बयान'' के सामने आने की संभावना है तथा मीटिंग के संभावित भागीदारों के बीच इस प्रकार की ड्राफ्टिंग पर चर्चाएं चल रही हैं।

सूत्रों ने कहा कि मीटिंग में, यह निर्णय भी लिया जायेगा कि राज्यों के स्तर पर एक उप समिति बनाई जाये जो विपक्षी एकता के काम पर नजर रहें। विपक्षी दलों की अगली मीटिंग की तिथि पर चर्चा होगी।

नेतागण इस बात की संभावना तलाश रहे हैं कि अगली मीटिंग की मेजबानी कांग्रेस करे तथा यह मीटिंग शिमला के बजाय दिल्ली में आयोजित की जाये। दरअसल नेतागण नहीं चाहते कि ऐसा प्रतीत हो कि कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी से बचना चाह रही है तथा इस शानदार अतीत वाली के प्रति कुछ दलों के द्वेष की अफवाहों को तवज्जो दे रही है।

अगली मीटिंग के स्थान एवं समय संबंधी अंतिम निर्णय पटना मीटिंग में ही ले लिया जायेगा। दरअसल, तृणमूल कांग्रेस जैसे कुछ दल कांग्रेस का आतिथ्य स्वीकार करने में कुछ कठिनाई महसूस कर रहे हैं।

सूत्रों ने कहा कि पटना में होने वाली इस ''प्रारंभिक'' मीटिंग का मुख्य उद्देश्य विपक्षी दलों की एकात्मकता एवं संकल्प को प्रोजैक्ट करना है जिनका अनुसरण राष्ट्र एवं राज्य स्तरों पर होने वाली आगामी मीटिंगों में दिखाई देगा।

सूत्रों ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिये कि नेतागण प्रतिकूल प्रयोजन प्रस्तुत न करें, ऐसी मांग हो रही है कि संकल्प का ड्राफ्ट स्टेटमेंट सभी नेताओं में सर्कुलेट कर दिया जाए।

सूत्रों ने कहा कि वह ड्राफ्ट स्टेटमेंट यह बतायेगा कि मीटिंग क्यों हो रही है। इसमें भाजपा के खिलाफ उनकी लड़ाई के पीछे के मूलाधार बिन्दुवार होंगे- संविधान को बचाने की जरूरत, साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के खिलाफ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगे'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 जून। मणिपुर की हीरोक विधानसभा सीट के विधायक थोकचोम राधेश्याम ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलना चाहते है और उन्हें शनिवार देर रात या रविवार को प्रधानमंत्री से मिलने का समय मिल

- **मणिपुर के भाजपा सांसद इस मांग के साथ दिल्ली आए और प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का समय मांगा।**

सकता है। मणिपुर के कई भाजपा सांसद शुक्रवार से ही दिल्ली हैं और वे प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति मुर्मू और केन्द्रीय नेताओं को राज्य के हालात की जानकारी देना चाहते हैं।

राधेश्याम ने कहा कि, युवा लड़के लड़कियां जो हमारा भविष्य हैं, उनका कोई भविष्य नहीं है क्योंकि राज्य में शिक्षा, संचार सब ठप्प है, हमारी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन की मैगजीन में डॉ. सतीश पूनिया सहित देश के 75 विधायकों को मिला स्थान

**मुंबई/जयपुर।** मुंबई में आयोजित 'राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन' में राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया शामिल हो रहे हैं, जहां वह 17 जून तक मुंबई प्रवास पर हैं। 'राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन' में देशभर से हजारों विधायक शामिल हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन की मैगजीन में उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया, मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, छतीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव, महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे सहित देश के 75 विधायकों को स्थान मिला है। राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन की इस मैगजीन में देशभर के हजारों विधायकों में से इन 75 विधायकों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए बेहतरीन कार्यों के लिए चयनित किया गया है। बता दें कि सतीश पूनिया ने अपने विधानसभा क्षेत्र आमेर में शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में सीएचसी, पीएचसी और स्कूलों को बुनियादी सुविधाओं के साथ विकसित कर विकास का आमेर मॉडल स्थापित किया है, जो पूरे प्रदेश और देश में पहचान बना रहा है। वहीं आमेर क्षेत्र में सड़कों के विकास को लेकर भी खूब कार्य हुये हैं। राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन की पुस्तिका में आमेर के महत्वपूर्ण विकास कार्यों का उल्लेख किया है। स्कूलों में टॉयलेटस, आधुनिक डिजिटल क्लासरूम, साइंस लैब, कंप्यूटर आर्ट, क्राफ्ट लाइब्रेरी, शुद्ध पेयजल इत्यादि कार्य। आमेर के जालसू में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ सीएचसी, मोदी क्लिनिक, आमेर विधानसभा क्षेत्र के लोगों से कनेक्ट हेतु डॉ. सतीश पूनिया एप। विभिन्न स्कूलों में सुसज्जित कमरे, चारदीवारी, आधुनिक लैब, खेल मैदान और खेल सामग्री की सुविधा। विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और गौरव पथ योजना के माध्यम से सड़कों का विकास। वाटर रिचार्जिंग सिस्टम इत्यादि सहित विभिन्न विकास कार्य आमेर विधानसभा क्षेत्र में किये गये।



**मुंबई में आयोजित 'राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन' में राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया शामिल हुए।**

- **देशभर के हजारों विधायकों में से इन 75 विधायकों को शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए बेहतरीन कार्यों के लिए चयनित किया**

# चौदह आई.पी.एस. के तबादले

- **हाल ही में एडीजी साइबर क्राइम के पद पर लगाए गए आईपीएस वीके सिंह का फिर तबादला कर उन्हें टेलिकम्युनिकेशन में लगाया गया है।**

**जयपुर,(कासं)।** राज्य सरकार ने एक बार फिर पुलिस महकमें में फेरबदल करते हुए 14 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं।

14 आईपीएस के तबादलों में एडीजी, आईजी, डीआईजी, एसपी, और नए जिलों के विशेषाधिकारी शामिल है। इस सूची में आईपीएस वीके सिंह का फिर तबादला चर्चा का विषय बना हुआ है। हाल ही में सरकार ने उनका तबादला एडीजी ट्रेफिक से हटाकर एडीजी साइबर क्राइम के पद पर किया था, लेकिन आज फिर तबादला सूची जारी कर उन्हें एडीजी टेलिकम्युनिकेशन एवं टेक्निकल में लगा गया है। इसके अलावा आईपीएस मालिनी अग्रवाल को एडीजी पुलिस प्रशिक्षण जयपुर और सचिन मित्तल को एडीजी भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड और साइबर क्राइम के पद पर लगाया है। गौरव श्रीवास्तव को आईजी कानून व्यवस्था पुलिस मुख्यालय जयपुर, राजेंद्र सिंह को आईजी आरएसी, समीर कुमार सिंह को प्राचार्य राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केंद्र किशनगढ़ अजमेर, वंदिता राणा को पुलिस अधीक्षक दौसा, संजीव नैन को डीसीपी पश्चिम जयपुर के पद पर लगाया गया है। इसके अलावा राजेंद्र कुमार को विशेषाधिकारी अनूपगढ़, पूजा अवाना को दूदू और देवेंद्र कुमार विश्नोई को गंगापुर सिटी का विशेषाधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं आईजी एच.जी. राघवेन्द्र सुहासा को विशेषाधिकारी पाली संभाग, एस परिमला को बांसवाड़ा और सत्येन्द्र सिंह को विशेषाधिकारी सीकर संभाग लगाया गया है।

# छह आई.ए.एस. को बदला

**जयपुर।** राज्य सरकार ने आदेश जारी कर छह आईएएस का तबादला किया है। तीन को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। आदेशानुसार डॉ.आरूषि अजेय मलिक को बाल अधिकारिता विभाग में शासन सचिव एवं आयुक्त, एच.गुईटे को निःशक्तजन विभाग में आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव, श्रुति भारद्वाज को समग्र शिक्षा अभियान में राज्य परियोजना निदेशक और राजस्थान शिक्षा परिषद एवं आयुक्त स्कूल शिक्षा, अवधेश मीणा को गृह विभाग में संयुक्त शासन सचिव, उत्साह चौधरी को वाणिज्यिक कर विभाग में अतिरिक्त आयुक्त, डॉ.मोहन लाल यादव को सीकर संभाग में विशेषाधिकारी के पद पर लगाया है। वहीं भानू प्रकाश एटूरू अपने पद के साथ गृह विभाग में शासन सचिव के पद का अतिरिक्त कार्यभार संभालेंगे। इसके अतिरिक्त कैलाश चन्द मीणा को पाली संभाग और राजेन्द्र भट्ट को बांसवाड़ा संभाग का विशेषाधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है।

# पीएचईडी के रिटायर इंजीनियर के निलंबन आदेश पर रोक

- **अदालत ने राज्य सरकार व पीएचईडी विभाग से जवाब मांगा**

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पीएचईडी के पांच साल पहले 31 जुलाई 2018 को रिटायर हो चुके असिस्टेंट इंजीनियर को राहत देते हुए उनको सेवाकाल के दौरान निलंबित करने वाले 2 जून 2018 के आदेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार व पीएचईडी विभाग से जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश याचिकाकर्ता विजय पारीक की याचिका पर दिए।

याचिका में बताया गया कि याचिकाकर्ता पीएचईडी विभाग में असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। पीएचईडी विभाग ने गलत पेमेंट करने के आरोप में याचिकाकर्ता को उसके रिटायरमेंट से केवल एक महीने पहले ही निलंबित कर दिया। जबकि इससे पूर्व कार्मिक विभाग से अनुमोदन भी नहीं लिया गया। वहीं मामले की चार्जशीट भी उसके रिटायरमेंट के बाद 27 दिसंबर 2018 को दी गई। इसके चलते विभाग ने याचिकाकर्ता के सभी सेवानिवृत्त परिलाभ भी रोक लिए। विभाग की इस कार्रवाई को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि पीएचईडी विभाग उसे निलंबित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी नहीं है और ऐसा करने से पहले उसे कार्मिक विभाग से मंजूरी लेने की जरूरत थी। वहीं मामले की चार्जशीट भी समय पर नहीं दी गई। निलंबन के कारण उसे सेवानिवृत्ति परिलाभ भी नहीं मिले हैं। इसलिए निलंबन आदेश को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने निलंबन आदेश पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

## 'राजनीति में दल बदल चिंता का विषय'

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजनीति सेवा का माध्यम है। राजनीति में आने के बाद जनप्रतिनिधि का धर्म पूरी ईमानदारी, निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ जनता की सेवा करना होना चाहिए। गहलोत शनिवार को अपने निवास से मुंबई में 15 से 17 जून तक आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे।

गहलोत ने कहा कि वर्तमान समय में होर्स ट्रेडिंग के माध्यम से चुनी हुई सरकारें गिराने की गलत परम्परा बन चुकी है। यह पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का यह कर्तव्य है कि वे किसी भी कीमत पर दल बदल न करें और अपनी पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा और सर्मपण बनाये रखें। गहलोत ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी हमारे देश में लोकतंत्र कायम है। पूरी दुनिया में भारत की इसी लोकतांत्रिक मजबूती के कारण अलग पहचान और सम्मान है।



**प्रदेश में विपरजॉय तूफान की एंट्री हो चुकी है। इस कारण जयपुर में काले बादलों के आने का सिलसिला जारी रहा। सीकर रोड मुरलीपुरा से लिया गया काले बादलों का दृश्य। अंधेरा से छाने पर कई बार ऐसा लगा जैसे भारी बारिश होने वाली है लेकिन बूंदा-बांदी हो कर रह गई।** फ़ोटो : दिनेश भारद्वाज

# लघु व मझोले वर्ग के अखबारों के हित में विज्ञापन नीति-2020 में संशोधन की मांग

- **एसोसिएशन ऑफ स्मॉल एण्ड मीडियम न्यूजपेपर्स ऑफ इण्डिया की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में अखबारों की समस्याओं पर हुई चर्चा।**
- **केंद्र सरकार से प्रकाशकों ने अखबारी कागज से जी.एस.टी. हटाने की मांग की।**

**जयपुर, (का.सं.)।** एसोसिएशन ऑफ स्मॉल एण्ड मीडियम न्यूजपेपर्स ऑफ इण्डिया की राष्ट्रीय परिषद की बैठक 16 जून को वारणा नगर स्थित शेतकारी भवन के तात्या साहेब कोरे सभागार में महाराष्ट्र इकाई के तत्वावधान में एशोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव दत्त चंदोला की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक का शुभारंभ ज्ञान दायिनी देवी सरस्वती, छत्रपति शिवाजी महाराज, मराठी पत्रकारिता के जनक आचार्य बाल शास्त्री जाम्भेकर को नमन कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

बैठक में चंदोला ने कहा, "लघु एवं मझोले वर्ग के अखबारों का उत्पीड़न करना अति निंदनीय है और अगर उत्पीड़न बंद नहीं किया गया तो एसोसिएशन की सभी राज्यों की इकाइयां विरोध पर उतरने को बाध्य होंगी। चंदोला ने डी. ए.वी.पी. को आगाह किया है कि वो छोटे और मझोले वर्ग के अखबारों की समस्याओं को नजरअंदाज न करे और विज्ञापन की हिस्सेदारी पर अतिक्रमण करना बंद करे।"

एसोसिएशन के उत्तर प्रदेश राज्य इकाई के अध्यक्ष, प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्याम सिंह पंवार ने कहा कि अखबारों के प्रकाशकों की समस्याओं का निराकरण करने का हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है और अपने स्तर से अखबार मालिकों की ही नहीं अपितु पत्रकारों के उत्पीड़न सम्बन्धी हर मामले को प्रेस काउंसिल में उठा रहे हैं और निराकरण करवा रहे हैं।

कर्नाटक से पधारे माला बोदी ने कहा कि इस समय पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि पेनाल्टी से बचने के लिए वार्षिक रिटर्न भरने के प्रति जागरूकता लाने की आवश्यकता है। साथ ही आर एन आई द्वारा लगाई जा रही पेनाल्टी को रोकने का मुद्दा उठाया।

राजस्थान से पधारे राष्ट्रीय सचिव ड्रा.अनन्त शर्मा ने कहा कि हेल्पलाइन बनाकर प्रकाशकों की समस्याओं का निराकरण करवाने का प्रयास किया जायेगा।

इस दौरान महाराष्ट्र इकाई द्वारा एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित एसोसिएशन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया।

बैठक में एसोसिएशन की कोषाध्यक्ष भगवती चंदोला, महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष प्रदीप देवीदास कुलकर्णी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अप्पा साहेब पाटिल, एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव प्रवीण पाटिल, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य चंद्रशेखर गायकवाड़, अरुण राजाराम वडेकर, गोरख तावड़े, मुकुंद जोशी, नेता मेश्राम, मारुति, गावड़ी सम्राट संगर, सुमित कुलकर्णी, दत्तदेश पांडेय, अरुण वडेकर, मारुति नावलाई, तेजश्वनी सूर्यवंशी, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष श्याम सिंह पंवार, उत्तराखंड अध्यक्ष अतुल दीक्षित, गुजरात राज्य के अध्यक्ष मयूर बोरीचा, गुलाब सिंह भाटी, रमन बरोट, राजस्थान से धर्मेंद्र सोनी, गोपाल गुप्ता, मध्यप्रदेश से अकरम खान, कर्नाटक से वेणु गोपाल के. नायक, तारिक वेलकर, आंध्र प्रदेश से के. वेंकट रेड्डी, सेंडीरेड्डी कोंडलाराव, एम. कमल कुमार उड़ीसा से पधारे चन्द्र कांता सूतर, बिनोद महापात्र सहित अनेक अखबारों के प्रकाशक मौजूद रहे।

## चौगान स्टेडियम का जीर्णोद्धार होगा

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्य सरकार प्रदेश के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं खेलों के विकास के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर स्थित चौगान स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए 5.50 करोड़ रूपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

# प्रदेश में पांच नए संक्रमित मिले

- **राज्य में फिलहाल 14 एक्टिव केस बचे हैं**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में शनिवार को पांच नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस दौरान चार मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही राज्य में फिलहाल 14 एक्टिव केस बचे है।

प्रदेश में शनिवार को जयपुर में पांच नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को राज्य में कोई भी नया मरीज नहीं पाया गया था। इधर, राज्य में आज 1847 कोविड जांच की गई है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में चार मरीज रिकवर हुए हैं। राज्य अभी 14 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इनमें जयपुर में 6, उदयपुर में 5, भरतपुर में 2 और बीकानेर में 1 एक्टिव केस बचा है। प्रदेश में शनिवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि अब तक राज्य में इस बीमारी से 9735 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

# 35 साल पहले बर्खास्त श्रमिकों की बहाली की बजाय मुआवजा देने का आदेश सही : हाईकोर्ट

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने लेबर कोर्ट, भरतपुर के 15 नवंबर 2019 के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें 35 साल पहले बर्खास्त किए श्रमिकों को बहाल करने की बजाय उन्हें मुआवजा दिए जाने का आदेश दिया था। हालांकि अदालत ने लेबर कोर्ट की ओर से तय किए 50 हजार रुपए हर्जाने को अपर्याप्त मानते हुए इसे बढाकर एक लाख रुपए कर दिया है। अदालत ने कहा कि तीन माह में बढ़ी हुई हर्जाना राशि अदा की जाए। ऐसा नहीं करने पर अदालत ने हर्जाना राशि पर नौ फीसदी ब्याज भी अदा करने को कहा है। जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश हीरालाल व जीवन सहित अन्य श्रमिकों की याचिकाओं पर दिए।

याचिकाओं में अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि याचिकाकर्ताओं ने वर्ष 1986 से वर्ष 1988 तक करौली जिले के श्री महावीर जी उपखंड के सिंचाई विभाग में दैनिक वेतन भोगी श्रमिक के तौर पर काम किया था। वहीं बाद में आईडी एक्ट की पालना में उनकी सेवाओं को खत्म कर दिया। इस दौरान न तो उन्हें नोटिस दिया गया और ना ही सुनवाई का मौका मिला। जबकि विभाग को नियमों की पालना करनी चाहिए थी। इस आदेश को याचिकाकर्ता श्रमिकों ने लेबर कोर्ट, भरतपुर में चुनौती देते हुए उन्हें बहाल करने का आग्रह किया। लेबर कोर्ट ने 15 नवंबर 2019 को याचिकाकर्ताओं के पक्ष में अवार्ड जारी कर माना कि श्रमिकों ने एक कैलेंडर वर्ष में 240 दिन काम किया है। ऐसे में उनकी सेवा खत्म करना अवैध है, लेकिन श्रमिकों को वर्ष 1988 में बर्खास्त किया था और इसे बहुत ज्यादा समय हो गया है। इसलिए उन्हें बहाल करने का आदेश देने की बजाय बहाली के बदले 50 हजार रुपए हर्जाना दिलवाना सही होगा। लेबर कोर्ट के इस अवार्ड को याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में चुनौती दी।


इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने लेबर कोर्ट के आदेश को सही मानते हुए मुआवजा राशि को बढ़ाकर दोगुना कर दिया है।

# सीनियर मुंसरिम की पदोन्नति में स्टेनोग्राफर कैडर को शामिल करने पर मांगा जवाब

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश के जिला एवं सत्र न्यायालयों में सीनियर मुंसरिम पद पर सामान्य कैडर के साथ-साथ स्टेनोग्राफर कैडर के कर्मचारियों को भी पदोन्नति देने के प्रावधान पर कार्मिक सचिव और विधि सचिव सहित रजिस्ट्रार जनरल से जवाब मांगा है। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि क्यों ना इस प्रावधान को रद्द कर सिर्फ सामान्य कैडर के कर्मचारियों को ही सीनियर मुंसरिम के पद पर पदोन्नत के योग्य माना जाए। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव व अनिल उपमन की खंडपीठ ने यह आदेश मनोज कुमार व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता मोहित खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि राजस्थान जिला न्यायालय मंत्रालयिक कर्मचारी नियमों में सीनियर मुंसरिम के पद पर पदोन्नति में सामान्य कैडर के कर्मचारियों के साथ-साथ स्टेनोग्राफर कैडर के कर्मचारियों को भी योग्य माना है। ऐसे में जिला न्यायालयों में स्टेनोग्राफर को भी सीनियर मुंसरिम के पद पर पदोन्नति दी जा रही है। जबकि यह प्रावधान ही संवैधानिक तौर पर गलत है, क्योंकि इसमें यह तय नहीं है कि कितने अनुपात में सामान्य कैडर के रीडर व स्टेनोग्राफर कैडर से सीनियर मुंसरिम के पद पर पदोन्नति दी जाएगी। ऐसे में अधिकतर पदोन्नित स्टेनोग्राफर कैडर से होने की संभावना है। वहीं यह प्रावधान सामान्य कैडर के कर्मचारियों को उनके पदोन्नित अधिकारों से वंचित करता है। याचिका में कहा गया कि स्टेनोग्राफर और सीनियर मुंसरिम के पद की प्रकृति भी मेल नहीं खाती है। इसलिए सीनियर मुंसरिम का पद सामान्य कैडर के कर्मचारियों से भरा जाना चाहिए और स्टेनोग्राफर कैडर वालों को सीनियर पीए के पद पर पदोन्नति दी जानी चाहिए।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# भारतीय महिलाएं मॉर्डेनिटी और ट्रेडिशन का एक आदर्श मिश्रण हैं : रोली अग्रवाल

**जयपुर।** घर हो या फिर चाहे सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य, महिलाएं हमेशा लीडर्स और चेंजमेकर्स रही हैं। हालांकि महिलाओं को शिक्षा के अवसरों की कमी, असमान अवसरों और सीमित वित्तीय पहुंच जैसी चुनौतियों का सामना करना पडता है, लेकिन इसके बावजूद महिलाएं धीरे-धीरे उभर रही हैं। डिजिटलाइजेशन ने कई महिलाओं के जीवन में बदलाव लाया है। वास्तव में भारतीय महिलाएं मॉर्डेनिटी और ट्रेडिशन का एक आदर्श मिश्रण हैं। कार्यस्थल पर अग्रणी होने के साथ-साथ वे संस्कृति की संरक्षक भी हैं। यह बात भारत सरकार, प्रिंसिपल कमिश्नर, आयकर, रोली अग्रवाल ने आज आईटीसी राजपूताना में सीआईआई-आईडब्ल्यूएन राजस्थान एनुअल सेशन और राजस्थान वुमन लीडरशिप समिट 2023 में विशेष संबोधन के दौरान कही। यह कार्यक्रम कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) - इंडियन वुमन नेटवर्क (आईडब्ल्यूएन) राजस्थान चैप्टर द्वारा आयोजित किया गया था।

आईएफएस, निदेशक, राजस्थान वानिकी और वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान एवं मुख्य संरक्षक वन, प्रशिक्षण शैलजा देवल ने कहा कि लैंगिक असमानता और भेदभाव सभी उस मानसिकता में है, जो शुरू से ही बच्चों में भीतर भर दी जाती है। अपने स्वयं के जीवन के अनुभवों से उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जिम्मेदारियां लेने के लिए महिलाएं पुरुषों की तुलना में अधिक सुसज्जित और कुशल हैं। उन्हें किसी से डरना नहीं चाहिए और अपनी आवाज उठानी चाहिए। समिट के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए, सीआईआई राजस्थान स्टेट काउंसिल के चेयरमैन, अभिनव बांठिया ने कहा कि इस समिट का उद्देश्य वुमन लीडर्स की शक्ति और क्षमता को प्रोत्साहित करना था, जिससे कि वे अपने स्वयं के संगठनों के भीतर परिवर्तन एजेंट के रूप में कार्य कर सकें और भविष्य के लिए बिजनेस को आकार देने में सक्षम हो सकें।




**आईटीसी राजपूताना में सीआईआई-आईडब्ल्यूएन राजस्थान एनुअल सेशन और राजस्थान वुमन लीडरशिप समिट 2023 में भारत सरकार की प्रिंसिपल आयकर कमिश्नर रोली अग्रवाल ने शनिवार को विशेष संबोधन दिया।**

## दुष्कर्म के बाद हत्या करने वाले को उम्रकैद

**जयपुर, (का.सं.)।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर द्वितीय ने नौ साल की बच्ची का अपहरण करने के बाद उससे दुष्कर्म कर हत्या करने वाले अभियुक्त सूरज जाटव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 24 वर्षीय इस अभियुक्त पर एक लाख 58 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

NAME CHANGE
I Pappoo Ram S/o Bheenya Ram R/o Basi, Chitana, Bikaner, Rajasthan-334803, have changed my name to Pushpendra Bhati

खोया पाया
राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड का मकान नंबर 262/274 सैक्टर 26, प्रताप नगर सांगानेर का ओरिजनल वसीयत नामा जो कि भंवर लाल मीना ने राजेश शर्मा को दिया था कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें।
किरन जाट-9950345298

REGIONAL OFFICE (JAIPUR-SOUTH)
RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD
8/263, MALVIYA NAGAR, NEAR JAWAHAR CIRCLE, HOUSING BOARD OFFICE, JAIPUR
LiFE Lifestyle for Environment
Website - www.environment.rajasthan.gov.in | Email Id - ro.jaipursouth@gmail.com Phone-0141-4068311
पर्यावरण स्वीकृती हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना
सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना क्रमांक एस. ओ. 1533 दिनांक 14/09/2006 के प्रावधानों के अनुसार Public Hearing for grant of Environmental Clearance to M/s. Mangala Product Private Limited for proposed MS Billets/Ingots @ 2,37,600 TPA and TMT Bar/Structural Items / Pipes @ 2,97,000 TPA manufacturing unit at Plot No. SP-187 to 189 (A) and SP-187-189 (B), RIICO Industrial Area, Bagru Extn. Phase-II, Bagru, Teh. Sanganer, District- Jaipur, Rajasthan के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किये गये है।
उपरोक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09. 2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है। अतः समस्त सबंधित को इस नोटिस के माध्यम से एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित लोक सुनवाई हेतु दिनांक 21 जुलाई, 2023 को प्रातः 11:00 बजे M/s Mangala Product Private Limited, Address:- Plot No. SP-187 to 189 (A) and SP-187-189 (B), RIICO Industrial Area, Bagru Extn. Phase-II, Bagru, Teh. Sanganer, District-Jaipur, में उपस्थित होकर आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है।
इस सम्बन्ध में लिखित सुझाव / आक्षेप इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 30 दिवस की अवधि में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय कार्यालय, 8/263, जवाहर सर्किल के पास, मालवीय नगर, जयपुर (ईमेलः- ro.jaipursouth@gmail.com) अथवा मुख्यालय, रा.प्र.नि.मं., 04 - संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर में भी प्रस्तुत किये जा सकते है।
उक्त परियोजना से संबंधित पर्यावरण प्रभाव आंकलन रिपोर्ट (ई.आई.ए. रिपोर्ट) एवं कार्यकारी सांराश रिपोर्ट (हिन्दी एवं अंग्रेजी) निम्नांकित कार्यालयों में उपलब्ध है-
(1) क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल जयपुर (दक्षिण), 8 / 263, मालवीय नगर, जयपुर। (2) मुख्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 04 - संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर। (3) पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर। (4) क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार, अरण्य भवन, जयपुर (5) अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर (उत्तर) जयपुर। (6) कार्यालय उपखण्ड अधिकारी / तहसीलदार, सांगानेर, जयपुर। (7) जिला उद्योग केन्द्र, जयपुर (ग्रामीण), उद्योग भवन तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। (8) राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन लिमिटेड (रीको), जयपुर (ग्रामीण), 22 गोदाम, जयपुर। (9) जिला परिषद, सवाई जय सिंह हाईवे, बनीपार्क, जयपुर।
प्रस्तावित लोक सुनवाई वैश्विक महामारी (कोविड - 19) से संबंधित केन्द्रीय / राज्य सरकार द्वारा समय समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी पूर्वाधान / सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।
-sd-
(अरविन्द कुमार)
क्षेत्रीय अधिकारी

# अतिरिक्त आयुक्त के निलंबन की मांग पर महापौर मुनेश व पार्षदों का धरना यथावत

## साधारण सभा में मंजूर पार्षदों के लिए 5-5 बीट कर्मचारियों के टैंडर का वर्क ऑर्डर देने के बजाए फाइल दबाए बैठे हैं राजेन्द्र वर्मा, जानकारी मांगने पर अभद्रता की : मुनेश गुर्जर

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। हैरिटेज निगम में महापौर मुनेश गुर्जर और 50 कांग्रेस-निर्दलीय पार्षद फिलहाल अतिरिक्त आयुक्त राजेंद्र वर्मा के निलंबन की मांग पर अड़ गए है। शनिवार को लगातार दूसरे दिन भी मेयर व उनके सहयोगी पार्षदों ने अपना धरना जारी रखा और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर इस्तीफे की पेशकश भी कर दी। इनका आरोप है कि अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा ने मेयर मुनेश गुर्जर और महिला पार्षदों से अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। उधर, मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने इस मामले का जल्द निपटारा कराने की बात कही है।

महापौर मुनेश गुर्जर का आरोप है कि जनता की सेवा के बजाय राजेन्द्र वर्मा ने मानसून से जुड़े आवश्यक कार्यों की फाइलों को अटका रखा है, 15 जून तक फ्लड कंट्रोल के काम शुरू होने होते हैं, इसमें जो भी उपयुक्त सामग्री है, उसका भी टैंडर समेत पूरा काम हो जाना चाहिए था। एडिशनल कमिश्नर ने उस टैंडर को 3 दिन और बढ़ा दिया है।

इसके अलावा साधारण सभा में मंजूर हुई बीट कर्मचारियों की फाइल को भी वर्क आर्डर देने के बजाय रोका हुआ है। जब इस संबंध में उनसे वार्ता की तो टका सा जवाब दिया कि तुम्हारे में हिम्मत है, तो तुम कर लो, तुम साइन कर दो। इसके अलावा महिला पार्षदों से भी अभद्रता से बातचीत की। यही नहीं मेयर की कुर्सी तक पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि निगम को ऐसे अधिकारी की जरूरत नहीं, जिन्हें अपनी भाषा पर और कार्यशैली पर कंट्रोल न हो। अब सिर्फ एक मांग है राजेंद्र वर्मा सस्पेंड हो और इसी मांग को लेकर मुख्यमंत्री तक अपनी बात रखते हुए करीब 50 पार्षदों ने इस्तीफे की पेशकश की है।



हैरिटेज निगम में अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा की कार्यशैली से नाराज महापौर मुनेश गुर्जर और पार्षदों ने शनिवार को भी अपना धरना जारी रखा।

- **महापौर मुनेश गुर्जर और 50 पार्षदों ने इस मामले में कार्रवाई नहीं होने पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस्तीफे की पेशकश की**
- **वरिष्ठ पार्षद उमरदराज ने कहा कि, ''बीते 4 कार्यकाल से नगर निगम में हूं, लेकिन ऐसा अधिकारी कभी नहीं देखा जो पार्षद तो क्या मेयर और विधायक का फोन नहीं उठा रहा''**

दूसरी ओर उपमहापौर असलम फारुकी ने कहा कि ये धरना भ्रष्ट और हठधर्मी अधिकारियों के खिलाफ है। जनता के हित में पार्षदों ने एडिशनल कमिश्नर के सामने अपनी बातें रखी थी, उन्होंने जवाब में अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया, मेयर की कुर्सी पर बैठ गए और गुर्जर आंदोलन में भी गोली चलवा देने की बात कही। अगर राजेंद्र वर्मा जैसे अधिकारी निगम में काम करेंगे, तो उनके साथ काम नहीं कर सकते, इसलिए इस्तीफे पेश किए गए हैं।

वरिष्ठ पार्षद उमर दराज ने कहा कि वो बीते चार कार्यकाल से नगर निगम में है, लेकिन ऐसा अधिकारी कभी नहीं देखा जो पार्षद तो क्या मेयर और विधायक का फोन नहीं उठा रहा।

जब उनसे मुलाकात की तो उन्होंने मेयर और महिला पार्षद से अभद्र भाषा का प्रयोग किया। अब लडाई मान-सम्मान की है और जब तक सरकार राजेन्द्र वर्मा को सस्पैंड नहीं करती, तब तक धरना जारी रहेगा। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस व निर्दलीय पार्षदों के धरने के बीच सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के 12 पार्षद मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के आवास पर पहुंचे। यहां पार्षदों से वार्ता के बाद मंत्री खाचरियावास ने कहा कि महापौर भी सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र से ही पार्षद हैं, उन्हें पार्षदों की सिफारिश पर ही मेयर बनाया गया, मेयर सरकार का हिस्सा है और पार्षद हमारा बोर्ड है।

पार्षदों ने बीट पर कर्मचारियों को लगाने वाले मामले की जानकारी दी है। इस संबंध में आयुक्त राजेंद्र सिंह से बात हो गई है। जहां तक अतिरिक्त आयुक्त को हटाए जाने का सवाल है, तो अभी हेरिटेज निगम में हुए घटनाक्रम की पूरी जानकारी नहीं है, हालांकि उनसे खुद राजेंद्र वर्मा भी आकर मिले। कुछ पार्षद भी मिलने आने वाले थे, लेकिन ये बात तय है कि पार्षदों का सम्मान रखा जाएगा। यदि अधिकारी दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। बहरहाल पार्षदों ने जो धरना दिया है, उसकी सूचना भी सरकार को नहीं दी गई, जहां तक इस्तीफे की बात है तो उन्हें अब तक कोई इस्तीफा मिला नहीं है, इस संबंध में भी वो खुद मंत्री महेश जोशी और विधायकों को भी साथ लेकर बैठकर समाधान निकालेंगे।

# नौ युवा कलाकार, नौ तरह की आर्ट के रंग एक ही जगह आये साकार

**जयपुर** (कासं)। मधुबनी आर्ट से लेकर कलमकारी आर्ट, ट्राइबल आर्ट से राजस्थानी आर्ट और मॉडर्न पेंटिंग तक के रंग जयपुर में एक ही जगह नज़र आए।

ये अद्भुत सतरंगी नज़ारा था, 16 जून को शुरू होने वाली तीन दिवसीय मंडला आर्ट गैलरी की चित्र कला प्रदर्शनी में। मोबाइल और गैजेट्स में उलझी युवा पीढ़ी को अपने पारम्परिक हुनर से रूबरू कराने वाली कलाकार और आयोजक है, वसुधा शर्मा।

युवा कलाकार और मंडला आर्ट गैलरी की संस्थापक वसुधा शर्मा ने बताया कि, विद्याधर नगर में लगने वाली इस चित्र प्रदर्शनी में 9 युवा कलाकारों ने अपनी 50 से ज्यादा पेंटिंग्स और विभिन्न हस्तकलाओं का प्रदर्शन किया।

उल्लेखनीय है कि ये अधिकतर कलाकार 15 से 16 वर्ष की उम्र के हैं। वसुधा ने प्रदर्शनी के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि, आजकल बच्चे सृजनात्मक कामों से दूर होकर मोबाइल और गैजेट में उलझते जा रहे हैं। जरूरत है कि वो अपने जडों की ओर फिर लौटे और अपनी पारपंरिक कलाओं को संजोकर रखे।

शहर के टीन-एज कलाकारों की विविध कलाओं से सजी मंडला आर्ट गैलरी की इस चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय स्तर के चित्रकार और मुख्य अतिथि रामू जी रामदेव ने किया। साथ ही इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि एमजीपीएस की प्रिंसिपल डॉ. सुनिता वशिष्ठ भी बच्चों का उत्साह बढाने के लिए मौजूद थीं। साथ ही, वरिष्ठ लघुकला कलाकार नाथू लाल वर्मा एवं कैंडलविक स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. राज राठौड ने भी प्रदर्शनी में आकर बच्चों का उत्साह बढाया।



मंडला आर्ट गैलरी की चित्र कला प्रदर्शनी का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय चित्रकार व मुख्य अतिथि रामू जी. रामदेव ने किया। इस मौके पर आयोजक वसुधा शर्मा और विशिष्ट अतिथि एम.जी.पी.एस. की प्रिंसिपल डॉ. सुनिता वशिष्ठ मौजूद थी।

## यूजर चार्ज के विरोध में उतरा व्यापार मंडल

**जयपुर** (कासं)। जयपुर व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर से मुलाकात कर एक ज्ञापन देकर यूजर चार्ज को लेकर विरोध जताया। जयपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ. ललित सिंह सांचौरा और संरक्षक रवि नैयर ने बताया कि जयपुर व्यापार मंडल यूजर चार्ज के विरोध में है। जब निगम पहले ही यूडी टैक्स वसूल रहा है उस पर अब एक नया टैक्स लगाकर व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फ्यूल सरचार्ज ने बिजली के बिल में 30 फीसदी से 40 फीसदी तक की वृद्धि कर दी है। सांचौरा के मुताबिक महापौर सौम्या गुर्जर से बात करने के बाद निर्णय लिया कि शीघ्र ही जयपुर व्यापार मंडल के प्रतिनिधि नगर निगम के साथ बैठक करेंगे।

# राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्रों के बीच मारपीट

## गाड़ियों के शीशे फोड़े, झगड़े में 4 घायल

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान यूनिवर्सिटी में एडमिशन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही हंगामे का सिलसिला भी शुरू हो गया है। शनिवार को यूनिवर्सिटी कैंपस में डीएसडब्ल्यू ऑफिस के बाहर छात्रों ने जमकर उपद्रव किया। इस दौरान एनएसयूआई के राहुल मेहला की गाड़ियों में तोड़फोड़ की। इस झगड़े में चार छात्र घायल हो गए। इसके बाद नाराज छात्रों ने कुलपति सचिवालय में धरना शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर करीब दोपहर साढ़े बारह बजे एनएसयूआई के कार्यकर्ता छात्र संघ महासचिव अरविंद जाजड़ा के कार्यालय के बाहर खड़े थे। वहां मौजूद दो छात्रा आपस में झगड़ने लगे। कुछ ही देर बाद छात्र नेता हेमंत पुजारी की गाड़ी में बैठकर कुछ छात्र मौके पर पहुंच गए। उन्होंने राहुल मेहला के समर्थकों से मारपीट शुरू कर दी और गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। इस पूरे घटनाक्रम में दो छात्राएं और एक छात्र भी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस पूरे घटनाक्रम के बाद दोपहर लगभग डेढ़ बजे एनएसयूआई के कार्यकर्ता कुलपति सचिवालय पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। मौके पर मौजूद छात्राओं का कहना है कि उनके साथ कुछ छात्रों ने छेड़छाड़ की। साथ ही यूनिवर्सिटी के दो छात्रों से मारपीट भी की है। ऐसे में जब तक यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा दोषी छात्रों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। हम कुलपति सचिवालय में ही अपना धरना जारी रखेंगे।

यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा छात्रों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए छात्रसंघ पदाधिकारियों को अगले 48 घंटे में कार्यालय खाली करने के आदेश जारी कर दिए हैं। अगर इसके बाद भी किसी पदाधिकारी ने कार्यालय खाली नहीं किया। यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही जिन छात्रों के साथ आज मारपीट हुई है। उनमें भी दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। ऐसे में पुलिस द्वारा जांच के बाद ही इस मामले पर कोई फैसला किया जाएगा।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**जयपुर**। जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में एक महिला की अस्मत लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 38 वर्षीया महिला ने रिपोर्ट दी है। आरोप है राजेश गुर्जर शादी का झांसा देकर जनवरी 2018 से कई होटलों में देहशोषण करता आ रहा है। कुछ दिन पहले पीड़िता ने उस पर शादी का दबाव बनाया तो वह मारपीट कर फरार हो गया।

# मंत्रालयिक एकता मंच का अनशन समाप्त

**जयपुर**। मंत्रालयिक एकता मंच की ओर से जयपुर में पिछले 94 दिन से चल रहा क्रमिक अनशन शनिवार को मुख्यमंत्री से वार्ता के बाद समाप्त हो गया।

मंत्रालयिक एकता मंच के प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि एकता मंच की गत 2 दिनों से कार्मिक विभाग से चल रही वार्ता में इस समझौते से सहमत नहीं होने के कारण शनिवार को मुख्यमंत्री ने अपने निवास पर वार्ता के लिए बुलाया। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रूप दिखाते हुए वार्ता में मौजूद प्रमुख कार्मिक सचिव हेमंत गेरा मुख्यमंत्री की सचिव आरती डोगरा एवं विशेष अधिकारी ललित कुमार को आगामी दो दिवस में वार्ता करवाने तथा वार्ता से उन्हें अवगत करवाने के निर्देश प्रदान किये। मुख्यमंत्री द्वारा क्रमिक अनशन समाप्त किए जाने के अनुरोध पर मुख्यमंत्री निवास पर वार्ता में मौजूद दो क्रमिक अनशनकारी सुरेश धाभाई एवं रामनरेश जाटवा का अनशन समाप्त करवाया गया। इसके बाद शहीद स्मारक पर अनशन कर रहे कार्मिको को भी गजेंद्र सिंह राठौड़, राजेश पारीक, सुरेश धाभाई एवं देवेंद्र सिंह नरूका द्वारा जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया गया। इससे पहले अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर शहीद स्मारक पर आज 94वें दिन भी क्रमिक अनशन जारी रहा। आज सुरेश धाभाई के नेतृत्व में जेवीवीएनएल के राम नरेश जाटवा, दीपेंद्र सिंह मेहता, हरीश शर्मा, निखिल तिवारी, लोकेश मीणा, मनीष सोनी मौजूद थे।

- **पिछले 94 दिन से जारी यह अनशन शनिवार को मुख्यमंत्री से वार्ता के बाद खत्म हुआ**

# चाचा-बुआ ने भतीजी को 2 लाख में बेचा

**जयपुर** (कासं)। शास्त्री नगर इलाके में एक लड़की को 2 लाख रुपए में बेचने का मामला सामने आया है। रुपए लेकर दोगुनी उम्र के व्यक्ति से उसकी जबरन शादी करवा दी। 16 दिन दरिंदगी का शिकार होने पर वह घर छोड़कर भाग निकली। शास्त्री नगर थाने में पीड़िता ने पति पर रेप का आरोप लगाते हुए परिवारवालों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर निवासी 19 साल की लड़की ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोप है कि उसके चाचा-बुआ ने 2 लाख रुपए में उसका सौदा किया। 2 लाख रुपए लेकर उसकी बिना सहमति के दोगुनी उम्र के व्यक्ति से विवाह सम्मेलन में शादी करवा दी। गुजरात ले जाकर पति ने जबरन उसके साथ रेप किया। उसके परिवारवालों से शिकायत करने पर उन्होंने धमकाया। करीब 2 लाख रुपए में खरीदकर लाए है, तू हमारी नौकरानी है। गत 30 अप्रैल से 16 मई तक लगाकर आरोपी पति ने उसके साथ जबरदस्ती रेप किया। चाय में नींद की गोलियां मिलाकर उसे पिलाई जाती। विरोध करने पर उसके परिवार ने जान से मारकर गटर के नाले में बहाने की धमकी दी। इसके बाद 17 मई की सुबह मौका मिलने पर वह चुपचाप घर से भाग निकली। गुजरात से ट्रेन में बैठकर जयपुर आ गई। आरोप है कि चाचा-बुआ ने उसे वापस सुसराल जाने के लिए जान से मारने की धमकी दी। जबरदस्ती बांधकर वापस ससुराल भेजने के लिए धमकाने लगे। आरोप है कि उसका चाचा भी गलत नजर रखता था। मौका मिलने पर उसके साथ छेड़छाड़ करता था। परेशान होकर पीड़िता ने थाने पहुंचकर पति पर दुष्कर्म करने का तथा अपने परिवार के खिलाफ बेचने का मामला दर्ज करवाया।

- **परिवारजनों ने दोगुनी उम्र के व्यक्ति से करवाई शादी**
- **दरिंदगी का शिकार होने पर ससुराल से भागी पीड़िता**

# हाईटेंशन लाइन के नीचे 'अवैध' पार्षद कार्यालय बना रहा है ग्रेटर नगर निगम

## वार्ड 60 के दशहरा मैदान में पार्क के सटी भूमि पर किया जा रहा है निर्माण



पृथ्वीराज नगर की रजनी विहार कॉलोनी में हाईटेंशन विद्युत लाइन के नीचे पार्षद कार्यालय का निर्माण किया जा रहा है।

- **स्थानीय लोगों ने हाईटेंशन लाइन के नीचे अवैध निर्माण पर आपत्ति जताई, लेकिन ठेकेदार और इंजीनियर्स ने काम बंद नहीं किया**
- **राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम के अधिशाषी अभियंता रमेशचंद्र ने अवैध पार्षद कार्यालय का निर्माण बंद कराने के लिए जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी को पत्र भेजा**

**जयपुर** (कासं)। पूर्व मेयर शील धाबाई के वार्ड 60 में ग्रेटर निगम प्रशासन हाईटेंशन विद्युत लाइन के नीचे अवैध तरीके से पार्षद कार्यालय का निर्माण करने में जुटा है। रजनी विहार क्षेत्र के दशहरा मैदान में जिस जगह पर रातोंरात यह पार्षद कार्यालय बनाया जा रहा है, वह जगह हाईटेंशन विद्युत लाइन से प्रभावित है। दूसरी तरफ यह जगह पार्क के किनारे सड़क सीमा को भी प्रभावित कर रही है। भले ही जेडीए व नगर निगम के अधिकारी इस निर्माण को सही बताकर क्लीन चिट देने में जुटे हैं, लेकिन राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम के अधिशाषी अभियंता रमेश चंद्र ने इसे पूरी तरह से अवैध बता दिया है। साथ ही उन्होंने जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी को पत्र लिखकर कहा है कि 132 केवी की इस हाईटेंशन लाइन के नीचे बन रहा पार्षद कार्यालय पूरी तरह से असुरक्षित और अवैध है, इसलिए इस निर्माण को रोका जाये।

मजेदार बात यह है कि ग्रेटर निगम के अधिकारी और ठेकेदार, भूमाफियाओं की तरह छुट्टी के दिनों में इस पार्षद कार्यालय का निर्माण करने में जुटे है। पिछले दिनों रजनी विहार क्षेत्र के लोगों और पृथ्वीराज नगर जन अधिकार संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट घनश्याम सिंह ने इस अवैध निर्माण पर आपत्ति जताई थी। इसके बाद जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी को शिकायती पत्र भी भेजा, इसके बावजूद ना तो जेडीए के अधिकारियों ने इस अवैध निर्माण को बंद कराया और ना ही नगर निगम के इंजीनियर्स ने।

ग्रेटर निगम मुख्यालय के अधिशाषी अभियंता महेश मिश्रा ने पिछले दिनों कनिष्ठ अभियंता को मौके पर भेजकर नापजोख भी करवाई थी, लेकिन उन्होंने भी इसे जायज ठहरा दिया। इसके बाद शनिवार सुबह ठेकेदार के कर्मचारी और मजदूरों ने मौके पर निर्माण कार्य शुरू करवा दिया। जिसका विरोध शुरू हो गया है। रविवार सुबह स्थानीय सैकड़ों लोग निर्माणस्थल पर धरना देकर विरोध जताएंगे।

उधर राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम के अधिशाषी अभियंता रमेश चंद्र ने जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी को पत्र लिखकर इस पार्षद कार्यालय के अवैध निर्माण को रूकवाने के लिए कहा है। इस पत्र में लिखा कि हीरापुरा लाइन के नीचे रजनी विहार में हाईटेंशन विद्युत लाइन के टावर नंबर 37-38 के बीच दशहरा मैदान में यह पार्षद कार्यालय अनाधिकृत रूप से बनाया जा रहा है, जो कि भारतीय विद्युत नियम 1956 की धारा 80 व 82 का उल्लंघन है एवं धारा 140, 140-ए व 141 के तहत दण्डनीय अपराध है। यह निर्माण कार्य 132 केवी की हाईटेंशन लाइन के नीचे चल रहा है, ऐसे में यहां कोई भी दुर्घटना हो सकती है।

पृथ्वीराज नगर जनअधिकार संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट घनश्याम सिंह ने बताया कि विद्युत विभाग की आपत्ति के बावजूद नगर निगम के अधिकारी और ठेकेदार शनिवार-रविवार की छुट्टियों की आड़ में यह अवैध निर्माण कराने में जुटे है। जिस जगह पर निर्माण हो रहा है, वहां कॉलोनी की जलापूर्ति के लिए भूमिगत पेयजल पाइपलाइन बिछी है, इससे कॉलोनी वासियों को जलापूर्ति किया जाना अवरुद्ध होना निश्चित है।

# प्रेमी संग भागी महिला को झोटवाड़ा पुलिस ने ढूंढा

**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा थाने में तीन नाबालिग बच्चे अपनी मां से मिलने के लिए सुबह से जतन कर रहे हैं, लेकिन बच्चों की मां इनसे मिलना ही नहीं चाहती है। वह केवल अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है। बच्चे भी अपनी मां का यह रूप देख कर थाने से नहीं जा रहे हैं। महिला को समझाने के लिए पति, सास-ससुर सभी ने कई प्रयास किए लेकिन महिला नहीं मानी। एक एनजीओ से महिला बच्चों की परेशानी सुन कर थाने पहुंची लेकिन महिला के व्यवहार पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

झोटवाड़ा थाना पुलिस ने बताया कि पीड़ित राजकुमार ने 6 जून को थाने में अपनी 40 वर्षीय पत्नी चंदा की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। राजकुमार ने बताया कि सुबह 11 बजे उसकी पत्नी घर से सब्जी लेने के लिए निकली थी, लेकिन शाम तक वह घर नहीं पहुंची। इस पर परिवार को चिंता हुई और परिवार ने थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने महिला का मोबाइल सर्विलांस पर रखा था, लोकेशन मध्यप्रदेश की आ रही थी। झोटवाड़ा थाना पुलिस मध्यप्रदेश पहुंची और महिला को लेकर जयपुर आई। यहां पर महिला ने परिवार के साथ जाने से इनकार कर दिया। उसका कहना है कि वह एक व्यक्ति से प्रेम करती है और उसी के साथ अपना जीवन बिताएगी। बच्चों को जब इन सब बातों का पता चला तो बच्चे मां से मिलने के लिए थाने पहुंचे, लेकिन महिला ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया। महिला के पति और सास-ससुर ने भी काफी प्रयास किया लेकिन महिला नहीं मानी। पुलिस ने भी महिला को समझाने का प्रयास किया लेकिन फिर भी महिला ने उसके परिवार के साथ जाने से इनकार कर दिया। चंदा देवी की इस हरकत से बच्चों का थाने में रो-रो कर बुरा हाल हो चुका है। अंकित (12), पूनम (9) और कोमल (8) अपनी मां को मनाने का हर संभव प्रयास कर चुके हैं। बच्चे इस बात को समझ नहीं पा रहे हैं कि उनकी मां ऐसा व्यवहार क्यों कर रही है। बच्चे मां के इस रवैये से खासे परेशान हो चुके हैं। वहीं पति राजकुमार भी बच्चों के साथ थाने के बाहर खड़ा है उसके पास बच्चों को देने के लिए जवाब नहीं है कि उनकी मां अब उन्हें क्यों नहीं अपना रही।

## सार-समाचार

### फर्जी अभ्यर्थी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर** (कासं)। गांधीनगर थाना पुलिस ने एक फर्जी अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है। जांच-अधिकारी एसआई प्रह्लाद नारायण ने बताया गिरफ्तार आरोपित श्रवण कुमार (22) सांचौर हाल कटेवा नगर का रहने वाला है। आरोपित श्रवण 16 जून को राजस्थान यूनिवर्सिटी में विधि विधालय में चल रही तृतीय वर्ष की परीक्षा में महेंद्र विश्नोई की जगह पेपर देने आया था, जिसे प्रवेश पत्र में फोटो मिलान नहीं होने पर पकड़ा गया है। आरोपी शराबी किस्म का युवक है, जोकि दोस्ती में पेपर देने आया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया। वहीं, इसी परीक्षा में जूते में नक़ल पर्ची रख कर लाया युवक प्रियांशु वशिष्ठ को आतंरिक उड़नदस्ते ने नक़ल करते हुए पकड़ लिया, जोकि उड़नदस्ते को गच्चा देकर फरार हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

### करधनी में होटलकर्मी पर हमला

**जयपुर** (कासं)। करधनी इलाके में एक होटलकर्मी पर हमले का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया लक्ष्मी नगर, कनकपुरा निवासी राजेश सैनी ने रिपोर्ट दी है कि वह अपने साले कमल के साथ गोकुलपुरा फाटक पर रेस्टोरेंट चलाता है। अशोक सैनी पर वह 6 हजार रूपए उधारी मांगता है। घटनाक्रम के अनुसार 15 जून की रात अशोक 6-7 साथियों सहित रेस्टोरेंट पर आया और उधार खाना मांगने लगा। पीड़ित ने मना किया तो अशोक और उसके साथियों ने हमला कर दिया। आरोप है अशोक ने राजेश और कमल पर कुल्हाड़ी से हमला किया, जिससे दोनों को चोटें आई हैं। वहीं, पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### धानका समाज का धरना कल

**जयपुर**, (का.सं.)। धानका जनजाति के प्रमाण पत्रों पर रोक लगाने का विरोध करते हुए समाज 19 जून को धरना देगा। राजस्थान धानका समाज जनजाति संघर्ष समिति के अध्यक्ष रामनारायण धानका ने बताया कि एक दिवसीय धरने का कार्यक्रम शहीद स्मारक पर रखा गया है।

### अचरावाला में पंच कुंडीय गायत्री यज्ञ

**जयपुर** (कासं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ वाटिका की ओर से रविवार को सांगानेर के अचरावाला स्थित श्रीराम धाम मंदिर में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को मंदिर महंत कन्हैया लाल शर्मा सान्निध्य में महाआरती की गई। विवेक शर्मा, गणेश नारायण शर्मा, मदनलाल शर्मा, राकेश शर्मा, रमेश प्रधान, गोलू चेला, मनोज पारीक, बलवीर सिहाग एवं अन्य ने घर-घर जाकर लोगों को हवन में आने का न्यौता दिया। विवेक शर्मा ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की टोली यज्ञ संपन्न करवाएगी।

### धोखाधड़ी मामले में आरोपी पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। करणी विहार थाना जमीनी धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (वेस्ट) वन्दिता राणा ने बताया गिरफ्तार आरोपित राजेंद्र प्रसाद मेहता (38) गांव केरिया का बास, बगरू हाल शिव पार्क कॉलोनी, पांच्यावाला का रहने वाला है। आरोपी ने शिव पार्क कॉलोनी स्थित परिवादी निर्मल जैन के 7 भूखंडों के सोसायटी के फर्जी पट्टे बना कर जेडीए में आवेदन किया था। इस पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया।



## International Picnic Day

It's often claimed that life is no picnic - but today it is! International Picnic Day is a chance to eat out in the open air with friends or family. Placed conveniently in the middle of June, for many people this means that the weather should be fine and the sun shining. But even if the weather doesn't want to cooperate, an inside picnic can be a great substitute. Just spread a blanket out on the floor and enjoy a simple meal! So get that picnic basket ready and get started celebrating International Picnic Day.

*With this issue we are introducing a new format that showcases the works of many Jaipur artists and professionals we think should be brought to the attention of our readers. We start with the works of Nihal Mathur and his unique stamp presentations. He tells the Story of Flight by arranging his stamps in historically sequential order to tell the tale. There are in all 38 presentations that takes the reader from the beginning made by the early pioneers and ends with modern aircrafts today.*

*-Editor*




Concept and Design by Nihal Mathur
Computer Graphics by Bharat Kumawat



**Nihal Mathur,** *Filmmaker, writer*

After graduating from Delhi University, Nihal Mathur led a career of an inveterate freelancer who continually moved from one project to another almost all his life. He worked in film / television for over 30 years producing and directing documentaries for both NGO & corporate sectors. He also worked with foreign networks in roles as diverse as researcher & line producer. He also had the opportunity to work with foreign feature films, TV serials, commercial and ad films. Besides film & television, Nihal has also worked as a photojournalist, contributing to various newspapers and magazines in India and abroad. The focus of his stories has largely been on history, art, culture and wildlife. He has been an avid photographer whose pictures have been printed in calendars, posters, brochures and mounted in exhibitions. He has written professionally for many clients. He took early retirement from professional jobs and went to Todgarh Raoli Wildlife Sanctuary where he lived abutting the forest for 3 years working with people on projects related to wildlife conservation, biodiversity & empowerment of the local people. He started Ecopanions Society, an initiative to communicate the importance of ecology, the story of resources and the lessons in sustainability to all age groups and people. With mounting health issues, he is now in retirement sorting out his humongous collection of stamps into different themes and presenting them as pieces of wall art. The most significant thing about Nihal is that he lived with his Guru for twenty years, before he passed away.

# The Dreamers




## Philatelic Annals of Aviation

Mankind has long dreamt of taking off from this earth bound existence and leap into the sky to fly like a bird. Throughout human history there are enough references in various mythological characters that flew. But Leonardo da Vinci's drawings of his flying contraptions were the first tangible examples of human endeavour to fly. These drawing still survive from 15th century and are on restricted exhibit in Florence. It was during the 1800s, when there was a lot of experimentation by many dreamers to get airborne in Europe. Almost everywhere - Germany, Britain, France, Belgium, Poland, Turkey etc. many tried to create machines that would lift into the air. First to appear were the lighter than air balloons and airships that rose into the skies carrying people. Then came the Gliders, some of them powered by steam. But in practice, they were incapable of flight since they were heavy and generated insufficient power to get airborne. There were others who launched themselves from high ground or scaffoldings. But one of the most celebrated early dreamers was Otto Lilienthal, a German pioneer of aviation, who made many successful flights with gliders, albeit without power on board.

# जे.ई.ई.-एडवांस्ड का रिजल्ट और फाइनल आंसर की आज जारी होगी

## पेपर के डिफिकल्टी को देखते हुए जारी कटऑफ में बदलाव संभव

**कोटा, (निसं)।** कोटा कोचिंग के लिए रविवार को बड़ा दिन होगा। देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड का परिणाम 18 जून, रविवार को सुबह 10 बजे जारी किया जाएगा। आईआईटी गुवाहाटी द्वारा चार जून को दो पारियों में यह परीक्षा देश के 221 परीक्षा शहरों में आयोजित हुई थी। परिणाम के साथ-साथ फाइनल आंसर की भी जारी की जाएगी। इस वर्ष पिछले 11 वर्षों के मुकाबले सर्वाधिक 1 लाख 90 हजार विद्यार्थियों ने जेईई-एडवांस्ड परीक्षा के लिए पंजीकरण करवाया था।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा के अनुसार जेईई-एडवांस्ड परीक्षा का परिणाम एवं कटऑफ 15 अक्टूबर को सुबह 10 बजे जारी किया जाएगा। परिणामों में विद्यार्थियों की ऑल इंडिया रैंक के साथ-साथ कैटेगिरी रैंक भी जारी होगी। पूर्व में जारी की गई आंसर की के लिए विद्यार्थियों के फीडबैक भी ले लिए गए हैं। परिणामों में काउंसलिंग के लिए क्वालीफाईड विद्यार्थी ही 23 आईआईटी की 16598 (गत वर्ष तक) सीटों पर प्रवेश ले सकेंगे। यूं तो जेईई-एडवांस्ड इनफोर्मेशन बुलेटिन के अनुसार मेरिट लिस्ट में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को विषयवार एवं औसतन दोनों कटऑफ पहले ही घोषित की जा चुकी है, जो कि सामान्य

> ■ **आईआईटी गुवाहाटी द्वारा चार जून को दो पारियों में यह परीक्षा देश के 221 परीक्षा शहरों में आयोजित हुई थी**

श्रेणी के लिए विषयवार 10 प्रतिशत व औसतन 35 प्रतिशत तथा ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए विषयवार 9 प्रतिशत एवं औसतन 31.5 प्रतिशत है।

आहूजा ने बताया कि वहीं एससी व एसटी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विषयवार 5 प्रतिशत एवं औसतन 17.5 प्रतिशत है। परन्तु गत वर्षों में भी पूर्व में जारी कटऑफ को कम किया गया था। गत वर्ष आईआईटी की कुल 16598 सीटों के लिए (सुपेरनुमेररी मिलाकर) 40712 विद्यार्थी इससे पूर्व 2021 में कुल 16053 सीटों के लिए 43204 विद्यार्थी इससे पूर्व वर्ष 2020 में 12463 सीटों के लिए 38705 विद्यार्थी एवं 2019 में आईआईटी की कुल 11279 सीटों के लिए 31988 विद्यार्थियों को काउंसलिंग के लिए क़्वालीफाई किया गया था।

इस वर्ष आईआईटी में लड़कियों के लिए कोटा 20 प्रतिशत एवं ईडब्ल्यूएस रिजर्वेशन को 10 प्रतिशत रखा गया है जिसे देखते हुए इस वर्ष भी आईआईटी में सीटें बढ़ सकती है और गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष ज्यादा विद्यार्थियों को काउंसलिंग कॉल आ सकते हैं। इस वर्ष जेईई-एडवांस्ड परीक्षा कुल 360 अंकों की हुई, जिसमें पेपर-1 एवं पेपर-2 दोनों ही 180-180 अंकों के थे। आहूजा ने बताया कि जेईई-एडवांस्ड का परिणाम जारी होने के अगले दिन ही आईआईटी एनआईटी में प्रवेश के लिए होने वाली जोसा काउंसलिंग 19 जून से 31 जुलाई के मध्य 6 राउंड में होगी। काउंसलिंग में विद्यार्थियों को 23 आईआईटी, 32 एनआईटी, 26 ट्रिपलआईटी एवं 35 जीएफटीआई सहित 116 कॉलेजों की 700 से अधिक कॉलेजज ब्रांचेज को प्राथमिकता के घटते क्रम में भरना होगा।

# उप प्रधानाचार्य की पदौन्नति में अंतरिम रूप से सम्मिलित करने का आदेश

## राजस्थान उच्च न्यायालय के अवकाशकालीन न्यायाधीश ने आदेश प्रदान किया

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय के अवकाशकालीन न्यायाधीश मदन गोपाल व्यास ने डूंगरपुर जिले के माध्यमिक शिक्षा विभाग में विभिन्न स्कूलों में स्कूल व्याख्याता के पद पर कार्यरत प्रवीण जैन, दिनेश चन्द्र मनात एवं गजेन्द्र सिंह चौहान की संयुक्त रिट याचिका को अंतरिम रूप से स्वीकार करते हुए उन्हे स्कूल व्याख्याता से उप प्रधानाचार्य (वाईस प्रिंसीपल) के पद पर हो रही पदौन्नति में अंतरिम रूप से सम्मिलित करने का आदेश प्रदान किया है।

डूंगरपुर जिले में माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत संचालित विभिन्न विद्यालय में प्रवीण जैन स्कूल व्याख्याता (इतिहास), दिनेश चन्द्र मनात् स्कूल व्याख्याता (जीव विज्ञान) व गजेन्द्र सिंह चौहान, स्कूल व्याख्याता (इतिहास) के पद पर कार्यरत है। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल व्याख्याता के पद से उप प्राचार्य के पद हेतु पदौन्नति हेतु पात्रता सूची दिनांक 21 नवंबर 2022 को जारी की गई। इस पात्रता सूची में तीनों याचिकाकर्ताओं का नाम क्रमशः 984, 5586 व 5801 पर दर्ज था। इस वरिष्ठता सूची के साथ विभाग द्वारा प्रत्येक कर्मचारी से संतान सम्बंधी घोषणा पत्र भी सभी स्कूल व्याख्यताओं से मांगा गया। विभाग द्वारा घोषणा पत्र में यह मांगा गया कि किसी कर्मचारी के 01 जून 2002 के पश्चात् तीसरी संतान नहीं है इस घोषणा पत्र को इस प्रारूप में भरकर विभाग के समक्ष प्रस्तुत करना है। इसका प्रारूप भी जारी किया गया। तीनों प्रार्थियों द्वारा विभाग द्वारा जारी प्रारूप को भरकर विभाग के समक्ष 23 नवंबर 2022 को घोषणा पत्र प्रस्तुत कर दिया गया। इस घोषणा पत्र मे तीनों प्रार्थीयों ने स्पष्ट अंकित किया कि तीनों के केवल दो-दो संतान ही है। कोई तीसरी संतान तीनों याचिकाकताओ के है ही नहीं।

> ■ **माध्यमिक शिक्षा विभाग में पदौन्नति का मामला**

निर्देशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर द्वारा 21 फरवरी 2023 को पदौन्नति के लिए अपात्र स्कूल व्याख्याताओं की सूची जारी की गयी। इस सूची में इन तीनों के नाम के आगे विभाग द्वारा स्पष्ट रूप से अंकित किया गया कि इन तीनों के 1 जून 2002 के पश्चात तीन संतान होने के कारण इन्हें पदौन्नति से वंचित किया जा रहा है। 21 फरवरी 2023 के आदेश से उन्हे विभाग द्वारा जब पदौन्नति से वंचित कर दिया गया। तब इन तीनों ने 22 फरवरी 2023 को विभाग के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत किया व साथ ही पुनः संतान सम्बंधी घोषणा पत्र नोटेरी करवाकर प्रस्तुत किया व विभाग को निवेदन किया कि हमारे दो ही संतान है तीन संतान है ही नहीं।

विभाग द्वारा इनके अभ्यावेदन पर कोई विचार न कर जब पदोन्नित पश्चात् पदस्थापन की कार्यवाही अमल में लाई जाने लगी। तब विभाग के इस कृत्य से व्यथित होकर इन्होंने अपने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से रिट याचिका उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की। उच्च न्यायलाय में इनके अधिवक्ता का तर्क था कि प्रथमतया इन तीनों याचिकाकर्ताओं के तीन संतान है ही नहीं। राजस्थान उच्च न्यायालय के अवकाशकालीन न्यायाधीश मदनगोपाल व्यास में तीनों याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होते हुए उनकी रिट याचिका को अंतरिम रूप से ग्राहेय करते हुए तीनों याचिकाकर्ताओं का माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा उप प्राचार्य के पद पर वर्ष 2022-2023 के विरूद्व की जा रही पदौन्नति में सम्मिलित करने व पदस्थापन के लिए काउंसलिंग में भी सम्मिलित करने का आदेश शिक्षा विभाग को प्रदान किया। साथ ही पदौन्नित को याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत रिट याचिका के निर्णयाधीन रखने का आदेश प्रदान किया।

# मुख्यमंत्री केवल अपनी कुर्सी बचाने में लगे हैं, आम जनता से कोई लेना-देना नहीं : राठौड़

## 'कांग्रेस सरकार ने आम जनता को राहत शिविर के नाम पर ठगने का काम किया है'

**चूरू, (कासं)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने शनिवार को भार्गव बस्ती में महावीर पार्क व राजकुमार प्रजापत के घर से रमेश राजपाल के घर तक व वार्ड 49 में गुलाब सिंगोदिया के घर से मनीष प्रजापत के घर तक विधायक कोष से निर्मित सड़क का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने चूरू के साथ सौतेला व्यवहार किया है, परंतु चूरू के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने नगर परिषद् पर आरोप लगाते हुये कहा कि नगर परिषद् के कुशासन की वजह से आज चूरू कचरे के ढेर पर बैठा है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि भाजपा का शासन आते ही चूरू में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। इस दौरान राठौड़ ने प्रदेश सरकार पर कुशासन का आरोप लगाते हुये कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री केवल अपनी कुर्सी बचाने में लगे हुए हैं, उन्हें आम जनता के विकास से कुछ लेना देना नहीं है।



राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने सड़क का उद्घाटन किया।

उन्होंने पिछले साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल के बारे में कहा कि यह कार्यकाल प्रदेश में काले अध्याय के रूप में देखा जाएगा। क्योंकि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने आम जनता को राहत शिविर के नाम पर ठगने का काम किया है। उन्होंने इन राहत शिविरो को ढकोसला बताते हुये कहा कि प्रदेश सरकार इन राहत शिविरों के नाम पर राजनीति कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांवरमल दइया ने की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष का साफा शॉल और माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में वार्ड पार्षद मेघराज भार्गव ने सभी का स्वागत किया और धन्यवाद पार्षद प्रतिनिधि हरिराम चोपड़ा ने दिया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, पूर्व जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, नगर परिषद् में नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल व जिला प्रमुख प्रतिनिधि रवि आर्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, मोहन गढ़वाल, रंगलाल भार्गव, बृजलाल गोठवाल, गिरधारी लाल सैनी, महेश कुमार माहिचा, रामकुमार माहिचा, बुधाराम भार्गव, प्रदीप माहिचा, सांवरमल सिंगोदिया, जयचन्द भार्गव, ओमप्रकाश गोठवाल, नानूराम गोठवाल, मंगतूराम सैनी, ताराचन्द सैनी, लक्ष्मणराम इन्दलिया, महावीर प्रजापत, रमेश शर्मा, नोमान खान, राजेश माटोलिया, सीपी शर्मा चेतन सोनी, मनीष प्रजापत, जीवण प्रजापत, राधेश्याम दर्जी, राजकुमार प्रजापत, सांवरमल सैनी, कमल जांगिड़, अनिल माहिचा, विक्रम माहिचा, लालू कल्ला, निरंजन कुमार वर्मा, आनन्द रैगर, सांवरमल रावल, मानसिंह भाटी सहित बड़ी संख्या में वार्ड 48 व 49 के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मीडिया जिला संयोजक रवि दाधीच ने किया।

## जेवरात व नगदी चोरी

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ थाना पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जेवरात व नगदी चोरी कर ले जाने के आरोप का मामला दर्ज किया है। राजगढ़ थाने में दर्ज प्रकरण के अनुसार सरोज पत्नी स्व. लीलाधर जाट उम्र 65 साल निवासी वार्ड नम्बर 13 कस्बा राजगढ़ ने अपने भतिजे राजेन्द्र के साथ थाने में उपस्थित होकर शनिवार को इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि वह रात को घर पर अकेली सो रही थी, तभी रात को करीबन 1 बजे के आसपास उसके घर पर अज्ञात चोर घुस गये, जो उसके घर के अन्दर बने स्टोर रूप में सन्दुक व कमरे का ताला तोड़कर सन्दुक के अन्दर से ही जेवरात व 1 लाख 50 हजार रूपये नगदी चोरी कर ले गये। पुलिस थाना राजगढ़ ने अज्ञात के खिलाफ चोरी के आरोप का मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# जुआरियों के गोदाम पर छापा, 29 गिरफ़्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने भोपालपुरा इलाके में एक गोदाम पर बीती देर रात को छापेमारी करते हुए ताशपत्ती पर दाव लगाते 29 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 3 लाख 76 हजार रुपये की राशि बरामद कर करीक एक दर्जन दोपहिया वाहन भी जब्त किये हैं।

कोतवाल पुष्पा कासौटिया ने बताया कि सब इंस्पेक्टर रामलाल को डीएसटी से सूचना मिली कि भोपालपुरा में सोनी हॉस्पिटल के पीछे हकिम पठान के गोदाम में 20-25 लोग जुआ-सट्टा खेल रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक से सर्च वारंट प्राप्त कर देर रात हकिम पठान के गोदाम पर पहुंचे। जहां लोहे का गेट बंद था। अंदर लाइट जली हुई थी। अंदर लोगों के बोलने की आवाज भी आ रही थी। धक्का देकर गेट खोलते

> ■ **3.76 लाख की राशि, एक दर्जन दोपहिया वाहन जब्त**

हुये पुलिस जाब्ता अंदर पहुंचा, जहां घेरा बनाकर 29 लोग ताश पत्तों पर रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने 29 लोगों के नाम पते पूछे। इन लोगों ने खुद को आरिफ, मनीष लोहार, महावीर सांसी, रमजान अली, समीर, सुनील सांसी, शाबिर हुसैन, विनोद, राहुल सांसी, छोटू राव, सलीम, अर्जुन बंजारा, राजू, असलम, बाबू खां, मनोज कुमार, समीर, गोस मोहम्मद, फिरोज खान, आसिफ मोहम्मद, मोहम्मद यासीन छीपा, मोहम्मद आरिफ छीपा, इकबाल मोहम्मद, मोहम्मद उस्मान, मदनसिंह चौहान, मुख्तयार अहमद, अब्दुल हकीम, समद, हीरालाल बताया।

## प्रशासन ने अतिक्रमण हटाए

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र में एनएच 148डी के किनारे पर हो रहे अतिक्रमण को आज प्रशासन की मदद से एन एच अधिकारियों द्वारा हटवाया गया। एनएच अथॉरिटी द्वारा की गई इस कार्यवाही से अतिक्रमियों में खलबली मच गई। एमएच अथॉरिटी के अतिक्रमण हटाओ अभियान नागदी पुलिया से शुरू किया गया। अतिक्रमण हटाने शुरुआत में नागदी नदी के किनारे लगी केबिनों को एवं आसपास हो रहे अतिक्रमण को हटाया गया इसके बाद चावंडिया चौराहे पर बने कुछ पक्के निर्माणों को भी जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त किया गया। एनएच के अधिकारी अखिलेश सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 148डी पर जगह जगह पर केबिने व होटल लगाकर अतिक्रमण कर रखा था इन अतिक्रमणकारियों को पुर्व मे नोटिस दिए जा चुके हैं बावजूद इसके एमएच की जगह को खाली नहीं कर रहे थे। प्रशासन की मदद से आज हमने अतिक्रमण हटाया गया है।

# जमा पैसे लेने गए वार्ड पंच के साथ मारपीट

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा पंचायत समिति क्षेत्र की जालिया द्वितीय ठााम पंचायत में जमा अपने ही पैसे लेने पहुंचे एक वार्ड पंच के साथ ठााम पंचायत कार्यालय में मौजूद पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार शर्मा व अन्य ने वार्ड पंच के साथ मारपीट कर दी। इस घटना में वार्ड पंच योगेश शर्मा को सीने में पत्थर की दे मारी।

हालांकि उस दौरान वार्ड पंच को महसूस नहीं हुआ परंतु कुछ समय बाद सीने में दर्द होने पर विजयनगर चिकित्सालय में लाए जाने पर चिकित्सकों ने अजमेर के लिए रेफर कर दिया। स्थिति अत्यंत चिंताजनक होने से अजमेर से भी जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जहाँ अभी भी वह बेहोशी की हालत में हैं। घटना से जुड़े तथ्यों के अनुसार जाले आदित्यें ग्राम पंचायत का वार्ड पंच योगेश शर्मा ने पिछले दिनों ठााम पंचायत की दुकानों की नीलामी के दौरान 5500 जमा कराए थे परंतु दुकान की नीलामी में उसे दुकान नहीं मिलने से आज शुक्रवार को अपने जमा रुपए वापस लेने गया था। इसी दौरान वहां पर मौजूद पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार शर्मा व अन्य ने वार्ड पंच योगेश शर्मा के साथ मारपीट करने के साथ ही योगेश शर्मा के सीने में पत्थर की दे मारी। घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची बिजयनगर पुलिस ने योगेश शर्मा व उसके भाई राजेंद्र शर्मा एवं एक दूसरे पक्ष के युवक सांवरलाल को बिजयनगर ले आई।

पुलिस ने उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत चरितार्थ करते हुए जिस वार्ड पंच योगेश शर्मा के सीने में पत्थर की लगी थी उसी को एवं उसके भाई राजेंद्र शर्मा को हवालात में बंद कर दिया। हालांकि यह अलग बात है कि दूसरे पक्ष के सांवरलाल को भी हवालात में बंद किया था। सीने में चोट लगने से वार्डपंच योगेश शर्मा द्वारा सीने में दर्द होने की शिकायत करने पर पुलिस द्वारा चिकित्सालय लेकर योगेश शर्मा को चिकित्सालय लाया गया।

## राजगढ़ में मौसम बदला

**सादुलपुर, (निसं)।** बिपरजॉय के कारण राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में मौसम परिवर्तनशील है। जिसे चलते पूरे दिनभर कभी धूप कभी छांव बादलवाही जारी रही। अचानक शाम 6.45 उपखंड के हरियाणा निकटवर्ती गाँवों में मौसम का मिजाज बदला तथा हवाओं के तेज झोंके के साथ हरियाणा सीमावृति कुछ गाँवों में मौसम सुहाना हो गया एवं रिमझिम वर्षा का दौर शुरू हुआ। वहीं हल्की रिमझिम वर्षा से गर्मी से राहत मिली तथा इस रिमझिम बरसात को अगेती बोई गई दम तोड़ रही बाजरे की फसल के लिए किसानों ने नया जीवनदान बताया। इस दौरान खैरू बडी, खैरू छोटी, ढाणी खुडानी, सुधिवास व भाकरां आदि गांवों में हल्की रिमझिम बारिश एवं बूंदाबांदी का दौर जारी था।

# खान के मलबे के नीचे दबने से दो मजदूरों की मौत

## मृतकों के परिजनों को 15-15 लाख देगा खान लीजधारक

**टोंक, (निसं)।** मेहंदवास थाना क्षेत्र के काबरा गांव में सुबह पत्थर की माइंस (खान) ढहने से उसके नीचे दबने से दो मजदूरों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

बारिश के पानी से बाहर का पानी का रिसाव खान में होने से ये हादसा हुआ जैसे ही खान ढही, खान के बाहर काम कर रहे अन्य मजदूर खान की तरफ दौड़े और उन्हें मलबे से बाहर निकाला कुछ घंटों की मशक्क्त के बाद दोनों मजदूरों को घायल अवस्था में बाहर निकाला। फिर उन्हें सआदत अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया, सूचना मिलने पर डीएसपी, सलेह मोहम्मद और थानाधिकारी मेहंदवास उदयवीर सिंह

> ■ **बारिश के पानी से बाहर का पानी का रिसाव खान में होने से ये हादसा हुआ**

मय जाप्ते के सआदत अस्पताल पहुंचे। इस बीच मृतकों के परिजन और कांग्रेसी नेता भी अस्पताल पहुंचे। वे मुआवजे की मांग को लेकर शव नहीं लेने पर अड गए और खान मालिक और इंचार्ज को मौके पर ही बुलाने को कहा जहां 2 घंटे बाद साइड इंचार्ज अस्पताल पहुंचा और पुलिस की मौजूदगी में परिजनों सहित वार्तालाप हुई। लीजधारक द्वारा 15-15 लाख रुपये मृतकों के परिजनों को देने पर सहमति बनी। करीब 12 बजे दोनों शवो का पोस्टमार्टम करवाकर उन्हे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

मजदूरों ने बताया कि काबरा में फेल्सपार कवार्ट्स पत्थर की खान है। जो 50 से -60 फीट गहरी है। इसमे 17 जून शनिवार सुबह करीब 8 बजे कही मजदूर काम करने गए हुए थे जिसमें मजदूर लवादर निवासी शेरू खान (28)पुत्र वली मोहम्मद और दलपुरा (भीलवाड़ा) निवासी देवलाल पुत्र प्रभु गुर्जर काम करने के लिए उतरे थे। करीब 20 मिनट बाद ही खान का एक हिस्सा इनके उपर गिर गया। इससे दोनों मजदूर उसके मलबे में दब गए जिन्हें घायल अवस्था में सहादात हॉस्पिटल ले गए जहा इलाज के दौरान डॉक्टरों ने दोनो को मृत घोषित कर दिया।

## युवक की मौत

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बा निवासी एक युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास निवासी मुकेश (23) पुत्र पिरूमल सैन को जहरीला पदार्थ खाने पर यहां के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे जयपुर के लिए रैफर कर दिया। परिजनों ने युवक को चंदवाजी स्थित निम्स अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर युवक की मौत हो गई।

## हादसे में एक मौत

**चाकसू, (निसं)।** पुराने टोंक रोड काठावाला मोड़ के पास देर रात्रि को एक टोंक से जयपुर की तरफ जा रही बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई इस दौरान चालक ट्राली के नीचे दब गया और उसकी मौत हो गयी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को ट्रॉली के नीचे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। चालक की शिनाख्त प्रभुलाल मीना 51 बोपाई बोली सवाई माधोपुर के रूप में हुई है।

# सुजला जिला बनाओ आंदोलन 77 दिन से जारी




सुजला जिला बनाने की मांग को लेकर धरने पर मौजूद क्षेत्रवासी।

**सुजानगढ़, (निसं)।** स्थानीय गांधी चौक स्थित नागरिक सभा मंच पर सुजला जिला सत्याग्रह समिति के तत्वावधान में शनिवार को 77 वें दिन भी सुजला जिले की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहा। सुजला जिला सत्याग्रह समिति के संयोजक पूर्व पार्षद श्रीराम भामा के नेतृत्व में आंदोलन कर रहे धरनार्थियों ने सुजला जिले की मांग की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। संयोजक श्रीराम भामा ने धरना स्थल पर सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कहते हैं कि आप मांगते मांगते थक जाओगे मैं देते देते नहीं थकूंगा तो इस संदर्भ में सुजानगढ ने तो केवल उनसे जिला मांगा हैं जबकि उनकी सरकार बनाने में यहां की जनता ने विधायक जीताकर भेजा है। धरना स्थल पर सत्याग्रही विजयपाल श्योराण सहित गोपालचंद चौहान, गोविंद जोशी, आबिद बिसायती, युसूफ गोरी, राजकुमार नाई, भंवर लाल गिलाण, अब्दुल वाहिद, किशोर सिंधी, मोहित प्रजापत, असलम खिलजी आदि उपस्थित रहे।

# दो माह पूर्व डाली भूमिगत विद्युत केबल फाल्ट हुई

## कई घरों में 24 घंटे विद्युत सप्लाई गुल रही

**सुजानगढ़, (निसं)।** हाल ही में नगरपरिषद द्वारा बस स्टैण्ड से रामपुरिया कॉटेज तक डलवायी गई विद्युत लाइन शुक्रवार को कन्दोई बिल्डींग से आरडीएस स्कूल तक फाल्ट हो गयी। दो करोड की लागत से हुए कार्य के बाद केबल के फाल्ट होने से शुक्रवार रात से शनिवार शाम तक कई घरों व दुकानों की विद्युत सप्लाई गुल रही।

जिस कारण उमस भरे मौसम में आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्युत आपूर्ति नहीं होने पर स्थानीय लोगों ने जोधपुर डिस्कॉम के अधिकारियों को सूचित किया जिसके बाद पहुंचे विभाग के कर्मचारी शनिवार शाम तक लाइन में फाल्ट ढूंढने में लगे रहे। स्टेशन रोड के व्यापारी व इंजीनीयर आदित्य भाटी ने बताया कि भूमिगत केबल में दो लाइन एक साथ डाली जाती है। जिसमें एक लाइन के फाल्ट होने पर स्टेंडबाई लाइन से विद्युत आपूर्ति सुचारू रहती है। लेकिन स्टेंडबाई लाइन के सुचारू रूप से कार्य नहीं करने पर



विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने भूमिगत विद्युत लाइन में फाल्ट देखा।

विभाग के उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पडा।

इसके अलावा स्थानीय लोगों ने बताया कि भूमिगत केबल डालने वाले ठेकेदार द्वारा बिना ट्रेंच बनाये ही भूमिगत केबल डाल दी गयी। जिस कारण लाइन बार-बार फाल्ट हो रही है। वार्ड के ज्यान मोहम्मद ने बताया कि भूमिगत लाइन वार्ड 52 के लोगों के लिए आफत बन गयी है। लाइन बार-बार फाल्ट होने लगी है। ज्यान मोहम्मद ने कहा कि विद्युत पोल पर स्थित लाइन के फाल्ट होने पर उसे आसानी से सही किया जा सकता था। लेकिन जब से केबल डाली गयी है तब से वार्डवासियों के लिए समस्याएं बढी है।

दो माह में भूमिगत केबल के खराब होने के कारण के लिये नगरपरिषद द्वारा हायर किये गये चुरू के जेईएन सुशील कस्वां से पूछा तो उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा भूमिगत केबल टेस्टींग की गयी थी फिर भी में कन्फर्म करके बताता हूं। इसके बाद जेईएन कस्वां ने बताया कि लाइन के उपर से भारी वाहन के निकलने से केबल फाल्ट हो जाती है। उन्होंने कहा कि केबल को नेचुरूल फीलींग करके डाला गया था। विद्युत विभाग के जेईएन अरूण मीणा ने बताया कि उनकी टीम फाल्ट निकालने में लगी हुई है। फाल्ट निकलने के बाद ही व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू होगी।

# प्रदेश के कई जिलों में ''बिपरजॉय'' तूफान ने मचाई तबाही

## मौसम विभाग ने जोधपुर सहित बाड़मेर, जालोर के लिए आगामी 24 घंटे ''बिपरजॉय'' तूफान के महत्वपूर्ण बताए हैं

## सांचौर में तेज अंधड़ के साथ बारिश

**सांचौर, (निसं)।** बिपरजॉय तूफान के कारण सांचौर शहर सहित आसपास के गांवों में रात को दस बजे से तेज हवा के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ था जो अभी तक जारी है। राज्यमंत्री सुखराम बिश्नोई सहित सांचौर में प्रशासन अलर्ट है। इस तूफान से सैकड़ों पेड़ों के साथ बिजली के पोल धराशाही हो गए। जिसके चलते पूरे शहर में बिजली की आपूर्ति को बंद कर दिया गया है। इसके अलावा शहर की हर गली में बिजली के पोल व पेड गिरे हुए नजर आ रहे है।

■ **पेड़-बिजली के पोल और कच्चे मकान धराशायी**



सांचौर में तूफानी बारिश से खेत जलमग्न हो गये।

वहीं, आसपास के क्षेत्र में तेज हवा के साथ हल्की बारिश का दौर शुरू हुआ था। नेहड क्षेत्र में तेज हवाओं के चलते कई कच्चे घरों की छत उड गई। कई जगहों पर प्रशासन ने एतिहातन के तौर पर बिजली आपूर्ति को बंद कर दिया था, ताकि तूफान से बडा हादसा नहीं हो। चितलवाना क्षेत्र में एसडीएम हनुमाना राम जाट ने पूरी रात नेहड क्षेत्र में मोर्चा संभाले रखा। एसडीएम जाट ने बताया कि तूफान का वेग गुजर गया है। ज्यादातर लोगों को शु वार को दिन भर गांव गांव जाकर कच्ची बस्ती के लोगों को सरकारी स्कूलों में शिफ्ट कर दिया था। जिसके कारण कोई बडा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन कच्चे घरों को नुकसान होने की संभावना हैं।

बिपरजॉय तूफान के चलते कच्चे घरों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ हैं। साथ बिजली के पोल जगह जगह टूट कर गिर गए। जिसके कारण सांचौर व चितलवाना सरनाऊ क्षेत्र के सभी गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बंद है। रानीवाडा क्षेत्र में भारी बारिश का दौर जारी है। वहीं भीनमाल-रानीवाडा हाइवे सडक मार्ग बिलड के पास अवरुद्ध हो गया है, वाहनों की कतारें लगी हैं।

## उदयपुर में 36 घंटे में डेढ इंच बारिश दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** झीलों के शहर में शनिवार को ऑरेंज अलर्ट के बीच लेकसिटी में दिनभर रुक-रुक कर हवाओं के साथ बारिश होती रही। दूसरे दिन भी आसमान में छाए बादलों से दिन व रात के तापमान में केवल सवा दो डिग्री का अंतर रहा। वहीं दिन के तापमान में सात डिग्री की गिरावट हुई।

बिपरजॉय चक्रवात के चलते लेकसिटी में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था। अलर्ट के चलते गुरूवार देर रात से ही बारिश का दौर शुरू हो गया जो दिनभर जारी रहा। शाम 7 बजे तक जल संसाधन विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक बारिश जिले के गोगुन्दा में 65 मिमी (करीब ढाई इंच) रिकॉर्ड की गई। वहीं कोटड़ा में 60 मिमी (सवा दो इंच) बारिश हुई। फतहसागर व पीछोला झील में पानी में हवाओं के झोर के चलते आज भी लहरें उठती रही। इसके अलावा झाड़ोल में 14 मिमी, बागोलिया में 6 मिमी, मदार 14, बावलवाड़ा 32, डाया 23, केजड़ 17, सेमारी 19 व खेरवाड़ा में 11 मिमी, बड़गांव में 27, वल्लभनगर में 13, मावली में 8, लसाड़िया में 14, भीण्डर में 15, कानोड़ 7, कुराबड़ 19, नयागांव 19 व झल्लारा में 15 मिमी बारिश हुई। जिले में ऑरेंज अलर्ट के बीच दो से चार इंच बारिश की संभावना जताई गई थी जो आंकड़ों के अनुसार सही साबित हुई लेकिन हवाओं का झोर कम रहा। उदयपुर शहर में करीब 40 किमी की गति से हवाएं चली।



उदयपुर में दिनभर बारिश का दौर जारी रहा।

मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार उदयपुर में दिन व रात के तापमान में केवल सवा दो डिग्री का अंतर रहा। इधर, प्रातः 8.30 बजे समाप्त बीते 24 घंटों में उदयपुर शहर में 25.6 मिमी व शाम 5.30 बजे समाप्त बीते 12 घंटों में 13 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। बीते 36 घंटों में उदयपुर शहर में डेढ इंच (38.6 मिमी) बारिश हुई।

## धोरीमन्ना सहित आसपास में कई गांव जलमग्न

**धोरीमन्ना, (नि.सं.)।** बाड़मेर जिले में उपखंड मुख्यालय धोरीमन्ना में बिपरजॉय चक्रवाती तूफान को लेकर को लेकर रात्रि 10 बजे धोरीमन्ना में हवा की तीव्र गति से आने से जान माल की कोई हानी नहीं हुई। पर सुबह 7 बजे तेज बारिश का दौर शुरू हो गया।

धोरीमन्ना के आसपास में कई गांवों में जलमग्न हो गए। धोरीमन्ना के गांधीनगर, देशांतरीयों का वास, गवारिया का वास, निचला इलाका में घरों में पानी भर गया है। प्रशासन द्वारा लोगों को घरों से निकालकर सुरक्षित स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रशासन द्वारा आश्रय स्थल बना कर सारी व्यवस्थाऐं की गई है। धोरीमन्ना के निचले इलाकों में कई जगह पानी भर गया। वहीं बारिश का दौर तेजी से जारी रहने से धोरीमन्ना में जगह जगह पर निचले इलाकों में पानी भरा गया है। धोरीमन्ना में प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपखंड अधिकारी लाखाराम बाना, तहसीलदार उर्जा राम चौधरी, विकास अधिकारी नरेंद्र साहू, पुलिस प्रशासन द्वारा जहां-जहां पानी भरा हुआ है। उसी जगह से खाली करवाकर सुरक्षित स्थल पर लाया जा रहा है।

एसडीआरएफ एसडीआरएफ के 10 जवान आधुनिक समान से लैस है। बाढ जैसी हालातों से निपटने के लिए सारी सुविधाएं है। क्यूआरटी के 10 जवान, आरएसी के 30 जवान तैनात है। उपखंड अधिकारी लाखाराम बाना लगातार आर्मी अधिकारियों के संपर्क में है। प्रशासन लगातार आमजन से सम्पर्क कर उनको उनकी समस्या का समाधान करने में लगातार मेहनत कर रहा है। वहीं बारिश की वजह से कस्बे के प्रतिष्ठान बंद रहे।

वहीं बारिश के कारण मुख्यालय कि सडकों पर लोगों का आवागमन भी कम दिखाई दिया। समाजसेवी अनिल सेठिया और कृषि मंडी धोरीमन्ना के उपाध्यक्ष महेंद्र राठी लगातार सेवा में लगे हुए हैं। संसाधन बस, गाड़ियों का पूरी तरह से ठप है वहीं मार्केट भी बंद है।

## जोधपुर में मूसलाधार बरसात हुई, निचली बस्तियां जलमग्न

**जोधपुर, (कासं)।** अरब सागर से उठे चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के चलते जोधपुर में बारिश का दौर शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। दो दिन से इसके असर से बारिश का दौर बना हुआ है। जोधपुर शहर के साथ मारवाड़ के अधिकांश हिस्सें इस बारिश से नहा उठे है।

शुक्रवार दोपहर को शुरू हुआ बारिश का दौर शनिवार की शाम तक लगातार बना रहा। कभी मूसलाधार तो कभी रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। चक्रवाती बरसात से जोधपुर और मारवाड़ की फिजां में ठंडक घोलने के साथ वायु प्रदूषण का खतरा कम कर दिया है। जोधपुर में शनिवार की अलसुबह से ही बारिश का दौर शुरू हुआ जोकि दिन भी बना रहा। निचली बस्तियों में पानी भरा है, जिसका जिला प्रशासन बराबर जायजा भी ले रहा है। शहर के बासनी इलाके में सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र डर्बी कॉलोनी हुई है। शनिवार को यहां पर पानी का भराव ज्यादा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। जिला प्रशासन के साथ पुलिस ने भी मौके पर जाकर लोगों की सुध ली है। निचली बस्तियां जलमग्न होने के साथ कई दुकानों में भी पानी भर गया है।

जोधपुर में भी भीतरी शहर में कुछ स्थिति बिगड़ी है, मगर प्रशासनिक स्तर पर पहले की गई तैयारियों से आसानी से निपट लिया गया। मौसम विभाग ने जोधपुर सहित बाड़मेर, जालोर के लिए आगामी 24 घंटे बिजपरॉय तूफान के महत्वपूर्ण बताए हैं। मौसम विभाग के अनुसार एक दिन में 200 एमएम से ज्यादा बारिश हो सकती है।

## पाली का रणकपुर मंदिर रहेगा बंद, 13 ट्रेनें रद्द

**पाली, (निसं)।** पाली में शनिवार सुबह हुई बरसात से सड़कें गिली हो गई। कहीं-कहीं पानी भरा नजर आया। चक्रवाती तूफान बिपरजॉय को लेकर शनिवार को रेड अलर्ट जारी है। मौसम विभाग ने तेज हवाओं के साथ भारी बरसात की चेतावनी जारी कर रखी है।

इसे लेकर जिले में पुलिस-प्रशासन अलर्ट है। शनिवार सुबह करीब चार बजे से पाली शहर सहित जिले में रोहट, सोजत, तखतगढ़ सहित कई गांवों में हल्की बरसात हुई। तूफान बिपरजॉय की स्पीड भी कम हो गई है। अब 12 किमी की स्पीड से बढ़ रहा है। इधर एसडीएम पाली ने एक संसोधित आदेश जारी किया है, जिसके तहत जिन शिक्षण संस्थाओं में परीक्षाएं हो रही है वे शिक्षण संस्थान परीक्षा के कार्यक्रम अनुसार खुले रह सकेंगे। भारी बरसात की चेतावनी को देखते हुए रणकपुर मंदिर भी बंद रहेगा। शहर की औद्योगिक इकाइया भी बंद रहेगी। रेलवे ने 13 ट्रेनों का संचालन रद्द किया है। मौसम विशेषज्ञों की माने तो साइक्लोनिक स्ट्रॉर्म से डीप डिप्रेशन में बदलने के बाद तूफान की इंटेंसिटी लगातार कम हो रही है।

■ **पाली, रोहट, सोजत और तखतगढ़ में हल्की बरसात**

मौसम विभाग की ओर से पाली जिले में भारी बारिश और अंधड़ को लेकर जारी पूर्वानुमान के मद्देनजर कलेक्टर एवं अध्यक्ष आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पाली नमित मेहता ने आदेश जारी कर जिले के सभी शिक्षण संस्थान (जहां परीक्षा हो रही है उन्हें छोड़कर), कोचिंग संस्थान, जिम, पर्यटन स्थल, समर कैम्प इत्यादि को 16 से 18 जून तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों की अवहेलना करने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत कार्यवाही अमल की चेतावनी दी है। पाली के सुमेरपुर रोड बांडी नदी किनारे कच्ची बस्ती के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर दिया गया।

## वाहन पलटने से पांच घायल

### जालोर में मूसलाधार बारिश व तेज हवा से कई पेड़ गिरे

**जालोर, (कासं)।** जिलेभर में शुक्रवार देर रात से तेज हवा के साथ झमाझम बारिश होने से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई निचले इलाकों में पानी भर गया तथा कई पेड़ व विद्युत पोल गिर गये तो कई तेज हवा के साथ टिनशेड भी उड़ गये। जिलेभर में झमाझम बारिश का दौर दिनभर जारी रहने से चारो ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है। जिलेभर में सबसे ज्यादा रानीवाडा में शनिवार सुबह तक 126 एमएम बारिश हुई जबकि सबसे कम जालोर में 26 एमएम बारिश दर्ज की गई है।

जालोर जिले में विपरजॉय तूफान के कारण जालोर, रानीवाड़ा, भीनमाल, सांचौर, चितलवाना आदि क्षेत्रों के रास्ते बंद हो गये। वहीं छिपरवाड़ा मार्ग पर एक वाहन पलटने से पांच जने घायल हो गये। जालोर में बिजली गुल है तथा इन्टरनेट व मोबाईल सेवा भी शाम को बंद हो गई।

शहर में तेज हवा के चलते बड़ी पोल के बाहर एक दिवार ढ़ह गई तथा ऊपर कोटा, सूरज पोल के बाहर भी नीम का पेड़ गिर गया है। जालोर जिले के चितलवाना में पेड़ गिरने से आवागमन बंद होने की सूचना मिलने पर एसडीएम व विकास अधिकारी ने तुरंत पेड़ हटाकर रास्ता दुरस्त करवाया गया। वहीं जिले भर में एनडीआरएफ टीम ने मोर्चा संभाला हुआ है। पूरा प्रशासन मुस्तैद नजर आ रहा है।

वहीं सांचौर जिले में पिछले दो दिनों से रेड अलर्ट पर है। इसके चलते शुक्रवार देर रात को बिपरजॉय का असर देखने को मिला। जहां सांचौर में तेज हवा के चलते विद्युत पोल गिर गये तथा कई इलाकों में टीनशेड भी हवा के साथ उड गये तथा शहर में कई जगह पेड़ भी गिर गये। जिला कलैक्टर निशांत जैन व पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन ने भीनमाल उपखंड वणधर बांध का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं राज्य के श्रम राज्य मंत्री सुखराम विश्नोई ने शनिवार को सांचौर व चितलवाना क्षेत्र का दौरा किया।

देर शाम बांध में पानी की अच्छी आवक होने से वणधर बांध ओवरफ्लो हो गया। जल संसाधन विभाग द्वारा वणधर बांध के डाउन स्ट्रीम के गांव सांवलावास, कीरवाला, नोहरा, पुनासा, सेवड़ी, वाडाभाडवी में आमजन को सतर्क रहने व सावधानी बरतने की अपील की है। जिला प्रशासन ने निचले स्थानों व कच्ची बस्तियों पर रहे रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है।

## चांधन में तूफान के साथ हुई बरसात

**जैसलमेर, (निसं)।** जिले के चांधन, रीवड़ी गांव तूफान बिपरजॉय की वजह से बरसात हुई है। तेज बारिश से फतेहगढ़ के रिवडी गांव की संग्राम की ढाणी में एक कच्चे झोंपड़े की दीवार गिर गई। मलबे के नीचे दबने से सात बकरियों की मौत हो गई। मौसम विभाग के अनुसार बिपरजॉय तूफान से 30 से 35 किमी की रफ्तार से हवा चलने और मध्यम गति की बारिश होने की संभावना है। हालांकि शहर में शनिवार सुबह से काले बादल छाए हैं और सुबह से 12 बजे तक हल्की रिमझिम बारिश हुई उसके बाद में पूरे दिन मौसम साफ रहा।

■ **एक कच्चे झोंपड़े की दीवार गिर गई। मलबे के नीचे दबने से सात बकरियों की मौत हो गई**

## बारिश ने नागौर को तरबतर किया

**नागौर, (निसं)।** चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का नागौर में असर दिखा। शुक्रवार मध्य रात्रि को शुरू हुई हल्की फुहारें दिनभर रुक-रुक कर बरसती रही। मगर दोपहर बाद अचानक तेज हवाओं के हुई झमाझम बारिश ने पूरे शहर को तरबतर कर दिया।

इससे हवा में ठण्डक घुल गई। देर शाम तक मौसम बरसाती तेवर लिए हुए था और रिमझिम फुहरों से शहर भीग रहा था। उधर चक्रवात के नागौर में आने की आशंकाएं भी लोगों के दिलों दिमाग में रही। इस कारण जैसे ही हल्की दोपहर डेढ़ बजे एकबारगी हल्की बारिश ने गति पकड़ी तो लोग घरों में घुस गए। इस कारण शहर के मुख्य बाजार व मुख्य सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। इसके बाद बारिश थमी तथा दूसरा दौर दोपहर ढाई बजे बाद शुरू हुआ जो तीन बजे तक चला। इससे निचले इलाके जलमग्न हो गए। उधर झमाझम बारिश का दौर थमने के बाद भी हल्की फुहारे चलती रही और लोग भीगते नजर आए।




नागौर में हुई बरसात के कारण कई जगह पर पानी भर गया।

उधर शहर का शिवबाडी एरिया हर छोटी-मोटी बारिश में जलमग्न हो रहा है। शनिवार दोपहर चली 15 मिनट की झमाझम में किले की ढाल से शिवबाडी होते हुए कुम्हारी दरवाजा जाने वाला मार्ग जलमग्न हो गया।

## बेक़ाबू ट्रेलर ने पिकअप को टक्कर मारी, एक की मौत

### हादसे में पिकअप में ले जाई जा रही बकरियों में से छह की मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के रायला थाना क्षेत्र से गुजर रहे अजमेर-भीलवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर बीती देर रात एक तेज रफ़्तार बेक़ाबू ट्रेलर पिकअप को पीछे से टक्कर मारने के बाद सर्विस रोड फ़लांग कर खेतों में उतर गया। वहीं ट्रेलर में तीन बडे मार्बल लदे ब्लॉक्स गिर गये। पिकअप का डिजल खत्म हो जाने के कारण धक्का दे रहे थे। इस दौरान तेज गति से आये ट्रेलर ने चपेट में ले लिया। हादसे में पिकअप में ले जाई जा रही बकरियों में से 6 की मौत हो गई, जबकि 2 घायल हो गई। वहीं एक की मौत हो गई 2 व्यक्ति चोटिल हो गये।



हादसे के बाद बेक़ाबू ट्रेलर सड़क किनारे पलट गया।

रायला थाना प्रभारी सुनील चौधरी ने बताया कि एक पिकअप में करीब 20 बकरियां लादकर भीलवाड़ा की ओर लाई जा रही थी। यह पिकअप रायला क्षेत्र में सुवालका फैक्ट्री के सामने और टोल नाका के बीच पहुंची थी कि उसमें डीजल खत्म हो गया। इसके चलते पिकअप में सवार दो लोग पिकअप को धक्का देकर पंप तक ले जाने का प्रयास कर रहे थे, जबकि चालक सीट पर बैठा था। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आया एक ट्रेलर पिकअप को टक्कर और धक्का दे रहे लोगों को चपेट में लेता हुआ हाइवे से सर्विस रोड़ फ्लांग कर खेत में चला गया। वहीं ट्रेलर में लदे मार्बल ब्लॉक्स भी नीचे गिर गये। एक क्रेन की मदद से एक घंटे तक प्रयास के बाद हादसे का शिकार घायल को बाहर निकाला गया। हाईवे एंबुलेंस की मदद से भीलवाड़ा एम जी चिकित्सालय पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया परिजनों को सूचना दी है। रायला पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की है।

## गौवंश से भरा ट्रक जप्त

**टोंक, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक व अति. पुलिस अधीक्षक टोंक एवं सलेह मोहम्मद वृत्ताधिकारी टोंक के आदेशानुसार मेहन्दवास थानाधिकारी उदयवीर सिंह के निर्देशन में 17 जून शनिवार को रामनिवास एएसआई द्वारा मय जाप्ता के द्वारा सोनवा टोल प्लाजा पर दौराने गश्त एक में केले के पत्ते व तिरपाल की आड में गोवंश 23 (20 मादा एवं 3 नर) मिले। जिस पर उक्त ट्रक को जप्त किया जाकर गोवंश को बरामद किया गया एवं गोवंश को गांधी गो शाला टोंक में छोडा गया तथा अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध प्रकरण राज. गो वंश पशु (वध का प्रतिषेध और अस्थाई प्रवर्जन या निर्यात का विनियमन) अधिनियम पशु क्रुरता अधिनियम 1960 में दर्ज किया जाकर अनुसंधान जारी है।

■ **केले के पत्ते व तिरपाल की आड में 23 गोवंश मिले**

## दस साल की बालिका से दुष्कर्म

**भरतपुर, (निसं)।** जुरहरा थाना इलाके में शनिवार सुबह 10 साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। पड़ोस में रहने वाले दो नाबालिग लड़के पीड़ित बच्ची को उसके घर के बाहर से उठा कर अपने घर ले गए।

जिसके बाद एक लड़के ने बच्ची से रेप किया। घटना का पता लगा तो लड़की के परिजन उसे लेकर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से बच्ची को भरतपुर रैफर किया। घटना शनिवार सुबह 9.30 बजे की है। बच्ची पड़ोस के दूसरे बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रही थी। तभी पास के रहने वाले दो नाबालिग लड़के आए। उनमें से एक लड़का बच्ची को अपने घर में ले गया। वहां उसने बच्ची से रेप किया। इस दौरान दूसरा लड़का घर के बाहर निगरानी रखता रहा। बच्ची चिल्लाई तो उसके परिजन और आसपास के लोग आरोपी के घर पहुंचे। लोगों को आता देख दोनों आरोपी फरार हो गए। बच्ची ने अपने परिजनों को घटना के बारे में बताया। जिसके बाद बच्ची के परिजनों ने थाने में दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी विधि से संघर्शरत एक बालक को निरूद्ध किया है।

■ **पड़ोस में रहने वाले दो नाबालिग लड़के बच्ची को उठा कर अपने घर ले गए**

## नाबालिग से बलात्कार मामले में तीन और आरोपी गिरफ्तार

**किशनगढ़ रेनवाल, (निसं)।** रेनवाल थाना इलाके में 1 जून को लापता हुई नाबालिक युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने एवं बलात्कार करने के मामले में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी उमराव सिंह गुर्जर ने बताया कि इस संबंध में पीड़ित नाबालिग की मां ने रेनवाल थाने में मामला दर्ज कराया था।

पुलिस द्वारा गठित टीम के सदस्यों ने इटावा बधाल से जाने वाले वाहनों की जानकारी कर पूछताछ की। चोमू बस स्टैंड व अन्य संभावित स्थानों के सीसीटीवी फुटेज चेक किए व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपहृत बालिका की तलाशी के भरसक प्रयास करते हुए 5 जून को बालिका को दस्तयाब कर लिया। बाद में न्यायालय के समक्ष बयान लेखबद्ध करा कर बलात्कार करने के आरोपियों की तलाश की गई। टीम द्वारा 5 दिन तक कड़ी मेहनत कर चांदपोल के आसपास चलने वाले टेंपो चालकों से पूछताछ की गई एवं संदिग्ध व्यक्ति जमील खान पुत्र इमाम निवासी जटवाड़ा पुलिस थाना सूरौठ, करौली हाल किराएदार व्यास कॉलोनी शास्त्री नगर थाना जयपुर को पूर्व में चांदपोल से दस्तयाब किया जाकर पूछताछ की। जिसमें उसने अपने तीन अन्य सहयोगियों के ओर साथ होने की बात कही। जिस पर पुलिस ने शुक्रवार को सुमेर सिंह गुज्जर, हरज्ञान गुर्जर, जेनी प्रजापत उर्फ जयनारायण सभी निवासी दुबली पोस्ट माधवगढ़ तहसील बस्सी थाना तुंगा जिला जयपुर को गिरफ्तार किया है।

# जल संसाधन मंत्री व चिकित्सा मंत्री ने दो एनिकटों का शिलान्यास किया



लालसोट उपखंड के होदायली मोरेल नदी में एनीकट निर्माण का जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय एवं चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने शुभारंभ किया।

- ई.आर.सी.पी. के 7 हजार करोड़ रुपए की निविदा 7 जुलाई को खुलेगी, सीएम शुभारंभ करेंगे : मालवीय

**लालसोट, (निसं)।** प्रदेश के जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने उपखंड के होदायली एवं बाड़ा बाढ़ ग्राम में 45 करोड रुपए लागत के दो एनीकट उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ईआरसीपी के 7 हजार करोड़ रुपए की निविदा 7 जुलाई को खुलेगी। इस ईस्टर्न कैनाल परियोजना का हर जिले पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खुद जाकर शुभारंभ करेंगे।

पूर्वी राजस्थान में ईस्टर्न कैनल परियोजना में छूटे हुए छोटे बड़े जलाशय बांध आदि को लेकर जल संसाधन मंत्री मालवीय ने स्पष्ट किया कि पूर्वी राजस्थान में ईस्टर्न कैनाल परियोजना से कोई बांध अछूता नहीं रहेगा। मंत्री मालवीय ने कहा कि ईस्टर्न कैनाल परियोजना मौजूदा समय में बहुत बड़ा मुद्दा है और केंद्र सरकार इस मुद्दे को लेकर गलत तरीके से राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि ईस्टर्न कैनाल परियोजना को पूरा करने के लिए बजट में 13 हजार 3 सौ करोड रुपए का प्रावधान रखा गया है। जिसमें से सात हजार करोड़ रूपए लागत के टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं जो आगामी 7 जुलाई को खोले जाएंगे। मंत्री मालवीय ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ईसरदा बांध स्टेट कैनाल परियोजना का ही पार्ट है जिसका अब करीब साठ प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल संसाधन क्षेत्र के क्षेत्र में धन की कमी को आडे नहीं आने दिया जाएगा। इआरसीपी लागू करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट घोषणा में 13 सौ करोड रुपए की घोषणा की है। इसके लिए निविदा प्रक्रिया चालू कर दी गई है। 7 जुलाई को मुख्यमंत्री के द्वारा इआरसीपी योजना का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लालसोट विधानसभा क्षेत्र में सौ करोड़ के चार एनिकट स्वीकृत किए गए हैं। जिनमें से एक का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहीं दूसरे का कार्य पूर्ण होने में है।

इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि जल संसाधन विभाग के माध्यम से इन एनिकटों के निर्माण से आसपास की ग्राम पंचायतों के किसानों को, पशुपालकों को एवं आमजन को सिंचाई के लिए एवं पेयजल के लिए सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में आमजन को राहत प्रदान करने के लिए संचालित महंगाई राहत कैंपों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में पात्र व्यक्तियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित कर योजना में लाभ दिलाने की गारंटी दी जा रही है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार इस बार दोबारा रिपीट होगी। चिकित्सा मंत्री मीणा ने आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कोई बड़ा नेता ईस्टर्न कैनाल परियोजना पर बोलने के लिए तैयार नहीं है जबकि संबंधित विभाग के मंत्री राजस्थान से ताल्लुक रखते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान नाथू लाल मीणा पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र पीसीसी सदस्य पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र प्रधान डॉक्टर कौशल्या मीणा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने साडे चार साल के शासनकाल में किसी भी जनप्रतिनिधि को खाली हाथ नहीं भेजा है। लालसोट विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, सड़क निर्माण, अन्य सरकारी भवनों के निर्माण, कार्यालय में अधिकारी नियुक्त करने सहित अन्य कार्य पूर्ण कराए गए हैं। अब आगामी दिनों से लालसोट मुख्यालय पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पदस्थापित होंगे। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा के क्षेत्र में सुविधायें उपलब्ध करवाने वाला राजस्थान प्रदेश देश में पहला राज्य है। इस अवसर पर पंचायत समिति लालसोट के प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा, पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा की प्रधान डॉक्टर कौशल्या मीणा, नगर पालिका लालसोट की चेयरमैन रक्षा मिश्रा, पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्रा ने कहा कि स्थानीय विधायक व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा लालसोट में विकास पुरुष के नाम से जाने जाते हैं। स्थानीय विधायक ने लालसोट के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी है। इस अवसर पर प्रधान नाथू लाल मीणा चेयरमैन रक्षा मिश्र पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र प्रधान डॉ कौशल्या मीणा पीसीसी सदस्य कांग्रेसी नेता कमल मीणा पूर्व पीसीसी सदस्य रामविलास खेमावास इरफान खान पूर्व सरपंच गोपाल सिंह उपखंड अधिकारी लालसोट बृजेंद्र मीणा, पंचायत समिति सदस्य आनंदी लाल मीना श्याम सिंह मीणा ग्राम पंचायत होदायली की सरपंच नीतू देवी, जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियन्ता भुवन भास्कर,अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजय त्यागी, अधीक्षण अभियन्ता सुरेश कठानिया, अधिशासी अभियंता मांगी लाल मीना सहायक अभियंता लालसोट चेतराम मीना बीसीएमएचओ डॉ धीरज शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### रथ यात्रा मंगलवार को

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के मौहल्ला बुचाहेड़ा स्थित भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर का वार्षिकोत्सव आगामी 20 जून मंगलवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। मंदिर महंत एड. मुकलेश दीक्षित ने बताया कि मंगलवार को प्रात: श्री गणेश पूजन के साथ भगवान श्री जगन्नाथ का अभिषेक किया जायेगा। जिसके बाद भगवान श्री जगन्नाथ रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। रथ यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई पुन: मंदिर परिसर पहुंचकर विसर्जित होगी। जहां भगवान की महाआरती उतारी जायेगी। इसके बाद विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। आयोजन में स्थानीय समेत दूर दराज से आये भक्त भी भाग लेगें।

### गजेन्द्र का भारतीय टीम में चयन

**फागी, (निसं)।** क्षेत्र गांव मांदी निवासी गजेन्द्र सिंह नरूका का भारतीय वुडबाल टीम में चयन हुआ है। गौरतलब है कि क्षेत्र के ग्राम मांदी निवासी हनुमान सिंह जो कि जलदाय विभाग में कार्यरत हैं के पुत्र गजेन्द्र सिंह का चयन वुडबाल वर्ल्डकप 2023 एवं 23 वीं मलेशिया वुडबाल इन्टरनेशनल चेम्पियनशिप 2023 के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। जिसके बतौर वुडबाल एशोशिएशन ऑफ इण्डिया द्वारा जारी पत्र जिसमें गजेन्द्र सिंह सम्पूर्ण राजस्थान से एकमात्र खिलाडी को भारतीय टीम में चयन करना बताया है।

### पाठक कमेटी सदस्य बने

**मालपुरा, (निसं)।** निजी शिक्षण संस्थान संघ मालपुरा ब्लॉक अध्यक्ष रमाकांत पाठक द्वारा संगठन हित में किये जा रहे कार्यों व सक्रियता को मध्य नजर रखते हुए निजी स्कूल शिक्षा परिवार राजस्थान के प्रदेश चुनाव कमेटी सदस्य पद पर पाठक को नियुक्त किया गया। प्रदेश कमेटी में सदस्य बने पाठक को निजी विद्यालय संघ मालपुरा के रामअवतार सैनी, प्रकाश चन्द पाटनी, सलीम, मधुसुदन पारीक, नारायण पारीक, नन्दकिशोर शर्मा सहित पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ-साथ शिक्षाविदों व अन्य संगठनों ने बधाई दी।

### मंदिर से दानपात्र व सामान चोरी

**दूदू, (निसं)।** कस्बे में उदयपरिया रोड पर स्थित मुसाणियां भैरूजी के मन्दिर में शुक्रवार की रात को चोरों द्वारा दानपात्र एवं पूजा की सामग्री चुराकर ले जाने का मामला दूदू थाने में दर्ज कराया गया। पुजारी सीताराम कुम्हार ने रिपोर्ट में अवगत कराया कि सुबह पूजा करने आया तो पाया कि दान पात्र में रखी राशि नहीं मिली। घटना जानकारी दूदू थाने में दी गई मौके पर थाने की पुलिस ने चहुंचकर जायजा लिया।

### गांवों में जनसंवाद किया

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी से क्षेत्र में पार्टी की लंबे समय से अलख जगा रहे भाजपा नेता बलवान सिंह यादव ने हुड़िया जैतपुर के बाबा दयाल मंदिर काठूवास तथा रामचंद्रपुरा, रघुनाथपुरा, हुड़ियाकलां, हुड़िया खुर्द, परतापुर, बींझपुर एवं जैतपुर आदि गांवों में जनसंवाद कर युवा शक्ति को देश और समाज की रीढ बताया।

## मालपुरा में आमजन महासम्मेलन आज

**मालपुरा, (निसं)।** विधानसभा चुनाव के पूर्व उठ रही स्थानीय की मांग व शहर के चहुमुंखी विकास को लेकर 18 जून को घाटी रोड नसियां बालाजी परिसर में आयोजित विशाल आमजन महासम्मेलन को लेकर भामाशाह व आयोजक घासीलाल चौधरी कुहाडा व क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने शनिवार को दर्जनों गांवों में सघन जनसम्पर्क कर आमंत्रण दिया।

गांवों में जनसम्पर्क व नुक्कड सभाओं के माध्यम से भामाशाह व प्रमुख समाज सेवी घासीलाल चौधरी कुहाडा ने बताया कि मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में मालपुरा उपखण्ड व टोडारायसिंह उपखण्ड को शामिल किया गया है। कुल मतदाताओं की संख्या में 60 प्रतिशत मालपुरा व 40 प्रतिशत टोडारायसिंह के मतदाता हैं ऐसे में विधायक बनने का अधिकार मालपुरा उपखण्ड के लोगों का होने के बावजूद दलगत व जातिगत मकड़ जाल के साथ-साथ झूठे लोकलुभावने वादे कर विधायक बनने वाले मालपुरा के विकास के बजाय स्वयं का विकास कर रहे हैं।

इस बार विधानसभा में मालपुरा क्षेत्र का स्थानीय प्रत्याशी हो तथा क्षेत्र के विकास को गति दिये जाने के लिए आमजन व कार्यकर्ताओं से रायशुमारी को लेकर 18 जून को नसियां बालाजी परिसर में महासम्मेलन आयोजित किया गया है जिसमें क्षेत्र के सभी आमजन आमंत्रित हैं। इस सम्मेलन की जाजम गैरराजनैतिक होगी। किसी भी राजनैतिक दल के नेता के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं है। आमजन खुलकर अपनी रायशुमारी सम्मेलन की जाजम पर रखेंगे। सम्मेलन को लेकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों में उत्साह नजर आ रहा है।

## जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव व मीरा चरित्र कथा शुरू



मीरा चरित्र कथा सुनने श्रद्धालु उमड़े।

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के आराध्य देव गोपीनाथ मंदिर में श्री मीरा चरित्र की कथा का महात्म्य बताते हुए श्री वृंदावन धाम के कथावाचक श्रीराधारमनदास महाराज ने कहा कि मीराबाई के बालमन में कृष्ण की ऐसी छवि बसी कि किशोरावस्था से लेकर मृत्यु तक उन्होंने कृष्ण को ही अपना सब कुछ माना। मीराबाई की कथा कोई कल्पना नहीं है। अपने भजनों के कारण राजस्थान के आस्थावान जनमानस में मीराबाई पहले से ही स्थापित है। आध्यात्मिक जीवन, दैहिक जीवन को अलग रखते हुए मन कर्म और चतुराई को छोड़कर शरणागत भाव से लगना चाहिए। मूल आनंद है, आनंद ईश्वर में है, ईश्वर सत्संग से मिलेगा, सत्संग संतो, भक्तों व रसिकों से मिलेगा। भक्त शिरोमणि मीरा राजस्थान की मणि मुकुट है। जिन्होंने भक्ति रस को बिना लोक लज्जा, भय व दुष्टों के दोष को देखे बिना किया। ज्ञान की हानि होने पर वेदव्यास, धर्म की हानि होने पर स्वयं भगवान प्राकट्यय होकर भक्ति की स्थापना करते हैं। डॉक्टर मनोहर शरण दास जी महाराज ने बताया कि कथा में प्रिया शरण पटवारी, निरंजन कयाल, जितेंद्र पटवारी, नरेश भिंडा, रुड़मल सैनी ,कालूराम सैनी ,बाबूलाल सैनी सहित सैकड़ों भक्तगण मौजूद थे।

## 'कांग्रेस रिपीट हुई तो गांवों के उप स्वास्थ्य केंद्र पर भी चिकित्सक होंगे'

**मंडावरी, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार दोबारा से रिपीट होती है तो गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर भी चिकित्सक नियुक्त होंगे।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने राष्ट्रदूत से खास बातचीत में कहा कि, आज राजस्थान कोविड 19 के बाद चिकित्सा के क्षेत्र में मॉडल बनकर उभरा है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत के निर्देशन में चिकित्सा के क्षेत्र में आज जो अभूतपूर्व कार्य हुए हैं उसका तोड़ किसी विपक्ष के पास नहीं होने के कारण धरातल पर गहलोत सरकार द्वारा चलाई जा रही मेडिकल सहित अन्य विभागों की योजनाओं के सफल संचालन को लेकर बौखलाहट बनी हुई है।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि आज लालसोट विधानसभा क्षेत्र की बात की जाए तो स्वास्थ्य केंद्रों पर जरूरतमंद मरीज को मिलने वाले हर प्रकार की दवा एवं जांच के लिए तकनीकी उपकरण मौजूद है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था को इन साढ़े चार साल में मजबूत बनाया गया है। राजस्थान में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना एवं मुख्यमंत्री निशुल्क जांच एवं दवा योजना की बढ़ी हुई दायरे के साथ राजस्थान पहला प्रदेश बना है जो राजस्थान प्रदेश के निवास करने वाले प्रत्येक नागरिक को राइट टू हेल्थ का अधिकार प्रदान करता है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि सीएम गहलोत कि यह बड़ी सोच है कि आगामी समय में ग्राम स्तर पर बनी हुई उप स्वास्थ्य केंद्र पर भी चिकित्सक की नियुक्ति हो ताकि वहां रहने वाला गरीब जरूरतमंद मरीज समय पर बिना धन एवं समय खर्च किए सरकार द्वारा निशुल्क दवा जांच योजना आदि का लाभ ले सके।

## अवैध हथियार के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**चाकसू, (निसं)।** चाकसू थाना अंतर्गत पुलिस टीम ने अवैध हथियारों के साथ एक हिस्ट्रीशीटर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। वहीं पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में अभियुक्त इन्द्रराज उर्फ इन्द्र गुर्जर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त योगेश गोयल ने बताया कि पुलिस आयुक्त जयपुर द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन आग के तहत अपराधियों पर कार्यवाही करने के लिए सभी थानाधिकारियों को निर्देशित किया है। इसी को लेकर चाकसू थाना अंतर्गत भरतलाल मीणा अति. पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण और अजय कुमार शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त चाकसू के मार्गदर्शन एवं सुपरविजन में थानाधिकारी भूरी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों द्वारा अवैध हथियारों को लेकर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

थाना इंचार्ज भूरी सिंह ने बताया कि सूचना पर मुल्जिम इन्द्रराज उर्फ इन्द्र गुर्जर पुत्र कमल सिंह गुर्जर निवासी ग्राम हबीबपुर पुलिस थाना गंगापुर सिटी सदर जिला सवाई माधोपुर की तलाशी के दौराने मुल्जिम इन्द्रराज उर्फ इन्द्र गुर्जर कब्जे से अवैध हथियार एक देशी कट्टा एवं 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद होने पर जप्त कर मुलजिम को गिरफ्तार किया गया है। उक्त अभियुक्त आपराधिक प्रवृति का है जिसका पूर्व का आपराधिक इतिहास रहा है ।

## सार-समाचार

### गौ सेवा कर जन्मदिन मनाया



**पावटा, (निसं)।** भाजपा नेत्री रानी रत्ना कुमारी ने पाश्चात्य संस्कृति को छोड़ भारतीय संस्कृति को अपना कर गौशाला में जाकर गायों की पूजा व उन्हें गुड व हरा चारा खिलाकर अपना जन्मदिन मनाया। भाजपा नेत्री रानी रत्ना कुमारी ने बताया कि भाजपा एक संस्कारवान संगठन है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपना जन्मदिन फालतू खर्च में ना करके विभिन्न सेवाओं के प्रकल्प द्वारा मनाता है। इसी प्रक्रिया का निर्वाहन करते हुए जन्मदिन गौ माता की सेवा करके मनाया है। गौ माता की सेवा से बढकर कोई पुण्य नहीं है। लोगों को होटलों में जाकर पार्टी मनाने की बजाए गौशाला में जाकर गौ माता की पूजा व सेवा कर मनाना चाहिए। वहीं भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेत्री रानी रत्ना कुमारी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की।

### तूफान के मद्देनजर 25 महापड़ाव तारीख को होगा

**सांभरझील, (निसं)।** तूफान के मद्देनजर केंद्र सरकार की ओर से जारी सूचना के आधार पर सांभर फुलेरा जिले की मांग को लेकर 18 तारीख को मोखमपुरा पर महापड़ाव किए जाने के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। इस मामले में प्रशासन पुलिस प्रशासन की ओर से आंदोलन की रणनीतिकार दीनदयाल कुमावत को भी बुला कर वार्ता की गई तथा तूफान को दृष्टिगत रखते हुए महापड़ाव स्थगित किए जाने के लिए कहा गया। तूफान की प्रबल संभावना आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में धारा 144 लगाई गई है हालांकि धारा 144 का तूफान से कोई लेना देना नहीं है बताया जा रहा है कि महापड़ाव के मामले को लेकर यह धारा लगाई गई है। भाजपा जिला देहात की पुल पदाधिकारी दीनदयाल कुमावत का कहना है कि मैंने केंद्र सरकार से जानकारी प्राप्त की है तूफान को ध्यान में रखते हुए अब यह महापड़ाव 25 तारीख को होगा। धारा 144 लगाकर प्रदेश की सरकार जो हथकंडे अपना रही है उसे सफल नहीं होने दिया जाएगा महापड़ाव तो होकर ही रहेगा। पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च कर लोगों को इसकी जानकारी भी दी गई।

### क्रेन से मजदूर के सिर में लगी चोट, मौत

**किशनगढ़ रेनवाल, (निसं)।** रेनवाल थाना इलाके के भैंसलाना गांव में क्रेन से मजदूर के सिर में चोट लगने से मौत हो गई। थाना प्रभारी उमराव सिंह गुर्जर ने बताया कि थाना इलाके के भैंसलाना गांव में ग्राम पंचायत के जर्जर पुराने भवन की पट्टियां उतारी जा रही थी, इसी दौरान पंचायत भवन पर से पट्टियां उतारने का कार्य कर रहे मजदूर महबूब खान निवासी देवली जिला नागौर के सिर पर क्रेन से चोट लग जाने के कारण वह घायल होकर गिर गया। जिसे बाद में तत्काल किशनगढ़ रेनवाल के उपजिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जयपुर के एसएमएस अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इसी दौरान घायल महबूब खान ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जिसके शव को बाद में वापस उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया तथा घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

### विजय जुलूस को रवाना किया

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** उपखण्ड के सच्चिदानंद सीनियरी सेकेंडरी स्कूल का शानदार परिणाम को लेकर शनिवार को टॉपर विद्यार्थियों के साथ विजय जुलूस निकाला गया। विधायक रामलाल शर्मा ने विजय जुलूस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही विद्यार्थियों को माला एवं साफ़ा पहनाकर उत्साह वर्धन किया गया। इस दौरान नगरपालिका पार्षद अनिता कुमावत के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। विजय जुलूस तेजाजी मंदिर से रवाना होकर तेजाजी मंदिर पर समापन हुआ। रैली का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। जिसमें वीर तेजाजी धाम अध्यक्ष कालूराम जाट ने बच्चों का स्वागत किया वही जयसिंहपुरा में कमल यादव प्रेमचंद यादव मुकेश शर्मा मोहन यादव के द्वारा रैली का जोरदार स्वागत किया गया और पावर हाउस में सूरजमल गोदारा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इसके उपरांत संस्था प्रधान बाबूलाल कुमावत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### जाह्नवी को सम्मानित किया

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ कस्बे के बाढड़ी मोहल्ले की जाह्नवी पुत्री चेतन यादव के नीट में 675 अंक प्राप्त करने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बस्तीराम यादव प्रधान प्रतिनिधि ने बधाई देकर सम्मानित किया। जिसमें जाह्नवी के दादा महेंद्र सिंह यादव एडवोकेट व पिता चेतन यादव को भी साफा पहनाकर सम्मानित करते बधाई देकर बेटी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए गर्व की बात कही। वहीं जहान्वी के पिता ने बताया कि जाह्नवी की इस उपलब्धि में उसकी मम्मी सुमित्रा जो गृहणी होते हुए भी बेटी को इस मुकाम तक पहुंचाने में मुख्य श्रेय पाने की अधिकारी हैं। इस दौरान सुनील कुमार, बाबूलाल, रामअवतार, बालकृष्ण तथा जाह्नवी के दादाजी महेंद्र सिंह यादव एडवोकेट और पिता चेतन यादव मौजूद रहे।

### केन्द्रीय मंत्री गोयल आज कोटपूतली में

**कोटपूतली, (निसं)।** केन्द्र सरकार में वाणिज्य, उद्योग, उपभोक्ता मामलात, कपड़ा, खाद्य वितरण मंत्रालय का पद भार सम्भाल रहे कैबिनेट मंत्री पीयूष गोयल रविवार को कोटपूतली आयेंगे। गोयल कस्बा स्थित होटल आरटीएम में दोपहर 03.30 बजे केन्द्र की मोदी सरकार के 09 वर्षों का कार्यकाल पूर्ण होने पर जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए मोदी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करेंगे। इससे पूर्व वे राजमार्ग पर ग्राम रघुनाथपुरा स्थित होटल हाईवे प्रिंस में व्यापारियों के साथ बैठक भी करेंगे। साथ ही पूतली कट पर निर्माणाधीन पुलिया का अवलोकन भी करेंगे। प्रेस वार्ता में जयपुर ग्रामीण सांसद राठौड़ समेत भाजपा के कई प्रदेश स्तरीय नेता भी शामिल रहेंगे।

### शिव भक्तों का जत्था रवाना

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** कावड़ियों का पांच सदस्य जत्था शनिवार को गंगोत्री के लिए रवाना हुआ। शिव भक्त हरिओम गुप्ता के नेतृत्व में गंगोत्री के लिए रवाना हुए पीयूष शर्मा पवन सोनी रवि शर्मा ललित राजपूत ने बताया कि गंगोत्री से कावड़ उठाकर पैदल किशनगढ़ बास पहुंचेंगे।

## ई.आर.सी.पी. की डी.पी.आर. में छूट रहे बांधों को जोड़ने की मांग




ईआरसीपी में छूटे छोटे-बड़े बांधों को जोड़ने की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा के युवाओं ने पदयात्रा निकाली।

- झिलमिली बडागांव डेम एवं सूरतपुरा डेम को जोड़ने की मांग

**लालसोट, (निसं)।** ईस्टर्न कैनाल परियोजना में पूर्वी राजस्थान में छूट रहे छोटे-मोटे जल स्त्रोतों बांध इत्यादि को जोड़ने की मांग को लेकर इस परियोजना में जन जागरण में जागरूकता का कार्य कर रहे युवाओं के एक दल द्वारा शनिवार को जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय एवं चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा को ज्ञापन सौंपा गया।

ईस्टर्न कैनाल परियोजना में संयुक्त मोर्चा के जुड़े हुए युवाओं द्वारा शिवसिंहपुरा बालाजी से पदयात्रा शुरू कर एनीकट शिलान्यास समारोह में मौजूद मंत्रियों तक पहुंचे। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि राजस्थान काफी संख्या जनसंख्या निवास करती है। इस क्षेत्र में भूमिगत जलस्तर लगातार गिरता जा रहा है। जिससे आने वाले समय में इस क्षेत्र में नयकर जलसंकट की विषय परिस्थितियों उत्पन्न होने की पूरी संभावना है। परन्तु बड़े खेद का विषय कि आज सरकारों द्वारा इस समस्या से निजात दिलाने के लिये कोई प्रयास नही किया गया है। जिसके परिणामस्वरूप वह क्षेत्र विकास रोजगार व उद्योगों की दृष्टि से पिछड़ता जा रहा है। इन परिस्थितियों में सुधार के लिये पूर्वी राजस्थान न्हर परियोजना की परिकल्पना द्वारकार द्वारा की गई जी. एक तरफ केंद्र सरकार ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नही कर पूर्वी राजस्थान की जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। वही राजस्थान सरकार कह रही है कि अगर केन्द्र सरकार ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं भी करती है। तो भी राजस्थान सरकार इसे पूरा करेगी और मुख्यमंत्री ने पूर्वी राजस्थान की जनता के समस्या को देखते हुए ईआरसीपी पर पिछले दो बजट में 9 हजार करोड रूपये और 13 हजार करोड रूपये स्वीकृत किये है और जनता के मुख्यमंत्री की परिभाषा को सार्थक करते हुए ईआरसीपी के प्रथम फेज का कार्य राज्य सरकार के दम पर बिना केन्द्र सरकार की सहायता के शुरू भी करवा दिया है। बताया की तत्कालीन सरकार ने जब डीपीआर बनाई थी तो हमारे बांधो को ईआरसीपी में शामिल नही किया गया जिस कारण पूर्वी राजस्थान के ज्यादातर क्षेत्र इस परियोजना से वचित रह गये है। मुख्यमंत्री से निवेदन है कि ईआरसीपी की डीपीआर में झिलमिली बडागाव डेम एवं सूरतपुरा डेम को जोडने से पूर्वी राजस्थान की भूमि उपजाऊ है अगर इसे सिंचाई के लिये इन बांधों को जोडने से पानी मिल जायेगा तो पूर्वी राजस्थान की काया पलट हो जायेगी। और हमारा राज्य बीमारू राज्य की श्रेणी से निकलकर आत्मनिर्भर होकर देश में नम्बर एक की स्थिति प्राप्त कर सकता है। इस बाबत ईआरसीपी संयुक्त मोर्चा कई आपको ज्ञापन भी दे चुका है। लेकिन अभी तक पूर्वी राजस्थान के छूटे बांधों को जोड़ने की और कोई ठोस कार्यवाही नही हुई है। ज्ञापन देने की इस दौरान स्थल करार परियोजना से जुड़े संयुक्त मोर्चा के सैकड़ों युवा मौजूद रहे।

लम्बे समय से पिछड़ रहे है 18 जून को मालपुरा चलो! अब विकास के लिए करेंगे संघर्ष

**मालपुरा विधानसभा क्षेत्र**

**के मतदाताओं-आम नागरिकों से अपील**

- पिछले साढे नो साल से पिछड़े मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए चर्चा करने और विचार विमर्श के लिए 18 जून रविवार को मालपुरा के घाटी रोड़ स्थित नसियां के बालाजी मंदिर में विशाल आमजन महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।
- पिछले लंबे समय से मालपुरा क्षेत्र के विकास को लेकर किए जा रहे सौतेले व्यवहार से आमजन-मतदाता त्रस्त है। भविष्य में ऐसा नहीं हो इस विषय पर आमजन से चर्चा की जाएगी और एक नया राजनैतिक निर्णय आमजन की राय से किया जाएगा। एक जाजम पर बैठकर सभी की राय से हर साल पिछड़ते जा रहे मालपुरा विधानसभा क्षेत्र की दिशा और दशा बदलने के लिए आयोजित 18 जून के इस आमजन महासम्मेलन में लिए जाने वाले निर्णय से मालपुरा का भविष्य बदलेगा। महासम्मेलन में गांव-शहर और ढाणियों से हजारों नागरिक मतदाता एकत्रित होंगे। आप सभी आमंत्रित है।
- मालपुरा को जिला बनाने का पत्र कमेटी को नहीं देने के पीछे बहुत बड़ा षड़यंत्र है। जिम्मेदार व्यक्ति नहीं चाहता मालपुरा आगे बढे और विकसित हो। लेकिन हम सभी मिलकर इस षडयंत्र का दमन करेंगे और मौका मिला तो जिला अवश्य बनाएंगे।
- मालपुरा के चहुंमुखी विकास के लिए सभी कौमों के आमजनों-युवाओं, बुजुर्गो, महिलाओं को अब एकजुट होकर आगे आने का समय आ गया है। जिससे मालपुरा में जातिवादी जहर फैला कर वोट बटोरने वालों के मंसूबों को नाकाम किया जा सकेगा।
- मालपुरा के विकास के लिए आयोजित 18 जून का आमजन महासम्मेलन क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। इसलिए आमजन से अपील है कि महासम्मेलन में अधिक से अधिक सख्या में शामिल होकर विकास का मार्ग प्रशस्त करने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।



निवेदक- समाजसेवी घासी लाल चौधरी
निवासी - मालपुरा (टोंक)



कुल मिलाकर हमारा दौरा अच्छा रहा। बड़ी टीमों के खिलाफ खेलना विदेशी सरज़मीन पर खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और मेरे अनुसार हम अपेक्षाओं पर खरे उतरे।

– हरमनप्रीत सिंह

हॉकी प्रो लीग 2022-23 के यूरोप चरण को लेकर।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ इशान किशन



**भारत** के विकेटकीपर-बल्लेबाज इशान किशन राष्ट्रीय टीम के कैरेबियाई दौरे से पहले 'स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग' से संबंधित काम के लिए अगले सप्ताह बेंगलुरू स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में जायेंगे। भारतीय टीम वेस्टइंडीज के पूर्ण दौरे पर दो टेस्ट, तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलेगी। इस दौरे का आगाज 12 जुलाई को टेस्ट श्रृंखला से होगा। दलीप ट्रॉफी में किशन के नहीं खेलने के फैसले से यह इशान से जुड़े एक करीबी सूत्र ने शनिवार को कहा, इशान पिछले दिसंबर से नियमित रूप से भारतीय टीम का हिस्सा रहे है।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेंदें फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

## दीक्षा तीसरे स्थान पर, जर्मन मास्टर्स में खिताब की दौड़ में बरकरार

ब्रेंडनबर्ग (जर्मनी), 17 जून। दीक्षा डागर अंतिम नौ होल में शानदार प्रदर्शन से शनिवार को यहां पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ जर्मन मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर चल रही हैं। लेडीज यूरोपीय टूर पर जीत दर्ज करने वाली सिर्फ दूसरी भारतीय दीक्षा संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही इंग्लैड की कारा गेनर (68) और चेक गणराज्य की क्रिस्टीना नेपोलीवा (69) से दो शॉट पीछे हैं। कारा और क्रिस्टीना दोनों का कुल स्कोर 13 अंडर है और उन्होंने दीक्षा पर बढ़त बना रखी है जिनका कुल स्कोर 11 अंडर है। अन्य भारतीयों में अवनी प्रशांत (75) संयुक्त 32वें से संयुक्त 51वें जबकि वाणी कपूर (75) और रिद्धिमा दिलावरी (75) संयुक्त 65वें स्थान पर खिसक गईं।

## डायमंड लीग लुसाने में हिस्सा ले सकते हैं नीरज

लुसाने, 17 जून। मांसपेशियों में खिंचाव से उबर रहे दुनिया के शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा 30 जून को यहां होने वाले वांडा डायमंड लीग के छठे चरण के जरिये फील्ड पर वापसी कर सकते हैं। डायमंड लीग के गत विजेता नीरज ने इस संबंध में कोई पुष्टि नहीं की है, लेकिन आयोजकों ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि वह आयोजन में हिस्सा लेने वाले हैं। वेबसाइट पर जारी बयान के अनुसार, ''भाला फेंक प्रतियोगिता में, भारतीय ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा को चेक (गणराज्य) के जाकुब वाडलेच और जर्मनी के जूलियन वेबर का सामना करना है।'' उल्लेखनीय है कि नीरज ने पिछले महीने ट्विटर पर घोषणा की थी कि प्रशिक्षण के दौरान उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और एहतियात के तौर पर वह नीदरलैंड में एफबीके गेम्स (चार जून) और फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों (13 जून) में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। वह भुवनेश्वर में चल रही राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप से भी बाहर रहे हैं। नीरज ने पांच मई को 88.67 मीटर के थ्रो के साथ दोहा डायमंड लीग में पहला स्थान हासिल कर सीजन की जोरदार शुरुआत की थी।

## मिश्र ने स्क्वाश विश्व कप का खिताब जीता

चेन्नई, 17 जून। शीर्ष रैंकिंग वाली टीम मिस्र ने शनिवार को यहां फाइनल में मलेशिया को 2-1 से हराकर एसडीएटी डब्ल्यूएसएफ स्क्वाश विश्व कप का खिताब जीता। रोमांचक फाइनल में मिस्र ने 0-1 से पिछड़ने के बाद युवा खिलाड़ियों अली अबोउ अलीनेन और फेरोज अबोलखोर की बदौलत वापसी करते हुए 2-1 से जीत दर्ज की। दूसरा वरीय भारत सेमीफाइनल में मलेशिया के खिलाफ शिकस्त के बाद जापान के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहा। फाइनल में शिन यिंग यी ने केंजी ऐमान को 17 मिनट में सीधे गेम में 7-4, 7-5, 7-6 से हराकर चौथे वरीय मलेशिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। मलेशिया ने उलटफेर करते हुए खिताब की उम्मीद जगाई लेकिन अली अबोउ ने डेरेन प्रेगासम को 7-3, 7-6, 7-4 से हराकर स्कोर 1-1 कर दिया। फेरोज ने इसके बाद एड्रा अजमान को 7-4, 7-5, 6-7, 7-6 से हराकर मिस्र को खिताब दिला दिया। विश्व कप का आयोजन 2011 के बाद हो रहा है। तब भी विश्व कप चेन्नई में ही खेला गया था। पहली बार प्रतियोगिता में लैंगिक संतुलन देखा गया और प्रत्येक टीम में दो महिला और दो पुरुष खिलाड़ियों ने चुनौती पेश की। पांचवें स्थान के प्ले ऑफ में पांचवें वरीय ऑस्ट्रेलिया ने कोलंबिया को 2-1 से हराया जबकि सातवें स्थान के प्ले ऑफ में दक्षिण अफ्रीका ने हांगकांग इसी अंतर से मात दी।

## हमें राशिद की कमी महसूस हुई : बड़ी हार के बाद शाहिदी

मीरपुर, 17 जून। अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्ला शाहिदी ने बंगलादेश के हाथों एकमात्र टेस्ट में मिली 546 रन की विशाल हार के बाद शनिवार को स्वीकार किया कि उन्हें करिश्माई लेग-स्पिनर राशिद खान की कमी महसूस हुई। यह बंगलादेश और अफगानिस्तान के बीच खेला गया दूसरा टेस्ट था। चार साल पहले बंगलादेश ने चटगांव में अफगानिस्तान की मेज़बानी की थी, जहां राशिद खान ने 11 विकेट चटकाते हुए अफगानिस्तान की 224 रन की जीत में योगदान दिया था। शाहिदी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''ज़ाहिर है, हमें उनकी कमी खली। वह हमारे सुपरस्टार गेंदबाज हैं। हमने जब पिछली बार बंगलादेश को हराया था तब राशिद ने 11 विकेट लिये थे।'' राशिद इस समय अपना कार्यभार कम करने के लिये आराम कर रहे हैं। कप्तान शाहिदी का कहना है कि सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप और एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए वह अपने महत्वपूर्ण खिलाड़ी को पर्याप्त आराम देना चाहते हैं।

## सेठी ने भारत में विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी पर नये सिरे से संदेह जताया

लाहौर, 17 जून। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजम सेठी ने भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में उनकी टीम की भागीदारी पर शुक्रवार को संदेह जताते हुए कहा कि यह 'सरकार की मंजूरी के अधीन' है। सेठी के इस रूख से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के लिए विश्व कप के कार्यक्रम को अंतिम रूप देना मुश्किल होगा। सेठी की टिप्पणी इस लिए भी आश्चर्यजनक है क्योंकि एशियाई क्रिकेट परिषद के प्रमुख जय शाह सहित सभी हितधारकों ने पीसीबी प्रमुख द्वारा प्रस्तावित एशिया कप के 'हाइब्रिड मॉडल' पर आयोजन के लिए सहमति दे दी थी।

# इंडोनेशिया ओपन : सात्विक-चिराग ने ऐतिहासिक पदक पक्का किया




जकार्ता, 17 जून। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया ओपन 2023 के सेमीफाइनल में शनिवार को कोरिया के कांग मिनह्युक और सियो स्युंगजै पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। सात्विक-चिराग 67 मिनट तक चले सेमीफाइनल में कांग-सियो को 17-21, 21-19, 21-18 से हराकर इंडोनेशिया ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय जोड़ी बन गये। यह सात्विक-चिराग के लिये बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के किसी सुपर 1000 इवेंट का पहला फाइनल भी है।

सातवीं सीड भारतीय जोड़ी की मुकाबले में शुरुआत अच्छी नहीं रही और कोरियाई युगल ने पहले गेम में 11-6 की बढ़त बना ली। सात्विक-चिराग ने ब्रेक के बाद अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन कांग-सियो 21-17 से जीतने में सफल रहे।

दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने शुरुआत में ही 11-4 की बड़ी बढ़त बना ली और अपने कोरियाई प्रतिद्वंदियों को कभी भी वापसी का मौका नहीं दिया। कांग-सियो ने 16-20 से पिछड़ने के बाद तीन अंक अपनी झोली में डाले, लेकिन सात्विक-चिराग सही वक्त पर स्कोर करके 21-19 से दूसरा गेम जीत गये।

तीसरा गेम हालांकि अपेक्षा से अधिक रोमांचक रहा। इस गलाकाट प्रतियोगिता में दोनों ही टीमों ने लगातार आक्रमण किया। सात्विक-चिराग ब्रेक के बाद 12-5 से आगे चल रहे थे, लेकिन कांग-सियो ने तेजी से भरपाई करते हुए 16-16 पर स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने हालांकि लगातार तीन पॉइंट स्कोर करते हुए 19-16 की सुरक्षित बढ़त बना ली। कोरियाई जोड़ी ने दो पॉइंट अपने पक्ष में किये, लेकिन वह सात्विक-चिराग को 21-18 से गेम जीतकर फाइनल में पहुंचने से नहीं रोक सके।

खिताबी मुकाबले में सात्विक-चिराग का सामना मलेशिया के आरोन चिया-सूह वूईयिक या इंडोनेशिया के प्रमुद्य कुसुमवर्दन-वाइ रंबितान में से किसी एक जोड़ी से होगा। इसी बीच, अनुभवी भारतीय शटलर और हाल ही में मलेशिया मास्टर्स जीतने वाले एचएस प्रणय सेमीफाइनल में टोक्यो ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सलसन से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गये। गत विश्व चैंपियन एक्सलसन ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रणय को 46 मिनट में 21-15, 21-15 से हराकर उनका अभियान खत्म किया।

## बांग्लादेश ने दर्ज की टेस्ट क्रिकेट की तीसरी सबसे बड़ी जीत

### अफगानिस्तान को 546 रन से हराया

मीरपुर, 17 जून। नजमुल हुसैन शांतो (146, 124) के दो शतकों की बदौलत बंगलादेश ने शनिवार को एकमात्र टेस्ट में अफगानिस्तान को 546 रन से रौंदकर टेस्ट क्रिकेट के इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

बंगलादेश ने अफगानिस्तान के सामने 662 रन का लक्ष्य रखा था। इसके जवाब में अफगानिस्तान मैच के चौथे दिन शनिवार को 115 रन पर ऑलआउट हो गयी। यह इस शताब्दी की सबसे बड़ी टेस्ट जीत भी है। इससे पहले इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 675 रन से (1928) जबकि ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 562 रन से (1934) हराया था।

दिन की शुरुआत 45/2 से करने वाली अफगानिस्तान की हार बस औपचारिकता मात्र थी। इबादत हुसैन (22/1) ने नासिर जमाल को आउट कर विकेटों के पतन की शुरुआत की, जबकि शोरिफुल इस्लाम ने लगातार ओवरों में अफसर ज़ज़ई और बाहिर शाह को पवेलियन लौटाया। तीसरे दिन नाबाद पवेलियन लौटे रहमत शाह और करीम जन्नत को तस्कीन अहमद (37/4) ने आउट किया। रहमत 73 गेंद पर दो चौकों के साथ 30 रन बनाकर अफगानिस्तान के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

मेहदी हसन मिराज़ ने अमीर हमज़ा का विकेट निकाला, जबकि तस्कीन ने यमीन अहमदज़ई के रूप में अपना चौथा विकेट लिया। कोहनी में चोट लगने के कारण ज़हीर खान रिटायर हर्ट हुए और अफगानिस्तान की पारी 115 रन पर समाप्त हो गयी। इससे पूर्व, शांतो ने पहली पारी में शतक जड़कर बंगलादेश को 382 रन तक पहुंचाया था, जिसके जवाब में अफगानिस्तान 146 रन पर ऑल आउट हो गयी थी।

## गिरोड, केन ने राष्ट्रीय टीम के लिए गोल के रिकॉर्ड को बेहतर किया, फ्रांस और इंग्लैंड जीते

पेरिस, 17 जून। स्ट्राइकर ओलिवियर गिरोड और हैरी केन ने अपनी राष्ट्रीय टीम के गोल रिकॉर्ड को आगे बढ़ाया जिससे फ्रांस और इंग्लैंड ने यूरोपीय चैम्पियनशिप के क्वालीफाइंग में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। फ्रांस ने ग्रुप बी के मैच में जिब्राल्टर को 3-0 से शिकस्त दी। इस मुकाबले में गिरोड ने देश के लिए अपना 54वां गोल किया। माल्टा पर 4-0 की जीत से इंग्लैंड ग्रुप सी की तालिका में शीर्ष पर है। इस मुकाबले में केन ने पेनल्टी को गोल में बदला। राष्ट्रीय टीम के लिए यह उनका 56वां गोल है।

फ्रांस और इंग्लैंड अपने-अपने ग्रुप की तालिका में शीर्ष पर है। अंडोरा में 2-1 की सफलता के बाद स्विट्जरलैंड नौ अंक के साथ ग्रुप आई में शीर्ष पर हैं। ग्रुप बी के अन्य मैच में यूनान ने आयरलैंड को 2-1 से हराया। यूक्रेन ने ग्रुप सी के मैच में 0-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए उत्तरी मेसेडोनिया को 3-2 से हराया। ग्रुप डी में वेल्स को आर्मेनिया के खिलाफ 2-4 की हार के साथ उलटफेर का शिकार होना पड़ा।

## थोकचोम के गोल से भारत ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप में वियतनाम को बराबरी पर रोका

पाथुम थानी (थाईलैंड), 17 जून। मालेमगांबा थोकचोम के गोल से भारत ने शनिवार को यहां एएफसी अंडर-17 एशियाई कप फुटबॉल चैंपियनशिप के ग्रुप डी के अपने पहले मैच में वियतनाम को 1-1 से बराबरी पर रोका। वियतनाम ने पहले हाफ के अंतिम लम्हों में लोंग वू के गोल की बदौलत बढ़त बनाई लेकिन लेफ्ट बैक थोकचोम ने 69वें मिनट में गोल दागकर भारत को बराबरी और एक अंक दिलाया। भारत अपने अगले दो ग्रुप मैच में उज्बेकिस्तान और जापान से भिड़ेगा। ग्रुप के एक अन्य मैच में उज्बेकिस्तान ने जापान को 1-1 से बराबरी पर रोका। भारत की युवा टीम ने सतर्क शुरुआत करने के बावजूद मुकाबले में नियंत्रण बनाए रखा। टीम ने गेंद को अधिक समय तक अपने कब्जे में रखा और गोल करने के कई मौके बनाए। फ्री किक पर वनलालपेका गुइते और लालपेखलुआ राल्टे के प्रयासों को वियतनाम के डिफेंडरों ने नाकाम किया। आकाश टिर्की ने अच्छा मूव बनाया और दो डिफेंडरों को छकाते हुए गोल के करीब पहुंचे लेकिन गेंद को गोल में नहीं डाल सके। लोंग वू ने पहले हाफ के अंतिम लम्हों में गोल दागकर वियतनाम को बढ़त दिलाई। लोंग वू के पास बढ़त दोगुना करने का मौका था लेकिन इंजरी टाइम में उनका हेडर साइड बार से टकरा गया। दूसरे हाफ में भारत ने लगातार मूव बनाए और थोकचोम ने लंबी दूरी से गोल दागकर भारत को बराबरी दिला दी। भारत को इंजरी टाइम में बढ़त बनाने का मौका मिला जब कप्तान कोरोउ सिंह के क्रॉस पर टी गंगटे गोल करने में नाकाम रहे। रिबाउंड पर गेंद ओमांग डोडुम के पास पहुंची लेकिन उनका शॉट निशाने से दूर रहा।

## कृष को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे विशेष

गंगटोक, 17 जून। छठी यूथ पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के चौथे दिन हरियाणा के विशेष ने रोमांचक बाउट में मौजूदा एशियाई जूनियर चैंपियन कृष पाल को हराकर 48 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस कांटे की टक्कर के मुकाबले में विशेष और कृष पाल शुरू से ही आक्रामक नजर आये। दोनों मुक्केबाजों ने एक-दूसरे पर लगातार मुक्के बरसाये और पूरी बाउट के दौरान अपने प्रतिद्वंदी को सांस लेने का मौका नहीं दिया। अंततः, विशेष 4-3 के विभाजन के फैसले के साथ बाउट जीतने में सफल रहे। सेमीफाइनल में विशेष का सामना सेवा खेल नियंत्रण बोर्ड के ऋषि से होगा।

इसी बीच, 2021 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियन रोहित चमोली को 54 किग्रा क्वार्टरफाइनल बाउट में दिल्ली के उमेश कुमार के हाथों हार का सामना करना पड़ा। उमेश ने फुर्ती और मुक्कों का बेहतरीन संयोजन कर रोहित को 4-1 से परास्त किया। सेमीफाइनल में उनका सामना एसएससीबी के आशीष से होगा। हरियाणा के एशियाई जूनियर चैंपियन भरत जून (92 किग्रा) ने अपनी शानदार फार्म जारी रखते हुए उत्तराखंड के रिद्धुमन सुब्बा को आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोका गया) से मात दी।

## ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया को वापसी दिलाई



बर्मिंघम, 17 जून। सलामी बल्लेबाजी उस्मान ख्वाजा के नाबाद अर्धशतक से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले एशेज क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन चाय तक चार विकेट पर 188 रन बनाकर वापसी करने की ओर कदम बढ़ाए। इंग्लैंड ने पहली पारी आठ विकेट पर 393 रन बनाकर घोषित की थी जिससे ऑस्ट्रेलिया अब भी 205 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया हालांकि पहले सत्र में दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन (00) का विकेट पहली गेंद और फिर दूसरे नंबर के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ (16) का विकेट गंवाने के बाद बेहतर महसूस कर रहा होगा। चाय के समय ख्वाजा 84 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि दूसरे छोर पर ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन 21 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। दोनों पांचवें विकेट के लिए 40 रन जोड़ चुके हैं। सुबह के सत्र में तीन विकेट गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे सत्र में बेहतर प्रदर्शन किया। ख्वाजा और ट्रेविस हेड (50) ने चौथे विकेट के लिए 81 रन जोड़े। हेड ने मोईन अली पर कुछ आकर्षक शॉट खेले लेकिन इंग्लैंड के इस ऑफ स्पिनर ने अंततः उन्हें मिडविकेट पर जैक क्राउली के हाथों कैच करा दिया।

ग्रीन भी इसी ओवर में भाग्यशाली रहे जब मोईन की गेंद पर विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो उन्हें स्टंप करने में नाकाम रहे। ख्वाजा और दुनिया के तीसरे नंबर के बल्लेबाज हेड ने तेजी से रन बटोरे। दोनों तीन विकेट पर 67 रन के स्कोर पर एक साथ आए। ख्वाजा ने भी मोईन पर दो छक्के मारे।

ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत बिना विकेट खोए 14 रन से की। सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (09) दिन के सातवें ओवर में ब्रॉड की ऑफ साइड से बाहर की गेंद को विकेटों पर खेल गए। अगली की गेंद पर लाबुशेन (00) ने बेयरस्टो को कैच थमा दिया। ख्वाजा और दुनिया के दूसरे नंबर के टेस्ट बल्लेबाज स्टीव स्मिथ (16) ने अगले एक घंटे से अधिक समय तक मेजबान टीम के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। स्टोक्स ने हालांकि अपने दूसरे ओवर की अंतिम गेंद पर स्मिथ को पगबाधा करके ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। स्मिथ ने डीआरएस लिया लेकिन फैसला मेजबान टीम के पक्ष में गया और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा।

## काइनन, मनीषा ट्रैप ट्रायल में शीर्ष पर

भोपाल, 17 जून। ओलंपियन काइनन चेनाई ने शनिवार को यहां चौथे राष्ट्रीय चयन ट्रायल (शॉटगन) के क्वालीफिकेशन के दूसरे दिन पुरुष ट्रैप स्पर्धा में बढ़त बना ली जबकि महिला वर्ग में स्थानीय दावेदार मनीषा कीर शीर्ष पर चल रही हैं। शुक्रवार को दो दौर में परफेक्ट 50 अंक जुटाने वाले काइनन शनिवार को दो निशाने चूक गए। कल तक संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे भवनीश मेंदिरत्ता के भी दो निशाने चूके। काइनन ने हालांकि चौथे दौर में परफेक्ट 25 अंक की बदौलत एकल बढ़त बना ली है लेकिन भवनीश ने दोनों दौर में 24 अंक जुटाए।

मनीषा ने शनिवार को दो दौर में 22 और 24 अंक जुटाए। वह कुल 90 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही हैं। रविवार को दोनों वर्ग में पांचवां और अंतिम क्वालीफिकेशन दौर होगा जिसके बाद शीर्ष छह निशानेबाज फाइनल में जगह बनाएंगे। पुरुष ट्रैप में पृथ्वीराज तोंडमान, शारदुल विहान और लक्ष्य श्योराण जैसे निशानेबाज शीर्ष छह में चल रहे हैं जबकि पूर्व विश्व चैंपियन मानवजीत संधू भी दौड़ में बने हुए हैं। वह अभी 94 अंक के साथ आठवें स्थान पर हैं। महिला ट्रैप में राजेश्वरी कुमारी 89 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

## श्रीलंका दौरे के लिये शाहीन की टेस्ट टीम में वापसी

लाहौर, 17 जून। पाकिस्तान ने अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की शृंखला के लिये शाहीन शाह अफरीदी को टीम में शामिल किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

अफरीदी ने 11 महीने बाद टेस्ट टीम में वापसी की है। उन्होंने खेल के सबसे लंबे प्रारूप में पिछली बार जुलाई 2022 में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया था। श्रीलंका सीरीज के लिये चुनी गयी 16-सदस्यीय स्क्वाड में बल्लेबाज मुहम्मद हुरैरा और हरफनमौला आमिर जमाल को भी शामिल किया गया है।

न्यूजीलैंड के विरुद्ध पिछली घरेलू टेस्ट शृंखला में स्क्वाड का हिस्सा रहे शाहनवाज़ दहानी, ज़ाहिद महमूद और कामरान गुलाम इस बार टीम में जगह नहीं बना सके। अफरीदी ने टेस्ट टीम में वापसी पर कहा, ''मैं एक साल बाद पाकिस्तान की टेस्ट टीम में वापसी को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैंने टेस्ट क्रिकेट को बहुत याद किया और मेरे लिये इस प्रारूप से दूर रहना कठिन था।''

उन्होंने कहा, ''श्रीलंका में मुझे लगी चोट के कारण पूरे घरेलू सत्र में नहीं खेलने के बाद मैं उसी देश में प्रभावी वापसी करने और टेस्ट क्रिकेट में विकेटों का शतक पूरा करने के लिये उत्सुक हूं। मैं अपने प्रशंसकों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने कठिन समय में मुझे समर्थन दिया है। मैं आगे की चुनौतियों के लिए तैयार हूं।''

इस बीच, पूर्व दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज मोर्ने मोर्केल को छह महीने के अनुबंध के साथ टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। श्रीलंका दौरे के लिये टीम में चार स्पिनर, चार तेज गेंदबाज, छह विशेषज्ञ बल्लेबाज और दो विकेटकीपर-बल्लेबाज शामिल हैं।

मुख्य चयनकर्ता हारून राशिद ने टीम चयन पर कहा, ''श्रीलंका में परिस्थितियां काफी हद तक स्पिनरों के पक्ष में हैं। इसलिए हमारे पास तीन ऐसे गेंदबाज हैं जो अबरार अहमद की स्पिन के साथ जा सकते हैं। साथ ही, हम तेज गेंदबाजों की आवश्यकता को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं और इस तरह, हमने चार तेज गेंदबाजों को शामिल किया है, इसलिए कप्तान और टीम प्रबंधन के पास दौरे पर पर्याप्त संसाधन हैं। हमारे पास एक मजबूत बल्लेबाजी क्रम है, जिस पर मुझे विश्वास है।''

यह शृंखला 2023 से 2025 तक चलने वाले नये विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में पाकिस्तान का पहला अभियान होगा। टीम नौ जुलाई को श्रीलंका के लिये प्रस्थान करने से पहले तीन जुलाई को कराची में तैयारी शिविर के लिये एकत्रित होगी।

**पाकिस्तान टेस्ट टीम :** बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान (उप-कप्तान, विकेटकीपर), आमिर जमाल, अब्दुल्लाह शफीक, अबरार अहमद, हसन अली, इमाम-उल-हक, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद नवाज, नसीम शाह, नोमान अली, आगा सलमान, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), सऊद शकील, शाहीन शाह अफरीदी, शान मसूद।

## भारत, इंटरकॉन्टिनेंटल कप के बीच खड़ा लेबनान

भुवनेश्वर, 17 जून। हीरो इंटरकॉन्टिनेंटल कप खिताब हासिल करने के लक्ष्य के साथ भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम रविवार को यहां कलिंगा स्टेडियम पर फाइनल में लेबनान का सामना करेगी। भारत ने 2018 में मुंबई में केन्या को 2-0 से हराकर पहला टूर्नामेंट जीता था। भारतीय टीम हालांकि 2019 में अहमदाबाद में आयोजित पिछले संस्करण में अंतिम स्थान पर रही, जिसे डीपीआर कोरिया ने जीता था।

चार साल बाद आयोजित हो रहे टूर्नामेंट में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। विपक्षी टीमें अब तक भारत के खिलाफ एक भी गोल नहीं कर सकी हैं। अब खिताब से एक कदम दूर भारत को बस लेबनान की चुनौती को पार करना है।

यह जीत हालांकि भारत के लिये आसान नहीं होगी। फीफा रैंकिंग में भारत (101) और लेबनान (99) के बीच ज्यादा अंतर नहीं है। लीग चरण में मंगोलिया (2-0) और वानुअति (1-0) को हराने के बाद भारत ने लेबनान के साथ गोलरहित ड्रॉ भी खेला था, जो दिखाता है कि भारत के लिये फाइनल जीतना आसान नहीं होगा। कोच स्टिमैक ने पिछले मुकाबले पर कहा, ''यह एक अच्छी जीत हो सकती थी। ऐसा नहीं हुआ, लेकिन हमें इसी रास्ते पर जाने की जरूरत है।

## लंबी कूद में शैल की नजरें एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक पर

भुवनेश्वर, 17 जून। दिग्गज अंजू बॉबी जॉर्ज की उत्तराधिकारी के रूप में अपनी पहचान बना रही 19 साल की लंबी कूद खिलाड़ी शैली सिंह का लक्ष्य आगामी एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। यह उनकी शुरुआती करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। शैली ने हाल ही में जापान में प्रतिष्ठित सेइको गोल्डन ग्रां प्री में अपना पहला वैश्विक पदक (कांस्य) जीता था।

वह मौजूदा सत्र में सबसे लंबी कूद लगाने के मामले में एशिया की शीर्ष ( दुनिया में 17वां स्थान) स्थान पर है। उन्होंने अप्रैल में बेंगलुरु में इंडियन ग्रां प्री में 6.76 मीटर की छलांग लगायी थी। उनका यह प्रयास किसी भारतीय महिला का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह रिकॉर्ड 19 साल से उनकी गुरु अंजू बॉबी जॉर्ज (6.83 मीटर) के नाम है। शैली ने शनिवार को कहा, " मैं और मेरे कोच स्वर्ण (एशियाई खेलों में) की तैयारी कर रहे हैं। हम उसके लिए तैयार हैं। हम इसे हासिल करने और प्रदर्शन को उस स्तर तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।" वह रविवार को यहां अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप में अपनी स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगी। उन्होंने कहा, "उस जीत(जापान में) के बाद मैं पूरी तरह से ठीक नहीं थी। अब मैं स्वस्थ और फिट हूं।

मैंने इंडियन ग्रां प्री के साथ-साथ जापान में भी अच्छा प्रदर्शन किया है, इसलिए मुझे विश्वास है कि मैं हर जगह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी।" जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता ने 6.55 मीटर की छलांग लगाई थी, जबकि भारत की नीना वराकिल ने 6.51 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीता था। शैली अंजू के पति रॉबर्ट की देख रेख में प्रशिक्षण लेती है। वह बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में हाई परफार्मेंस कोच भी हैं।

उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली शैली का सामना राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप में वराकिल के साथ एंसी सोजन और नयना जेम्स जैसी अनुभवी खिलाड़ियों से होगा। उन्होंने कहा, " अनुभवी खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा आपको एक तरह से आत्मविश्वास देती है लेकिन साथ ही आपको परेशान भी करती है। यह मेरे लिए अच्छा रहेगा और मैं इसका लुत्फ उठाऊंगी।" शैली 12 से 16 जुलाई तक थाईलैंड में एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेंगी। वह हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाली विश्व चैंपियनशिप (19-27 अगस्त) के क्वालीफिकेशन की दौड़ में भी हैं। उन्होंने हालांकि विश्व चैंपियनशिप के लिए 6.85 मीटर का क्वालीफिकेशन स्तर को हासिल नहीं किया है।

## पारुल ने किया एशियाई खेलों के लिये क्वालीफाई

भुवनेश्वर, 17 जून। अंतरराष्ट्रीय ट्रैक एंड फील्ड एथलीट पारुल चौधरी ने शनिवार को राष्ट्रीय अंतरराज्यीय वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने पसंदीदा कार्यक्रम 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीतते हुए एशियाई खेलों के लिये क्वालीफाई कर लिया।

पारुल ने नौ मिनट 34.23 सेकंड में दौड़ पूरी करके मीट रिकॉर्ड स्थापित किया। इससे पहले अंतरराज्यीय चैंपियनशिप का रिकॉर्ड गुवाहाटी में 2018 में सुधा सिंह (नौ मिनट 39.59) ने बनाया था। मेरठ से आने वाली एथलीट ने इस जीत के साथ सितंबर में हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों में भी जगह बना ली है। पारुल ने इस उपलब्धि पर कहा, ''एशियाई खेलों के लिये क्वालीफाई करना अद्भुत है। मैंने इस आयोजन के लिये काफी अभ्यास किया था। खासकर पिछले महीने लॉस एंजिलस के आयोजन ने मुझे इसके लिये तैयारी करने में बहुत मदद की।''

उल्लेखनीय है कि पारुल ने पिछले महीने ड्रेक स्टेडियम में आयोजित लॉस एंजिलस ग्रां प्री के दौरान 3000 मीटर स्टीपलचेज श्रेणी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जब उन्होंने नौ मिनट 29.51 सेकंड में दौड़ पूरी की।

# 'भाजपा के दो नेताओं ने प्रोटैस्ट में पहलवानों की मदद की थी'

## साक्षी मलिक ने कहा कि, कुश्ती से जुड़े 90 फीसदी लोगों को पता था कि, कुश्ती संघ के अंदर ये सब चल रहा है, लेकिन बृजभूषण सिंह के दबदबे के कारण कोई आवाज उठाने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था

नई दिल्ली, 17 जून। रैसलिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यु.एफ.आई.) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन कर रहे पहलवानों में शामिल साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान का वीडियो सामने आया है। इन पहलवानों का कहना है कि वे आंदोलन से जुड़े विवादों पर अपना रुख साफ कर देना चाहते हैं।

सत्यव्रत ने कहा, हमने बार-बार यह बताया है कि हमारी लड़ाई सरकार के खिलाफ नहीं है। हमारी लड़ाई रैसलिंग फेडरेशन के प्रेसिडेंट के खिलाफ है, क्योंकि उसने जो भी शोषण किया है वो पद पर रहने के दौरान किया है। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई सरकार से वैसे भी नहीं हो सकती है, क्योंकि बृजभूषण शरण सिंह भी सत्ताधारी दल से है। साथ ही जिन लोगों ने प्रोटेस्ट की परमिशन ली, वो भी बीजेपी के ही लीडर हैं। इससे साफ हो जाता है कि हमारी लड़ाई सरकार के खिलाफ नहीं थी।

सत्यव्रत कादियान ने कहा, हमारे ऊपर आरोप लगा कि हमारा आंदोलन राजनीति से प्रेरित है। ऐसा कहा गया कि कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा ने हमें इसके लिए उकसाया है। यह सबको पता है कि हम जनवरी में पहली बार जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए आए थे। इस प्रदर्शन की परमिशन बीजेपी के ही दो नेताओं से ली थी। हमारे पास इसका सबूत भी है। ऐसे में यह कैसे हो सकता है कि प्रोटेस्ट कांग्रेस नेताओं ने कराया हो। इस दौरान साक्षी मलिक ने अपने मोबाइल फोन से एक कॉपी भी दिखाई।

- **साक्षी मलिक ने कहा, हमारे ऊपर दूसरा आरोप यह भी था कि, हम इतने समय तक चुप क्यों थे। इसके कई कारण हैं। सबसे पहली बात यह कि, एकता की कमी थी। दूसरा कारण रही वो नाबालिग लड़की, जिसने कई बार अपने बयान बदले क्योंकि उसके परिवार को डराया-धमकाया गया। ऐसे में कोई अकेले-अकेले आवाज कैसे उठाता।**

पहलवान कादियान ने कहा कि, कुश्ती से जुड़े 90 फीसदी लोगों को पता था कि फैडरेशन के अंदर ये सब चल रहा है। कुछ लोगों ने यह देखा भी था और मीडिया में इसका सबूत भी पेश किया गया। उन्होंने कहा, कई लोग इसके खिलाफ आवाज उठाना चाहते थे मगर रैसलिंग कम्युनिटी के बीच एकता की कमी थी। अगर किसी ने अकेले ही आवाज उठाने की कोशिश की तो यह बात फैडरेशन के प्रेसिडेंट तक पहुंच जाती थी। इसके बाद उस शख्स के करियर में दिक्कत आनी शुरू हो जाती थी।

साक्षी मलिक ने कहा, हमारे ऊपर दूसरा आरोप यह भी था कि हम इतने समय तक चुप क्यों थे। इसके कई कारण हैं। सबसे पहली बात यह कि, एकता की कमी थी।

दूसरा कारण रही वो नाबालिग लड़की, जिसने कई बार अपने बयान बदले क्योंकि उसके परिवार को डराया-धमकाया गया। ऐसे में कोई अकेले-अकेले आवाज कैसे उठाता।

उन्होंने कहा कि कुश्ती में आने वाले सभी खिलाड़ी बहुत गरीब परिवार से होते हैं। इन लोगों में हिम्मत नहीं होती कि इतने पावरफुल शख्स के खिलाफ आवाज उठा सकें। आपने यह महसूस किया होगा कि देश के टॉप रेसलर्स ने आवाज उठाई और उन्हें किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सत्यव्रत कादियान ने कहा कि, 28 तारीख को महिला पहलवानों के साथ जो व्यवहार हुआ, वो पूरे देश ने देखा है। कैसे उन्हें घसीटा गया और कैसे जबरदस्ती अरेस्ट किया गया। हमने कोई कानून नहीं तोड़ा था और न ही किसी कानून का उल्लंघन किया था।

इसके बावजूद पुलिस की ओर से हमारे साथ बर्बर व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा, हम यह भी साफ कर देना चाहते हैं कि 28 मई की जो महिला सम्मान महापंचायत थी वो हमारी ओर से नहीं बुलाई गई। यह हमारे खाप चौधरियों ने दी थी। हमें तो यह बाद में पता चला कि 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन भी है। हमने अपने बड़े-बुजुर्गों के आदेश का पालन किया।

## एडिशनल ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

और एडिशनल चीफ इंजीनियर महेश जांगिड़ पर शिकंजा कसा। कार्रवाई के बाद पी.एच.ई.डी. के अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। ए.सी.बी. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि, सूत्रों से जानकारी मिली थी कि, एडिशनल चीफ इंजीनियर महेश जांगिड़ कोटा से हर सप्ताह जयपुर जाते हैं। इसके पहले वे कोटा में चल रहे कार्यों की एवज में संवेदकों से कमीशन एकत्रित करते हैं जिसे गाड़ी में अपने साथ ही लेकर जाते हैं। इस सूचना के बाद शुक्रवार शाम को ए.सी.बी. की टीम को बूंदी रोड़ पर तैनात किया गया। पूरे मामले की जिम्मेदारी ए.सी.बी. के निरीक्षक अजीत बागडोलिया को सौंपी गई। ए.सी.बी. की टीम ने बड़गांव चौकी के बाहर उस गाड़ी को रुकवाया जिसमें एडिशनल चीफ इंजीनियर जांगिड़ सवार थे। यह वाहन पी.एच. ई.डी. के लिए अनुबंधित है। जांच करने पर महेश जांगिड़ के पास मौजूद बैग से 8 लाख 10 हजार रुपए मिले। इस बारे में जब महेश जांगिड़ से पूछताछ की गई तो वह संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाऐ। जिसके बाद राशि को जप्त कर लिया गया और महेश जांगिड़ से पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही जांगिड़ के आवासीय परिसरों पर भी ए.सी.बी. की टीम को भेजा गया है और तलाशी ली गई है। मूलतः महेश जांगिड़ नागौर जिले के लाडनूं निवासी है और बीते 2 साल से कोटा में पदस्थापित हैं, उनका जयपुर में भी निवास है।

## हर कुछ दिनों में...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उन्हें आतंकी कहा गया होता। मौर्य ने पूछा "अब हम इन साधुओं, महंतों तथा धार्मिक नेताओं को क्या कहें- आतंकी, बहुत बड़े दैत्य या जल्लाद?"

# यू.पी. में सीट बंटवारे में सपा का पूरा दबदबा चाहते हैं अखिलेश

## अखिलेश ने कहा कि, अगर बड़े राष्ट्रीय दलों ने हमें समर्थन दिया तो, यू.पी. की सभी 80 लोकसभा सीटों

लखनऊ, 17 जून। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि, भाजपा के नेतृत्व वाले एन.डी.ए. को हराने की ताकत "पी.डी.ए." के पास है।

लखनऊ में एक निजी चैनल के कार्यक्रम में अखिलेश ने कहा कि, अगर बड़े राष्ट्रीय दलों ने हमें समर्थन दिया तो उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा हार जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि उनका हमेशा से यह मानना रहा है कि किसी राज्य में कौन सा सहयोगी गठबंधन सबसे मजबूत है, इस पर विचार करते हुए सीटों का बंटवारा तय किया जाना चाहिए. वहीं विपक्षी एकता को लेकर अखिलेश ने कहा कि उनका एकमात्र नारा है, "अस्सी हराओ, भाजपा हटाओ।" 2017 के विधानसभा और 2019 के आम चुनाव में क्रमशः कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन के बारे में बात करते हुए अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा एक ईमानदार और मिलनसार गठबंधन सहयोगी रही है। उन्होंने कहा कि सपा जहां भी गठबंधन में रही है, आपने हमें सीटों के लिए लड़ने के बारे में नहीं सुना होगा। अखिलेश ने यू.पी. की भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह विकास करने में नाकाम रही है जबकि कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ी है। अखिलेश यादव इन दिनों उत्तर प्रदेश की राजनीति में नई राजनीतिक इबारत लिखने की कवायद में जुटे हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव में बीजेपी को सत्ता से हटाने के लिए नया फॉर्मूला दिया है। उन्होंने "पी.डी.ए." का जिक्र किया है. पी.डी.ए. यानी (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक)।

- **अखिलेश यादव यू.पी. में लोकसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट गये हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए उन्होंने नया, "पी.डी.ए." फॉर्मूला दिया। पी.डी.ए. यानी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक, उनका कहना है कि, ये तीनों साथ हो जायें तो यू.पी. की सभी अस्सी सीटों पर भाजपा हार जायेगी।**

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव अब आदिवासी वोट बैंक साधने की जुगत में लगे हुए हैं। वह 24 जून को मध्य प्रदेश सीमा में आने वाले चित्रकूट दौरे पर हैं, जहां वह एक तीर से दो निशाने साधने के साथ आदिवासी समाज को एम.पी. चुनाव और लोक सभा चुनाव दोनो में ही अपनी तरफ करने के प्रयास में हैं। देश में मुस्लिमों की आबादी 16.51 फीसदी है तो यू.पी. में करीब 20 फीसदी मुसलमान यानी 3.84 करोड़ है। पूर्वांचल कुछ हिस्सों में मुसलमान हैं तो पश्चिमी यू.पी. में मुसलमानों की बड़ी तादाद है। पश्चिमी यू.पी. में 26.21 फीसदी आबादी मुसलमानों की है। सूबे के 7 जिलों में मुसलमानों की आबादी 40 फीसदी से ज्यादा है, इन्हीं सात जिलों में से छह जगह पर मुस्लिम सांसद 2019 में चुने गए थे। 2022 के चुनाव में बीजेपी को इन्हीं जिलों में सपा से सियासी मात खानी पड़ी है।

# वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा की सामान्य ज्ञान परीक्षा निरस्त

अजमेर, 17 जून (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) परीक्षा-2022 के अन्तर्गत ग्रुप-ए तथा ग्रुप-बी सामान्य ज्ञान विषय की परीक्षाओं को निरस्त कर दिया गया है।

संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि आयोग द्वारा प्रकरण संख्या 227/2022 के तहत एस.ओ.जी. (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) से प्राप्त रिपोर्ट पर विचार विमर्श के बाद 21 दिसंबर 2022 को आयोजित सामान्य ज्ञान ग्रुप-ए तथा 22 दिसंबर 2022 को आयोजित सामान्य ज्ञान ग्रुप-बी की परीक्षाओं को निरस्त करने का निर्णय लिया है।

- **यह पेपर आर.पी.एस.सी. सदस्य बाबू लाल कटारा ने आउट करवाया था। अब यह परीक्षा 30 जुलाई को होगी।**

इन परीक्षाओं का पेपर आर.पी.एस.सी. सदस्य बाबूलाल कटारा ने लीक किया था, जिन्हे व अन्य आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

अब 30 जुलाई 2023 को सुबह सत्र में ग्रुप-ए तथा सायं सत्र में ग्रुप-बी के सामान्य ज्ञान विषय की परीक्षाओं का पुनः आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम यथा समय घोषित कर दिया जाएगा।

# 'सुभाष चंद्र बोस जिंदा होते तो भारत का बंटवारा कभी नहीं हुआ होता'

- **अजीत डोभाल ने सुभाष चंद्र बोस का नाम लेकर भारत के विभाजन पर यह विवादित टिप्पणी की।**
- **अजीत डोभाल ने कहा है कि, नेताजी ने अपने जीवन के विभिन्न चरणों में दुस्साहस दिखाया और गांधी को चुनौती देने का दुस्साहस किया। उन्होंने कहा, लेकिन गांधी अपने राजनीतिक करियर के शीर्ष पर थे। फिर बोस ने इस्तीफा दे दिया और जब वह कांग्रेस से बाहर आए तो उन्होंने नए सिरे से अपना संघर्ष शुरू किया।**

नई दिल्ली, 17 जून। नैशनल सिक्यूरिटी एडवाइजर अजीत डोभाल ने कहा है कि, अगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस जिंदा होते तो भारत का बंटवारा नहीं हुआ होता। डोभाल ने शनिवार को एसोचैम द्वारा आयोजित पहले नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए यह बात कही। डोभाल ने अपने व्याख्यान में कहा कि नेताजी ने अपने जीवन के विभिन्न चरणों में दुस्साहस दिखाया और गांधी को चुनौती देने का दुस्साहस किया। उन्होंने कहा, लेकिन गांधी अपने राजनीतिक कॅरियर के शीर्ष पर थे। फिर बोस ने इस्तीफा दे दिया और जब वह कांग्रेस से बाहर आए तो उन्होंने नए सिरे से अपना संघर्ष शुरू किया। डोभाल ने कहा कि मैं अच्छा या बुरा नहीं कह रहा हूं, लेकिन भारतीय इतिहास और विश्व इतिहास में ऐसे लोगों की तुलना बहुत कम है, जिन्होंने वर्तमान के खिलाफ आगे बढ़ने का दुस्साहस किया था, न कि आसान धारा के खिलाफ। उन्होंने कहा कि नेताजी अकेले व्यक्ति थे, जापान के अलावा उनका समर्थन कोई देश नहीं था। अजीत डोभाल ने कहा कि उनके दिमाग में विचार आया कि मैं अंग्रेजों से लड़ूंगा, मैं आजादी के लिए भीख नहीं मांगूंगा। यह मेरा अधिकार है और मुझे इसे हासिल करना होगा। सुभाष बोस के रहते भारत का बंटवारा नहीं होता। जिन्ना ने कहा था कि मैं केवल एक नेता को स्वीकार कर सकता हूं और वह सुभाष बोस हैं। उन्होंने कहा कि एक सवाल अक्सर दिमाग में आता है कि जीवन में हमारे प्रयास मायने रखते हैं या परिणाम। कोई भी सुभाष चंद्र बोस पर महान प्रयासों पर संदेह नहीं कर सकता है, गांधी भी उनके प्रशंसक थे। लेकिन लोग अक्सर आपको उन परिणामों से आंकते हैं, जो आपके काम से आए हैं। तो क्या सुभाष बोस की कोशिश बेकार हो गई? डोभाल ने कहा कि बोस का संयुक्त भारत का नजरिया उनके प्रसिद्ध नारे कदम कदम बढ़ाए जा में समाहित है। उन्होंने कहा कि बोस ने लोगों को अपने देश के लिए लड़ने, स्वतंत्रता पाने के लिए एकजुट होने की प्रेरणा दी। एन.एस.ए. ने कहा कि बोस एक धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति थे और वह अत्यधिक धार्मिक थे। डोभाल ने कहा कि जब 1928 में लोगों में बात होने लगी कि आजादी के लिए कौन लड़ेगा, तो बोस आगे आए। वह बोले कि लोगों की राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मानसिकता बदलने की जरूरत है। उन्हें स्वतंत्र पक्षियों की तरह महसूस करने की जरूरत है। एन.एस.ए. ने कहा कि उनकी मौत के बाद भी मुझे नहीं पता कि कब-हम राष्ट्रवाद के विचारों से डरते हैं, जो विचार उन्होंने पैदा किए और कई भारतीय उस रास्ते पर चले गए होंगे।

# यू.एन. मुख्यालय में 180 देशों के लोगों को योग करायेंगे मोदी

नई दिल्ली, 17 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में 21 जून को होने वाले योग दिवस समारोह में 180 से अधिक देशों के लोग भाग लेंगे। भाग लेने वालों में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे। इनमें, राजनयिक, कलाकार, शिक्षाविद और उद्यमी शामिल होंगे। हर साल 21 जून तो अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग के लाभ को देखते हुए दिसंबर, 2014 में यूनाइटेड नेशंस (यू.एन.) ने 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस का लक्ष्य योगाभ्यास के अनेक लाभ के बारे में दुनियाभर में जागरुकता फैलाना है। प्रधानमंत्री 21 जून को नौवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां पहली बार संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग सत्र का नेतृत्व करेंगे। कार्यक्रम को लेकर जारी एक परामर्श में कहा गया है, "नौवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि आपको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग सत्र में हिस्सा लेने के लिए सादर आमंत्रित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने नौ साल पहले पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के वार्षिक आयोजन का प्रस्ताव रखा था, उसके बाद यह पहली बार होगा जब वह संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग सत्र का नेतृत्व करेंगे, यह एक ऐतिहासिक दिन होगा। योग सत्र 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के 'नॉर्थ लॉन' में सुबह आठ बजे से नौ बजे तक होगा, जहां महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा स्थापित है।

- **प्र.मंत्री मोदी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर पहली बार यू.एन.में योग सत्र का नेतृत्व करेंगे।**

# 'कांग्रेस मुक्त भारत की नई रणनीति काफी रोचक लगती है'

## 'आप कहते हैं दिल्ली और पंजाब छोड़ दो, अखिलेश यादव कहते हैं यू.पी. छोड़ दो, ममता बनर्जी कहती हैं बंगाल छोड़ दो, के.सी.आर. चाहते हैं कि तेलंगाना छोड़ दो, जगन रेड्डी चाहते हैं आंध्रा छोड़ दो, स्टालिन कहते हैं तमिलनाडु छोड़ दो, किसी दिन शरद पवार कहेंगे कि महाराष्ट्र भी छोड़ दो'

- **कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने विपक्षी एकता की कवायद पर यह कटाक्ष किया।**
- **अपने इस ट्वीट में आचार्य प्रमोद ने सभी प्रमुख नेताओं को टैग किया है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पार्टी को भी टैग किया है।**

नई दिल्ली, 17 जून। विपक्षी एकता के संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कुछ ऐसा ट्वीट किया जो देखते ही देखते वायरल हो गया है।

अपने इस ट्वीट में प्रमोद कृष्णम ने विपक्षी एकता को लेकर विभिन्न दलों द्वारा लगाई जा रही शर्तों का जिक्र किया है। साथ ही यह भी लिखा है कि यह विपक्षी एकता है या कांग्रेस मुक्त भारत का नूतन स्वरूप।

गौरतलब है कि विपक्षी एकता को लेकर कांग्रेस और अन्य दलों के नेता जोर-शोर से लगे हुए हैं। नीतीश कुमार तो विपक्ष की बैठक को लेकर तारीख पर तारीख का ऐलान किए जा रहे हैं। वहीं, कई दल ऐसे हैं जो विपक्षी एकता का हिस्सा तो बनना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने अपनी शर्तें लाद रखी हैं। प्रमोद कृष्णम ने लिखा है कि 'आप' कहते हैं दिल्ली और पंजाब छोड़ दो, अखिलेश यादव कहते हैं यू.पी. छोड़ दो, ममता बनर्जी कहती हैं बंगाल छोड़ दो, के.सी.आर. चाहते हैं कि तेलंगाना छोड़ दो, जगन रेड्डी चाहते हैं आंध्रा छोड़ दो, स्टालिन कहते हैं तमिलनाडु छोड़ दो, किसी दिन शरद पवार कहेंगे कि महाराष्ट्र भी छोड़ दो। इसके आगे प्रमोद कृष्णम ने लिखा है कि ये विपक्षी एकता है या कांग्रेस मुक्त भारत का नूतन स्वरूप। अपने इस ट्वीट में आचार्य प्रमोद ने सभी प्रमुख नेताओं को टैग किया है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पार्टी को भी टैग किया है। गौरतलब है कि विपक्षी एकता को लेकर कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है। इसको लेकर नीतीश कुमार ने 23 जून को विपक्ष की बैठक बुलाई है। इसको लेकर ममता बनर्जी के सुर भी लगातार बदल रहे हैं। पहले तो ममता ने कांग्रेस के साथ आने से मना कर दिया था। बाद में वह इस शर्त पर सहमत हुई कि जिन राज्यों में जो पार्टियां मजबूत हैं, कांग्रेस वहां उन पार्टियों को सपोर्ट करे। वहीं, कल ममता ने कहा कि वह कांग्रेस को एक ही शर्त पर समर्थन देंगी, जब वह सी.पी.एम. से समर्थन वापस लेगी। कुछ ऐसा ही हाल अलग-अलग राज्यों में है, जहां विभिन्न दल कांग्रेस को जमकर साध रहे हैं।

## तमिलनाडू में बदले की ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

किया जिसने उन्हें एक जुलाई तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

भाजपा नेता की गिरफ्तारी पर सवाल उठाते हुए राजनैतिक विश्लेषक सुमंत सी. रमन ने कहा कि एक ट्वीट के लिए गिरफ्तार करना निदंनीय है मेरे विचार से उस ट्वीट में ऐसा कुछ नहीं जिसके आधार पर गिरफ्तारी को जायज ठहराया जा सके। जो लोग अभिव्यक्ति को स्वतंत्रता पर बड़ी-बड़ी बाते करते है वे खुद इसका गला घोंट रहे हैं।

गिरफ्तारी की निंदा करते हुए तमिलनाडू भाजपा के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा कि भाजपा के राज्य सचिव एस.जी. सूर्या की गिरफ्तारी निदंनीय है। उनकी एकमात्र गलती द्रमुक के सहयोगियों, वामपंथियों के घटिया दोहरे मानदंड़ों को उजागर करना थीं। अन्नामलाई ने आरोप लगाया कि राज्य में लोकतंत्र नहीं बचा है। मुख्यमंत्री सरकारी तंत्र के जरिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोट रहे है। अन्नामलाई ने कहा कि "मामूली आलोचना में भी गुस्सा हो जाना लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित नेता को शोभा नहीं देता। बेशक यह निरंकुश होने की निशानी है।"

एक अन्य भाजपा नेता ने कहा इससे भले ही कुछ ना हो पर सूर्या लोकप्रिय बन रह हैं। इस गिरफ्तारी से भाजपा का भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान नहीं रुकेगा। अन्नामलाई ने कहा ये गिरफ्तारियां हमें नहीं रोक पाएंगी। हम कड़वा सच बोलते रहेंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सी.टी. रवि ने तमिलनाडु में चल रही बदले की राजनीति की निंदा की व कहा कि तमिलनाडू में उनके सहयोगी को राजनैतिक बयान के लिए गिरफ्तार किया गया है। मुझे यकीन है उन्हें अदालत से न्याय मिलेगा।

## सी.डब्ल्यु.सी. में नियुक्ति के लिये...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बनने की जबरदस्त कोशिश कर रहे हैं। खड़गे के पास इस समय दो पद हैं, जबकि उदयपुर चिंतन शिविर घोषणा में "एक व्यक्ति, एक पद" की नीति पर जोर दिया गया था।

ए.आई.सी.सी. महासचिव तथा कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने, कर्नाटक चुनाव का मुख्य रणनीतिकार होने के नाते, स्वयं को कर्नाटक-विजय का शिल्पी घोषित कर रखा है।

अब वे के.सी. वेणुगोपाल के स्थान पर ए.आई.सी.सी. महासचिव के रूप में संगठन प्रभारी बनना चाहते हैं। वे बाकायदा पार्टी में दूसरे नम्बर का पद पाने के लिए प्रियंका गांधी तथा मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ जबरदस्त लॉबीइंग करने की कोशिश कर रहे हैं।

लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि राहुल गांधी ने खड़गे के समक्ष यह बात साफ-साफ रख दी है कि वेणुगोपाल नहीं बदले जाने हैं।

उत्तर प्रदेश लॉबी प्रियंका एवं वेणुगोपाल को पार्टी उपाध्यक्ष बनवाने की कोशिश में है लेकिन इन पदों के दावेदार के रूप में कुछ अन्य नेता भी हैं।

राहुल गांधी गुजरात से बाबरिया के रूप में समाजवादी विचारधारा वाले व्यक्ति को नियुक्त कराने के पक्ष मे हैं। पुराने सोशलिस्ट मोहन प्रकाश भी किसी लाभदायक पद पाने वालों की कतार में है।

अजय माकन भी राहुल गांधी के ऐसे ही एक अन्य प्रिय नेता हैं, जो शक्ति सिंह गोहिल को दिल्ली से हटाकर वापस गुजरात भेजने में सहायक रहे थे। वे भी किसी महत्वपूर्ण पद नियुक्ति के इच्छुक लोगों की कतार में हैं। लोकसभा चुनावों के प्रबंधन के लिये एक केन्द्रीय चुनाव समिति भी गठित होनी है। माकन की नजर उस कमेटी के अध्यक्ष पद पर जमी है।

राहुल के दफ्तर में कार्यरत उनके दो प्रमुख सहायक वीजू तथा अलंकार भी विभिन्न नेताओं के लिये जोर लगा रहे हैं तथा नियुक्तियों एवं नियुक्तियों की आशाओं पर पानी फेरने के मामले में मुख्य भूमिका अदा कर रह हैं।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा, "राहुल जो प्रस्तावित करते हैं, खड़गे विनम्रतापूर्वक उससे इनकार कर देते हैं तथा खड़गे के प्रस्तावों के साथ राहुल का रवैया भी यही रहता है।"

लेकिन तजुर्बा बताता है कि अधिकांशतः तो वही होगा, जो राहुल चाहेंगे क्योंकि पर्दे के पीछे से पार्टी की लगाम उन्हीं के हाथ में है।

राहुल अगले सप्ताह स्वदेश लौटेंगे और तभी असली चर्चाएं होंगी क्योंकि खड़गे चाहते हैं कि टीम, 24 एकजुट होकर काम करें।

## बंगाल में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सरकार और राज्य चुनाव आयोग का यह कदम सुनियोजित था और इसलिए उन्होंने भी हाई कोर्ट के आदेश के तुरंत बाद सर्वोच्च न्यायालय में कैवीएट दायर किया था।

पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि, शायद गुरुवार को राज्य चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा ने कहा था कि, चूँकि मुख्यमंत्री कार्यालय से उनके पास कोई स्पष्ट निर्देश नहीं आए हैं इसलिए वो हाई कोर्ट के आदेश का पालन करेंगे। चौधरी ने कहा कि, अब जबकि आदेश आ गए हैं तो (राजीव सिन्हा) पलट गए हैं। हाई कोर्ट ने विपक्ष के तर्कों को स्वीकार कर लिया है, और इसलिए राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट की शरण में गई है, राज्य में सशस्त्र बलों की तैनाती रुकवाने के लिए।

## पटना सम्मेलन में आपसी-तू-तू मैं-मैं पर ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लड़ाई तथा ऐसे ही अन्य मुद्दे, जिन पर आर.एस.एस.-संचालित भाजपा का सामना किया जा सके।

ऐसी भी संभावना है कि नेतागण इस बात पर भी विचार-विमर्श करेंगे कि विपक्षी एकता को राष्ट्र स्तर से लेकर राज्य स्तर तक कैसे ले जाया जाये तथा भाजपा विरोधी वोटों का एकत्रीकरण कैसे किया जाये। एक वरिष्ठ नेता ने कहा, "अंततः, एकता का जो भी स्वरूप होगा, हमें उससे राज्य स्तर पर भी काम लेना है तथा इसके लिये पूरी रूपरेखा तैयार करनी होगी।"

जहां दलों के एक वर्ग ने छोटी-मोटी कमेटियां गठित करने की बात चलाई है, वहीं कुछ नेताओं ने ऐसी किसी भी कोशिश पर आपित्त की है क्योंकि ऐसा करने से, इस प्रकार के पेनलों में सीटों के प्रतिस्पर्द्धी दावे होंगे तथा इस प्रकार ऐसा करना नुकसानदायक रहेगा। मीटिंग में उपस्थित होने वाले उल्लेखनीय नेताओं में शामिल हैं-कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा राहुल गांधी एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार, तमिलनाडू, पश्चिम बंगाल, झारखंड तथा दिल्ली के मुख्यमंत्रीगण-एम.के. स्टालिन, ममता बनर्जी, हेमन्त सोरेन तथा अरविन्द केजरीवाल, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, सी.पी.एम. तथा सी.पी.आई. के महासचिव सीताराम येचुरी तथा डी.राजा, राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू यादव भी मीटिंग में शामिल होंगे। इस बीच, अखिलेश यादव ने आज कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ भाजपा को हराने का उनका फॉर्मूला है-"पी.डी.ए."। उन्होंने लखनऊ की एन.डी.टी.वी. कॉन्क्लेव में कहा कि "पी.डी.ए." अर्थात पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक मिलकर एन.डी.ए. को हरा देंगे। अगले वर्ष होने वाले आम चुनावों के लिये विपक्ष के संगठित मोर्चे को लेकर उनकी पार्टी के विचार से संबंधित सीधे प्रश्नों का गोल-मोल जवाब देते हुये उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिये उनका एकमात्र नारा है-"80 को हराओ, भाजपा को हटाओ"। अखिलेश यादव ने कहा कि अगर बड़ी राष्ट्रीय पार्टियां हमें सहयोग दें, तो भाजपा सभी 80 सीटों पर हार जायेगी। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि उनका हमेशा ही यह मानना रहा है कि सीटों के बंटवारे में यह बात हमेशा ध्यान में रहनी चाहिए कि किस राज्य में गठबंधन को कौनसा पार्टनर सबसे ज्यादा मजबूत है। अपने पत्ते न खोलते हुये, यादव ने कांग्रेस तथा मायावती की बसपा के साथ राज्य तथा राष्ट्रीय चुनावों में अपनी पार्टी के पूर्ववर्ती गठबंधनों का जिक्र किया तथा कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव ही एक ईमानदार समायोजन करने वाली गठबंधन पार्टनर रही है।

## 'मणिपुर में...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अर्थव्यवस्था चौपट है, बरसात का मौसम आ गया है और लोग राहत शिविरों में त्रस्त है, मुर्दाघरों के शव पड़े हैं। केन्द्रीय नेतृत्व को तय करना है कि राष्ट्रपति शासन लगे या नहीं पर हम राज्य में जल्द से जल्द शांति चाहते हैं। इसके अलावा दस पार्टियों का एक प्रतिनिधि मंडल भी दिल्ली में है ओर मोदी व राष्ट्रपति से मिलना चाहता है। मणिपुर के 6 छात्र संगठनों ने मणिपुर के 50 विधायकों, जिसमें दस नगर विधायक शामिल हैं, से कहा है कि वे दिल्ली जाएं और कुकी उग्रवादियों के खिलाफ आवाज उठाएं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908